दैनिक
# नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 6 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 24 फरवरी 2026 | शुक्ल पक्ष-सप्तमी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 18 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नए भवन में विधानसभा सत्र : राज्यपाल रमेन डेका ने किया संबोधित, कवासी लखमा ने भाजपा नेताओं को गले लगाया, आज पेश होगा बजट

# राज्यपाल का अभिभाषण, विकसित छत्तीसगढ़ विजन

### ओपी चौधरी ने पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट, कार्यवाही कल तक स्थगित

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र की शुरुआत हो चुकी है। पहले दिन सदन में राज्यपाल का अभिभाषण हुआ, जिसमें उन्होंने अपनी सरकार के विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। नए भवन में नई परंपरा के साथ राष्ट्रगीत वंदेमारत के सभी पदों का गायन हुआ। दसके बाद राज्यपाल का अभिभाषण शुरू हुआ। अपने अभिभाषण की शुरुआत में राज्यपाल रमेन डेका ने राज्य स्थापना दिवस की यात्रा को याद करते हुए प्रदेशवासियों को रजत जयंती वर्ष की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि 25 वर्षों की उपलब्धियां प्रदेश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रही हैं। उनके मुताबिक रायपुर में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनेगा और पिछले दो सालों में 532 नक्सली न्यूट्रलाइज्ड किए जा चुके हैं। बजट सत्र में शामिल हुए कवासी लखमा सदन में पहुंचते ही सत्तापक्ष और विपक्ष के सभी विधायकों से मिले। लंबे समय तक जेल में रहने के बाद सदन पहुंचे पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने भाजपा नेताओं से गले मिलकर मुलाकात की। उन्होंने अजय चंद्राकर, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

#### राज्यपाल ने की नए भवन की सराहना

राज्यपाल ने नए विधानसभा भवन को आधुनिकता, गरिमा और लोकतांत्रिक परंपराओं का प्रतीक बताते हुए इसकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि, यह भवन आने वाले दशकों में छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा का साक्षी बनेगा।

#### विकसित छत्तीसगढ़ की ओर सफर शुरू

अभिभाषण में राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने विकसित राज्य बनने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, 'हम 2047 तक विकसित राज्य का सपना पूरा करेंगे।' इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में विकास की असीम संभावनाएँ हैं।

#### समावेशी विकास पर सरकार का फोकस

राज्यपाल ने कहा कि सरकार का ध्यान ऐसा छत्तीसगढ़ बनाने पर है जहाँ विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। सामाजिक, आर्थिक और ग्रामीण क्षेत्रों में संतुलित विकास को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि प्रदेश हर क्षेत्र में मजबूत बन सके।

#### कृषि और किसानों के लिए बड़े कदम

राज्यपाल ने बताया कि सरकार ने 25 लाख से अधिक किसानों से धान खरीदी की है और उन्हें 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है। इसके साथ ही कृषक उन्नति योजना के तहत होली से पूर्व 10 हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में दिए जाएंगे। किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने की दिशा में 2 वर्षों में 21 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरित किए गए हैं। राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि किसानों की आय के साथ मिट्टी की गुणवत्ता भी मजबूत हो।

#### सिंचाई परियोजनाएं विकसित छत्तीसगढ़ की रीढ़

राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कृषि विकास का आधार सिंचाई परियोजनाएँ हैं। उन्होंने बताया कि 'राज्य में 30 लाख 76 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है।' इससे कृषि उत्पादन में वृद्धि हो रही है और किसान अधिक आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

### वित्त मंत्री चौधरी ने पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण

वित्तमंत्री ओ. पी. चौधरी ने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की। बजट, वित्तीय वर्ष 2026-27 का, कल यानी 24 फरवरी को पेश किया जाएगा। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

#### सर्वेक्षण में राज्य की वृद्धि को तीन प्रमुख क्षेत्रों में बांटा गया है

- कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र (कृषि, पशुपालन, वानिकी, मत्स्य): 7.49% वृद्धि
- उद्योग क्षेत्र (खनन, निर्माण, विनिर्माण, बिजली, गैस, जल आपूर्ति): 7.21% वृद्धि
- सेवा क्षेत्र: 9.11% वृद्धि
- चालू कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय इस वित्तीय वर्ष में 1,79,244 रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष 1,62,848 रुपये थी।

इसका मतलब है कि प्रति व्यक्ति आय में 10.07 प्रतिशत बढ़ोतरी होगी।

#### जिलों में नालंदा लाइब्रेरी, रिंग रोड बनेगी

सत्र से पहले स्पीकर रमन सिंह की अध्यक्षता में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक विधानसभा के समिति कक्ष में हुई। बैठक में सीएम साय, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत डिप्टी सीएम अरुण साव समेत मंत्री और समिति के सदस्य मौजूद रहे। इस बार का बजट गुड गवर्नेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और उद्योग पर केंद्रित रहेगा, साथ ही युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए खास योजनाएं लाई जाएंगी। जिलों में नालंदा लाइब्रेरी, शहरों में स्टेडियम और रिंग रोड बनाए जाएंगे।

#### प्रति व्यक्ति आय 1,79,244 रुपए पहुंचने का अनुमान

वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया है। आर्थिक सर्वेक्षण से पता चलता है कि राज्य की अर्थव्यवस्था 8 प्रतिशत से अधिक की रफ्तार से बढ़ सकती है। स्थिर कीमतों (आधार वर्ष 2011-12) पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 8.11 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। वहीं, प्रति व्यक्ति आय 1,79,244 रुपये तक पहुंचने की संभावना है। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट सोमवार को विधानसभा में योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के मंत्री ओ. पी. चौधरी ने पेश की। रिपोर्ट के अनुसार, 2025-26 में राज्य की GSDP स्थिर कीमतों पर बढ़कर 3,58,293 करोड़ रुपये और चालू कीमतों पर 6,31,291 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। चालू कीमतों पर वृद्धि दर 11.57 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## आर्थिक सर्वेक्षण राज्य के मजबूत और संतुलित अर्थव्यवस्था का प्रमाण : साय

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 को राज्य की मजबूत और संतुलित अर्थव्यवस्था का प्रमाण बताया है। समृद्ध किसान, मजबूत उद्योग और विस्तृत सेवा क्षेत्र को विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव करार दिया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए एक के बाद एक छह पोस्ट में कहा कि वर्ष 2025-26 में प्रदेश का जीएसडीपी प्रचलित भावों पर बढ़कर 6,31,291 करोड़ अनुमानित है, जिसकी वृद्धि दर 11.57% है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में 12.53%, उद्योग में 10.26% और सेवा क्षेत्र में 13.15% वृद्धि का अनुमान यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ आज किसानों की समृद्धि और औद्योगिक मजबूती के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

हमारे लिए गर्व का विषय है कि आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में 12.53% वृद्धि अनुमानित है। कृषि क्षेत्र में मजबूत विकास दर दर्ज हुई है, जो किसानों की मेहनत और हमारी किसान-हितैषी नीतियों का परिणाम है. समृद्ध किसान ही विकसित छत्तीसगढ़ की नींव है. छत्तीसगढ़ आज देश की औद्योगिक ताकत के रूप में तेजी से उभर रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार उद्योग क्षेत्र में 10.26% वृद्धि अनुमानित है और राज्य की अर्थव्यवस्था में उद्योग का योगदान लगभग 49% है – जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है. निवेश, रोजगार और अधोसंरचना विकास के नए अवसर लगातार बढ़ रहे हैं. सेवा क्षेत्र छत्तीसगढ़ की नई अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बन रहा है. आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार सेवा क्षेत्र में 13.15% वृद्धि अनुमानित है. शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और डिजिटल सेवाओं में विस्तार से नए अवसर पैदा हो रहे हैं.

छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 दर्शाता है कि प्रदेशवासियों की आय लगातार बढ़ रही है. वर्ष 2025-26 में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर लगभग 1.79 लाख अनुमानित है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 10.07 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है. यह हमारी विकासोन्मुख नीतियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### आज बेबाक

डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ बम की अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने हवा निकालकर हड़कंप मचा दिया है। फिर भी डोनाल्ड ट्रंप बाज नहीं आ रहे हैं। कहते हैं न कि चोर चोरी से जा सकता है लेकिन हेराफेरी से बाज नहीं आ सकता। अब ट्रंप टैरिफ को बतौर हथियार इस्तेमाल करने का नया रास्ता ढूंढ रहे हैं। वैसे भी वे खुद को सर्व शक्तिमान समझने का मुगालता पाले बैठे हैं। उनके सामने सुप्रीम कोर्ट आखिर किस खेत की मूली है? ऐसा लगता है कि शांति का नोबेल पुरस्कार न मिलने से क्षुब्ध ट्रंप दुनिया का सबसे बड़ा डान बनकर ही दम लेंगे।

### नेपाल-बस हाईवे से नदी में गिरी, 18 की मौत, 25 घायल

**काठमांडू/एजेंसी।** नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार देर रात एक बस हाईवे से नदी में गिर गई। नेपाली मीडिया के मुताबिक हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला विदेशी नागरिक शामिल हैं। हालांकि, यह किस देश से थे और इनके नाम अभी सामने नहीं आए हैं। आर्म्ड पुलिस फोर्स के मुताबिक, अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं। बाद में एक अन्य यात्री की मौत की पुष्टि हुई, जिससे मृतकों का आंकड़ा 18 हो गया। हादसे में घायल लोगों को रेस्क्यू कर अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अब तक मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है।

## पूर्व आईएएस टुटेजा गिरफ्तार कोर्ट ने 26 तक रिमांड पर भेजा

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन घोटाला मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को उन्हें विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उन्हें 26 फरवरी तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर सौंप दिया है।

जांच एजेंसी के अनुसार, डिजिटल साक्ष्यों, जब्त दस्तावेजों और गवाहों के बयानों के आधार पर टुटेजा के खिलाफ पुख्ता सबूत मिले हैं। जांच में यह बात सामने आई है कि अनिल टुटेजा ने डीएमएफ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

#### अदालत की कार्रवाई

गिरफ्तारी के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच टुटेजा को विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जांच एजेंसी ने विस्तृत पूछताछ और घोटाले से जुड़े अन्य कड़ियों को जोड़ने के लिए रिमांड की मांग की थी, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने उन्हें तीन दिनों की पुलिस रिमांड में भेज दिया।

### अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार सस्पेंड

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** बिलासपुर के अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में खरीदी पर भ्रष्टाचार के आरोपों पर राज्य सरकार ने पूर्व रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे को सस्पेंड कर दिया है। यूनिवर्सिटी के तत्कालीन रजिस्ट्रार पर आर्थिक गड़बड़ी करने का आरोप है। उच्च शिक्षा विभाग की जांच में विश्वविद्यालय को आवंटित की गई राशि में गड़बड़ी, जैम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय किए जाने में आर्थिक अनियमितता में संलिप्तता प्रथम दृष्टया पाई गई है। जांच में रजिस्ट्रार दुबे पर छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 के संशोधित 2025 के नियमों का पालन नहीं किया गया है। उनका ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## 'जो भी साधन मिले, तुरंत देश छोड़ो', ईरान-अमेरिका के बीच छिड़ने वाली है जंग? भारत ने जारी की एडवाइजरी

**■ अमेरिका के साथ जारी तनाव के बीच ईरान में भारतीय दूतावास ने भारतीयों के लिए जारी की एडवाइजरी**

**दिल्ली/एजेंसी।** ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत सरकार ने अपने नागरिकों के लिए सख्त चेतावनी जारी की है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार 23 फरवरी को एक नई एडवायजरी जारी करते हुए ईरान में मौजूद सभी भारतीयों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा है कि जो भी साधन उपलब्ध हो, उसका उपयोग कर भारतीय नागरिक जल्द से जल्द ईरान से बाहर निकल जाएं।

#### ईरान के भीतर भी आंतरिक अशांति

बाहरी सैन्य खतरे के साथ-साथ ईरान अपने देश के भीतर भी गंभीर नागरिक अशांति का सामना कर रहा है। तेहरान और अन्य प्रमुख शहरों के विश्वविद्यालयों में छात्र सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे हैं। पिछले महीने हुए बड़े विरोध प्रदर्शनों पर सरकार की घातक कार्रवाई के बाद लोगों में गुस्सा और बढ़ गया है। कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पें हो रही हैं। इसी दोहरे संकट को देखते हुए भारत सरकार ने अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर (+989128109115, +989128109109) भी जारी किए हैं।

### गरमा-गरम

राज्यसभा चुनाव : कांग्रेस-भाजपा को एक-एक सीट मिलना तय, प्रत्याशी चयन दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण

## कांग्रेस-भाजपा में मंथन तेज, दावेदारों की दिल्ली में लॉबिंग

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ की दो रिक्त सीटों पर होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की राजनीति गर्म हो गई है। 16 मार्च को प्रस्तावित मतदान से पहले कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों में प्रत्याशी चयन को लेकर गहन मंथन चल रहा है। विधानसभा में मौजूदा संख्या बल के आधार पर दोनों दलों को एक-एक सीट मिलना लगभग तय माना जा रहा है, लेकिन प्रत्याशी चयन दोनों के लिए चुनौती बना हुआ है।

बताया जा रहा है कि दोनों दल आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों का आकलन कर रहे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

#### कांग्रेस में कई दिग्गजों के नाम की चर्चा

छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद केटीएस तुलसी और फूलोदेवी नेताम का कार्यकाल पूरा हो रहा है। ऐसे में कांग्रेस के सामने यह सवाल है कि क्या फूलोदेवी की जगह फिर किसी आदिवासी चेहरे को मौका दिया जाएगा या ओबीसी वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। आदिवासी वर्ग से पूर्व मंत्री मोहन मरकाम और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के नाम चर्चा में हैं। वहीं पार्टी के भीतर एक वर्ग आक्रामक तेवर वाले नेता को राज्यसभा भेजने के पक्ष में है, ताकि केंद्र और राज्य सरकार को मजबूती से घेरा जा सके। इस मानदंड पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।

#### भाजपा में नए चेहरे पर सस्पेंस

भाजपा में भी प्रत्याशी चयन को लेकर गहमागहमी है। सूत्रों के मुताबिक पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। ओबीसी वर्ग के प्रभावी नेता और आक्रामक वक्ता के रूप में उनकी पहचान है। माना जा रहा है कि उन्हें राज्यसभा भेजकर पार्टी संगठनात्मक संतुलन साध सकती है।

## दिल्ली विधानसभा-सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी, अलर्ट

**■ खालिस्तानी ग्रुप ने ईमेल में लिखा- दिल्ली बनेगा खालिस्तान, आर्मी-एयरफोर्स स्कूल को थ्रेट मिली**

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा भवन, दिल्ली सचिवालय और लाल किले को बम ब्लास्ट में उड़ाने की धमकी दी गई है। सोमवार को खालिस्तानी ग्रुप का धमकी वाला ईमेल भेजा गया।

जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हुईं, विधानसभा भवन की सर्चिंग की गई। बम स्क्वाड और डॉग स्क्वॉड सर्च में जुटीं लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, लाल किला की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। इससे पहले दिल्ली स्थित धौला कुआं के आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड के एयरफोर्स बाल भारती स्कूल को ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी। जानकारी मिलने पर दिल्ली पुलिस, बम स्क्वाड, डॉग स्क्वॉड और दिल्ली फायर सर्विस की टीमें स्कूल पहुंची थी। पूरा कैंपस खाली कराया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

# जनगणना के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण, गणना का काम एक से 31 मई तक चलेगा

**महासमुंद/नवप्रदेश।** जनगणना 2027 के लिए कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार 20 से 21 फरवरी 2026 तक दो दिवसीय प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें श्रीमती रश्मिता स्वाई सहायक निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर तथा श्री देवांशु कुमार शाक्य सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड-02 द्वारा प्रशिक्षण प्रदान दिया गया।

प्रशिक्षण में श्रीमती रश्मिता स्वाई सहायक निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर द्वारा बताया गया कि जनगणना - 2027 भारत की प्रथम पूर्णतः डिजिटल आधारित जनगणना होगी। मोबाईल एप और वेब पोर्टल सीएमएमएस (सेंसस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम) के माध्यम से डेटा संकलन का कार्य गणना खण्ड

स्तर से किया जाएगा, जिससे जनगणना प्रक्रिया त्वरित, प्रभावी एवं अधिक पारदर्शी होगी।

जनगणना - 2027 हेतु संपूर्ण छ.ग. के लिए प्रथम चरण में मकान सूचीकरण तथा मकानों के गणना का कार्य 01 मई 2026 से 31 मई 2026 तक किया जाना है। यह कार्य प्रदेश के 33 जिलों, 252 तहसीलों और 19978 गांवों में संपन्न किया जायेगा। स्वगणना की सुविधा होने के कारण जनभागीदारी और जनविश्वास बढ़ेगा। यह कार्य विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत / 2047 की नींव रखने वाला सिद्ध होगा। मोबाईल एप और वेब पोर्टल सीएमएमएस के माध्यम से डेटा संकलन करने की प्रक्रिया, जनगणना कार्य में पूछे जाने वाले प्रश्नोत्तर, जनगणना से संबंधित अधिनियम, नियम, मैदानी स्तर पर आने वाली संभावित समस्याओं तथा चार्जों में सीएमएमएस वेब पोर्टल में किस तरह से कार्य किया जाएगा इसका विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

### अपर कलेक्टरों के मार्गदर्शन में जनगणना प्रशिक्षण संपन्न

यह प्रशिक्षण अपर कलेक्टर सचिन भुतड़ा, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू तथा डिप्टी कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मनोज खाण्डे के मार्गदर्शन में तथा उपसंचालक एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती मधु साहू के सहयोग से संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, समस्त तहसील के तहसीलदार सह चार्ज अधिकारी/नायब तहसीलदार, समस्त नगरीय निकाय के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सह चार्ज अधिकारी एवं जनगणना में संलग्न सहायक तथा जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से सहायक संचालक निखिल भारद्वाज, सहायक सांख्यिकी अधिकारी संजय कुमार साहू एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

**महासमुंद/नवप्रदेश।** बसना पुलिस ने ग्राम पदरडीह में महुआ शराब बिक्री कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी पदरडीह निवासी भुनेश्वर कोंद (33) व सावित्रीपुर निवासी टीकाराम कुर्रे (22) के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब (कीमत 6000 रुपए) बरामद किया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### बड़े ने छोटे भाई के साथ की मारपीट

**महासमुंद/नवप्रदेश।** कोमाखान पुलिस ने मारपीट के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। छबिलाल पटेल ने पुलिस को बताया कि 20 फरवरी की दोपहर उसके बड़े भाई हीरालाल पटेल ने उसके साथ बारात जाने के संबंध में गाली-गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### अधेड़ से 25 पौवा देशी शराब बरामद

**महासमुंद/नवप्रदेश।** पिथौरा पुलिस ने ग्राम मेमराडीह में एक व्यक्ति से देशी प्लेन शराब बरामद की है। पुलिस ने बताया कि हरियाली ढाबा के पास मेमराडीह निवासी टेकराम साहू (58) के कब्जे से 25 पौवा प्लेन देशी शराब बरामद की। मामले में धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

फोटो -3- सिंगल दाढ़ी में विश्वनाथन

### प्रदेश मीडिया प्रभारी की एमआर विश्वनाथन को जिम्मेदारी

**महासमुंद/नवप्रदेश।** भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ की नवीन प्रदेश कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। इस नई

कार्यकारिणी में महासमुंद के वरिष्ठ, अनुभवी एवं कर्मठ नेता एमआर विश्वनाथन को प्रदेश मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया है। अपनी नियुक्ति पर विश्वनाथन ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जताए गए विश्वास के लिए सदैव कृतज्ञ रहेंगे और अपनी पूर्ण निष्ठा, क्षमता एवं प्रतिबद्धता के साथ संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे मीडिया के माध्यम से शिक्षकों एवं छात्रों की समस्याओं को उचित मंच प्रदान करने हेतु एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश संयोजक कांतिलाल जैन, सांसद रूपकुमारी चौधरी, जिला प्रभारी अखिलेश सोनी, जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित समस्त वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स के लिए लक्की का भारतीय टीम में चयन

**महासमुंद/नवप्रदेश।** विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स 2026

के लिए युवा एथलीट लक्की यादव का चयन भारतीय टीम में हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 9 से 13 मार्च 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी, जिसमें देश-विदेश के उत्कृष्ट पैरा एथलीट अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। महासमुंद जिले के ग्राम तुमाडबरी निवासी लक्की यादव कड़ी मेहनत, समर्पण और संघर्ष के दम पर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचे हैं। वे वर्तमान में फॉर्चून नेत्रहीन उच्च माध्यमिक विद्यालय, कर्मापटपर (बागबाहरा) तथा वन विद्यालय सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, महासमुंद में विश्व स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक तथा 400 मीटर और 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स के लिए क्वालीफाई किया। चयन पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों, खेल एवं समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधियों, जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन महासमुंद, जिला एथलेटिक्स संघ महासमुंद तथा फॉर्चून फाउंडेशन विद्यालय के समस्त शिक्षकों व स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

### नपा उपाध्यक्ष राठी ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण, ठेकेदार को दिए निर्देश

**महासमुंद/नवप्रदेश।** नगर पालिका द्वारा अधोसंरचना मद से निर्माणाधीन सीसी नाली का निरीक्षण नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने किया। महामाया मंदिर से गांधी चौक तक सीसी नाली का निर्माण जारी है। राठी ने बताया कि जहां से नाली निर्माण शुरू किया गया, वहां से छोड़कर आगे से बनाया जा रहा है। ठेकेदार से कहा गया कि यह व्यस्तम मार्ग है, शीघ्र नाली निर्माण कराएं। नाली की खुदाई कर न छोड़ें, इससे लोगों को परेशानी होगी। खुदाई के बाद मलमा को तत्काल हटाने कहा गया। नाली निर्माण उपरांत ऊपर में स्लैब लगाने का काम किया जाए, गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। नपा सीएमओ से कहा गया कि जहां-जहां निर्माण कार्य चल रहा है, उसकी मानिटरिंग नपा द्वारा नहीं हो रही है। सब इंजीनियर मौके पर नहीं जाते, जिससे ठेकेदार लापरवाही और मनमानी करते हैं। स्वयं सीएमओ को भी स्थल पर पहुंचकर गुणवत्ता की जांच करने के लिए कहा गया। शहर में जहां निर्माण जारी है, वहां पर निर्माण के बाद पानी की क्यूरिंग नहीं की जा रही है, जिससे निर्माण कमजोर हो रहा है। जबकि, कांक्रीट के बाद बोरा बिछाकर पानी से क्यूरिंग होनी चाहिए। संबंधित ठेकेदार को नोटिस देकर जांच कराने तथा क्यूरिंग यदि ठेकेदार नहीं कराता है तो नपा से कराने और ठेकेदार से वसूली करने की बात कही गई।

समितियों में धान का ढेर, उठाव की कछुआ गति से खराब होने की आशंका

## मौसम का बदला मिजाज, आसमान में दिनभर छाए रहे बादल, बूंदाबांदी भी हुई

**महासमुंद/नवप्रदेश।** अचानक से मौसम का मिजाज बदलने से आज सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहा, जिससे हल्की बूंदाबांदी भी हुई। वही मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई है।

दरअसल 15 जनवरी को सूर्य के उत्तरायण होने के साथ ही मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। एक महीने बाद अब अधिकतम व न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। हालांकि देर रात और अल सुबह गुलाबी ठंड का एहसास होता है और दिनभर तेज धूप। आज सुबह से आसमान में हल्के बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार 22 फरवरी की दोपहर से ही दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना सुस्पष्ट निम्न दबाव बना हुआ है। इससे संबंधित चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ था। संभावना है कि यह प्रारंभ में पश्चिम-उत्तर-

### खराब हो सकता है केंद्रों में रखा धान

जिले में खरीदी समाप्त होने के बाद उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव प्रारंभ हो गया है। लेकिन, उठाव कछुआ गति से होने के कारण स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिले के उपार्जन केंद्रों में अब भी लगभग 62 लाख क्विंटल धान डंप है, जबकि अब तक सिर्फ48 लाख क्विंटल धान का उठाव हो पाया है। उठाव में हो रही देरी से न केवल समितियों की परेशानी बढ़ रही है। इधर ,आज हल्के बादल छाने के साथ ही बारिश का भी अनुमान है। यदि ऐसा होता है तो केन्द्रों में डंप धान खराब हो सकता है। गौरतलब है कि शासन द्वारा 17 से 31 जनवरी तक धान परिवहन पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद उठाव शुरू हुआ, लेकिन गति धीमी बनी रहीं, इससे उपार्जन केंद्रों में धान का भारी दबाव बन गया है।

पश्चिम की ओर बढ़ेगा और फिर अगले 48 घंटों के दौरान धीरे-धीरे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर उत्तर-पूर्व की ओर मुड़ जाएगा। वहीं दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने सुस्पष्ट निम्न दबाव क्षेत्र से लेकर मध्य तमिलनाडु और आंतरिक कर्नाटक से होते हुए मध्य महाराष्ट्र तक समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर स्थित द्रोणिका बनी हुई है। मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ हवाओं में बनी द्रोणिका का अक्ष समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर लगभग 93 पूर्व देशांतर के अनुदिश और अक्षांश 24 उत्तर के उत्तर में स्थित है। जिससे एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा और एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई है।

### आगामी दिनों का हाल

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी होगी। आज दोपहर 12 बजे तक अधिकतम 33 डिग्री से. और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री से. रहा। जबकि सप्ताह अंत यह 2 डिग्री और बढ़ने की संभावना है। मौसम में हो रही बदलाव के चलते लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है।

## नियमों की अनदेखी: बिना साफ किए डिवाइडर का किया जा रहा रंग-रोगन

■ नागरिकों ने कार्य की तकनीकी जांच कराने की मांग की

**महासमुंद/नवप्रदेश।** जिले के बागबाहरा नगर से गुजर रहे नेशनल हाईवे 353 में जारी सड़क मरम्मत कार्य एक बार फिर सुर्खियों में है। पहले निर्माण स्थल पर सुरक्षा इंतजामों और कार्य में लापरवाही को लेकर सवाल उठे थे, और अब सड़क के बीच बने डिवाइडर पर किए जा रहे रंग-रोगन ने नई बहस छेड़ दी है। मरम्मत कार्य के तहत ठेकेदार द्वारा डिवाइडर पर काला-पीला पेंट किया जा रहा है। लेकिन मौके पर जो तस्वीरें सामने आईं, वे चिंताजनक है। डिवाइडर की सतह से धूल-मिट्टी साफ नहीं की गई, पानी से धुलाई नहीं हुई,न ही कपड़े से पोंछकर आधार तैयार किया गया। जिससे बिना सतह तैयार किए सीधे रंग देने से कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी स्थिति में पेंट कुछ ही दिनों में उखड़ जाएगा, जिससे सरकारी धन की बर्बादी

तय है। नागरिकों का आरोप है कि डिवाइडर को काला-पीला रंगने के नाम पर काम में ही 'काला-पीला' हो रहा है। लोगों का आरोप है कि यह कार्य केवल औपचारिकता निभाने और बिल बनाने तक सीमित दिख रहा है। नागरिक का कहना है कि, हम अपने घर में रंग कराने से पहले दीवार साफ करते हैं।

### जनाक्रोश और मांग

घटिया गुणवत्ता को लेकर नगरवासियों में नाराजगी है। लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए, गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए और लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई हो।

## दो बाइकों की टक्कर, एक युवक की हालत गंभीर

**राजिम/नवप्रदेश।** गरियाबंद मुख्य मार्ग पर सोमवार को एक तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद एक बाइक लगभग 100 मीटर तक सड़क पर घसीटती चली गई। दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार, सुरसाबांधा का एक परिवार अपने बच्चे के इलाज के लिए नवापारा पहुंचा था। वे इलाज के बाद वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक अन्य बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जिस बाइक ने टक्कर मारी वह बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर 100 मीटर घसीटते हुए सड़क के दूसरे छोर पर पहुंच गई, जिससे बाइक सवार घनाराम ध्रुव के सिर में गंभीर चोट आई है। वहीं उसी बाइक में सवार ओमप्रकाश ध्रुव को भी चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक बाइक पर सवार परिवार राजिम से सुरसाबांधा की ओर जा रहा था, तभी दूसरी बाइक होटल से सामान लेकर तेज रफ्तार से सड़क पर निकली थी।

## शादी समारोह में भोजन के बाद बिगड़ी 44 ग्रामीणों की तबीयत

■ स्वास्थ्य विभाग ने मोहलाई गांव में लगाया शिविर

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** गरियाबंद जिले से फूड पॉयजनिंग का गंभीर मामला सामने आया है। शादी समारोह के चौथिया कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दो ग्राम पंचायतों के 44 ग्रामीणों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। भोजन करने के कुछ घंटों बाद ग्रामीणों को उल्टी.दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगीए जिससे गांव में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसारए ग्राम पंचायत आमदी के आश्रित ग्राम मोहलाई के 17 ग्रामीण तथा ग्राम पंचायत दर्रीपारा के बोइरगांव के 27 ग्रामीण इस घटना से प्रभावित हुए हैं। बताया जा रहा हैं कि सभी ग्रामीण शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। गांव लौटने के बाद एक.एक कर लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी।

घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम तत्काल सक्रिय हो गई। उप स्वास्थ्य केंद्र कोसमी में विशेष चिकित्सा शिविर लगाकर मरीजों का उपचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्राथमिक उपचार के साथ आवश्यक दवाइयां वितरित की गई। गंभीर लक्षण वाले मरीजों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

सीएमएचओ यूएस॰ नवरत्न ने बताया कि सूचना मिलते ही डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों का दल कोसमी सेक्टर में तैनात किया गया है। अब तक 40 से अधिक मरीजों का इलाज किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है और सभी मरीजों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

## सूने मकान में सोने-चांदी की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**राजिम/नवप्रदेश।** राजिम थाना क्षेत्र में सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा सोने-चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। परिवार शादी में शामिल होने गया था इसका फायदा अज्ञात चोर ने उठा लिया। इस मामले में राजिम पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेही आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गए आभूषण बरामद कर लिए हैं।सेवक राम साहू (46 वर्ष) निवासी ग्राम भाठापारा रॉवड थाना राजिम ने 22 फरवरी 2026 को थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया

कि 20 फरवरी 2026 की शाम वह अपने रिश्तेदार के यहां लड़की की शादी में शामिल होने परिवार सहित ग्राम चम्पारण गए थे। उसी रात लगभग 12 बजे जब वे वापस लौटे तो देखा कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर पेटी का ताला भी टूटा मिला तथा उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। इस मामले में थाना राजिम द्वारा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4), 305 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। संदेह के आधार पर ग्राम चम्पारण निवासी जितेंद्र कुमार साहू (27 वर्ष) को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने घर सूना पाकर ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार कर लिया।

### 96,000 रुपए के जेवरात जब्त

आरोपी की निशानदेही पर चोरी कर छिपाए गए सोने-चांदी के जेवरात जिसमें एक सोने की तीन पत्ती लगी माला (कीमत 30,000 रुपये), दो जोड़ी सोने के खिनवा (कीमत 50,000 रुपये), एक चांदी का करधन (कीमत 10,000 रुपये), एक जोड़ी चांदी की पायल (कीमत 5,000 रुपये) तथा एक चांदी का चाबी गुच्छा (कीमत 1,000 रुपये) कुल 96,000 रुपये के जेवरात जप्त किए गए। जिसके बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## बैडमिंटन के वेंटर्नस विनर रहे संबलपुर तो सीनियर में बिलासपुर ने मारी बाजी

**कुरूद/नवप्रदेश।** कुरूद में आयोजित 1 दिवसीय अन्तर्राज्यीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 56 टीमों ने भाग लिया। वरिष्ठ खिलाड़ी रविकांत चंद्राकर ने कहा कि आयोजन ने खेल के प्रति उत्साह और प्रतिभा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेटरन्स श्रेणी में प्रथम स्थान: मोहम्मद अकबर और सौरभ (संबलपुर)- द्वितीय स्थान: रवि और मुकेश (धमतरी) व सीनियर

श्रेणी में प्रथम स्थान: जय और शिशिर (बिलासपुर - द्वितीय स्थान: राज एंड पार्टनर (जगदलपुर) रहे । टूर्नामेंट के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में देवव्रत साहू (नपा उपाध्यक्ष, कुरूद) उपस्थित थे।

40 फीट प्रतिमा का निर्माण, 25 फरवरी से 1 मार्च तक होगा महोत्सव, तैयारियों में जुटे ग्रामीण

## मंत्रोचार के बीच बाबा भोलेनाथ की प्रतिमा स्थापित, उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

**नगरी/नवप्रदेश।** नगरी ब्लाक के सोन्ढूर डैम पर स्थित श्री मुचकुन्द ऋषि के तपो स्थल पहाड जंगल व प्राकृतिक के हसीन नजारो के बीच डैम व ईको पार्क के पास साकरा निवासी हितेश महेश फाउन्डेशन गोल्ड डायमंड कारोबारी द्वारा महाकाल भगवान भोलेनाथ की 40 फीट मूर्ती निर्माण करवाया जा रहा है जिसका प्राण प्रतिष्ठा 25 फरवरी से 1 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर किया जायेगा जिसकी तैय्यारी जोरो से चल रही है

बता दे नगरी ब्लाक का सोन्ढूर डैम व मुचकुन्द ऋषि आश्रम पूरे राज्य मे प्रसिद्ध है जहा वन विभाग द्वारा पर्यटक के तौर पर यहा ईको पार्क व सिचाई विभाग के रेस्ट हाऊस के साथ प्राकृतिक नजारे अपने आप मे ही पर्यटक व श्रद्धालुओ को अपने बीच खीच लाते थे जहा यहा उडीसा बस्तर व राज्य के कई जिले से धार्मिक आयोजन व राष्ट्रीय पर्व के साथ छुट्टियो मे यहा सैलानियो व श्रद्धालुओ का सैलाब उमड पडता है जिसे अब जिला प्रशासन द्वारा भी पर्यटक स्थल की घोषणा कर यहा डैम मे नौका विहार से लेकर होम गेस्ट हाउस व पर्यटक स्थल के रूप मे विकसित किया जा रहा जिसकी देखरेख भी समिति द्वारा की जायेगी।

इसी बीच इन सब के बीच साकरा के सिन्हा परिवार द्वारा भगवान भोलेनाथ का चालीस फीट का मूर्ती स्थापना किया जा रहा जो पूरे छत्तीसगढ ऐसे भगवान की प्रतिमा कही नही लगी जो श्रद्धालुओ के लिये व ग्रामीणो के एक एक बडी उपलब्धी है यह सब कर दिखाया एक भगवान महाकाल के भक्त हितेश सिन्हा ने जहा इस आयोजन को सफल बनाने के लिये बारह पाली मेचका के सदस्य ने बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैय्यार कर सहयोग कर रहे जहा इस कार्यक्रम को भव्य बनाने व ग्राम की सम्मान को और बढाने भी चर्चा किया गया जिसमे प्रमुख रूप से श्यामल साय ध्रुवा , रूपेश नाग ,पंचू राम ओटी , कमलेश प्रजापति , फूलसिग ध्रुव, धर्मेन्द बिसेन , लकेश्वर साहू, विमला ध्रुवा , दानी राम नेताम , व काफी संख्या मे समिती के सदस्य थे जिसमें बागेश्वर बाबा का है।

वही बता दे की भगवान शंकर के मूर्ती प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम मे बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम की भी तैय्यारी चल रही थी और हर जगह बाबा बागेश्वर के आने की भी खबर लग गया था मगर कार्यक्रम के लिये समय नही मिल पाने के चलते बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम को स्थगित किया गया।

# डिप्टी कलेक्टर भर्ती में बड़ा बदलाव, अब 50-50 के फॉर्मूले से भरने होंगे पद, तहसीलदारों को मिलेगा बड़ा मौका

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए डिप्टी कलेक्टर के पदों पर भर्ती के नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। राज्य शासन के नए फैसले के अनुसार अब डिप्टी कलेक्टर के पदों को सीधी भर्ती और पदोन्नति के माध्यम से 50-50 के अनुपात में भरा जाएगा। इस निर्णय से आने वाले समय में प्रशासनिक ढांचे में व्यापक बदलाव देखने को मिलेंगे और विभागीय अधिकारियों के लिए पदोन्नति के अवसर बढ़ेंगे। दरअसल वर्ष 2020 से पहले डिप्टी कलेक्टर पदों पर पदोन्नति का कोटा 50 प्रतिशत था, जिसे पिछली सरकार के कार्यकाल में घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया था। इसके बाद से छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ लगातार पदोन्नति का कोटा फिर से 50 प्रतिशत करने की मांग कर रहा था। राज्य सरकार के ताजा निर्णय के बाद अब पदोन्नति और सीधी भर्ती का अनुपात फिर से 50-50 कर दिया गया है, जिससे लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे अधिकारियों को बड़ी राहत मिली है। इस फैसले से विशेष

रूप से तहसीलदार और नायब तहसीलदार को बड़ा लाभ मिलेगा, क्योंकि अब उनके लिए डिप्टी कलेक्टर बनने के अवसर बढ़ जाएंगे। कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रवक्ता शशिभूषण सोनी ने कहा कि पदोन्नति से डिप्टी कलेक्टर बनने वाले अधिकारियों के पास 10 से 12 वर्षों का प्रशासनिक अनुभव होता है, जिससे प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता में सुधार होगा और आम जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्य में सुशासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। राज्य सरकार के इस फैसले का कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री और राजस्व मंत्री सहित पूरी कैबिनेट का आभार व्यक्त किया है। संघ का कहना है कि इस निर्णय से अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा और प्रशासनिक व्यवस्था अधिक प्रभावी और मजबूत बनेगी। साथ ही इससे शासन के कार्यों के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और अनुभवी अधिकारियों की भागीदारी से प्रशासनिक दक्षता में भी सुधार होगा।

## खबरों की मरम्मत

### छत्तीसगढ़ में आ गए पियक्कड़ों के 'अच्छे दिन'

**छत्तीसगढ़** की सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की तर्ज पर अब शराबियों का साथ लेने की नीयत से निर्णय लेती नजर आ रही है। यही वजह है कि नई आबकारी नीति लागू होने के बाद 7 ड्राई डे में से 3 ड्राई डे कम कर दिए गए हैं। सरकार ने ड्राई डे कम करते हुए शराब पीने वालों को खुश होने का मौका दिया है। इससे पहले महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर छत्तीसगढ़ में धड़ल्ले से शराब बिकी। होली की पूर्व संध्या पर भी शराब दुकानें बंद नहीं होंगी। पियक्कड़ों को होली पर मनपसंद शराब मिलेगी। इस फैसले से राज्य के शराब प्रेमी सरकार से काफी खुश बताए जा रहे हैं। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने नई नीति बनाकर शराब के शौकीनों के 'अच्छे दिन' ला दिए हैं।

### बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना

**भाजपा** विधायक अजय चंद्राकर कांग्रेस को घेरने में अक्सर सबसे आगे रहते हैं। हाल ही में उन्होंने बयान दिया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भविष्य में दीपक बैज को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नहीं बनने देंगे। इसके जवाब में कांग्रेस ने अजय पर सरकार की नाकामियों को छुपाने और खबरों में बने रहने के लिए सस्ते हथकंडे अपनाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि मंत्रिमंडल में जगह न मिलने से अजय चंद्राकर कभी भाजपा पर भड़ास निकालते हैं तो कभी कांग्रेस के अंदरूनी मामलों में दखल देते हैं। कांग्रेसियों के मुताबिक अजय को भाजपा संगठन की चिंता करनी चाहिए। उनका कहना है कि खबरों में बने रहने के चक्कर में अजय 'बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना' वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं।

### बैज का बयान... बोले तो शठे शाठ्यम

**छत्तीसगढ़** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा पर हमला बोला है। असम चुनाव में भाजपा सरकार के मंत्रियों और नेताओं को जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने तंज कसा है। बैज का कहना है कि दो साल में भ्रष्टाचार से की गई काली कमाई को असम चुनाव में खर्च करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने प्रदेश को अवैध उगाही का चारागाह बना दिया है। हर योजना में गड़बड़ी और घोटाले हो रहे हैं। सरकारी खजाने को लूटा जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले असम चुनाव के दौरान प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और चुनाव प्रभारी तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। उस समय भाजपा ने कांग्रेस पर प्रदेश के खजाने को लूटकर असम चुनाव में खर्च करने का आरोप लगाया था। अब वही आरोप कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर पलट दिया है। शायद इसी को कहते हैं – टिट फॉर टैट, यानी 'शठे शाठ्यम' – जैसे को तैसा।

### सिरदर्द नेता को दिल्ली भेजने की रणनीति

**छत्तीसगढ़** की दो सीटों पर राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि भाजपा सरकार के लिए सिरदर्द बन चुके एक नेता को दिल्ली शिफ्ट किया जा सकता है। वरिष्ठ भाजपा विधायक अजय चंद्राकर मंत्रिमंडल में जगह न मिलने से नाराज बताए जाते हैं। वे विधानसभा में कई बार अपनी ही सरकार को घेर चुके हैं। अजय को राज्यसभा भेजकर प्रदेश की राजनीति से अलग-थलग किया जा सकता है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह बृजमोहन अग्रवाल को दिल्ली भेजा गया, उसी तर्ज पर अजय को राज्यसभा भेजने की चर्चा है, ताकि 'सरकार' और मंत्रियों की सिरदर्दी कम हो सके।

### कांग्रेस: सबसे पावरफुल नेता को राज्य से हटाने की तैयारी

**कांग्रेस में** राज्यसभा चुनाव के लिए कई नामों की चर्चा हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस के कुछ नेता भूपेश को दिल्ली की राजनीति में व्यस्त देखना चाहते हैं, ताकि राज्य की राजनीति में अपने लिए जगह बना सकें। मौजूदा दौर में भूपेश के आभामंडल के आगे कई नेताओं का कद छोटा नजर आता है। उनके दिल्ली की सियासत में सक्रिय रहने से 2028 में होने वाले विधानसभा चुनाव तक टीएस बाबा, महंत, ताम्रध्वज और बैज जैसे नेता संगठनात्मक और राजनीतिक रूप से अधिक मजबूत हो सकते हैं। कुछ कांग्रेसियों का मानना है कि भाजपा के बृजमोहन की तरह कांग्रेस भी भूपेश को दिल्ली भेजकर उन्हें राज्य की राजनीति से दूर कर सकती है।

### बेलगाम अफसर बने संकट सृजक

**बार** डांसरों पर नोट लुटाते एक एसडीएम और वन विभाग के अधिकारी का वीडियो वायरल होने से सरकार की काफी किरकिरी हुई। अब बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र में एसडीएम पर आदिवासी किसान की पिटाई का आरोप लगा है, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना ने सरकार को नई मुसीबत में डाल दिया है। इससे पहले भी एक डीएसपी के करोड़पति व्यापारी से कथित प्रेमप्रसंग और महंगे उपहार लेने के मामले ने सुर्खियां बटोरी थीं। अब पिटाई से मौत के मामले में सरकार को जवाब देना पड़ रहा है। आमतौर पर अफसर सत्ता पक्ष के नेताओं के लिए संकटमोचक का काम करते हैं, लेकिन यहां स्थिति उलट नजर आ रही है। अफसर ही सरकार के लिए संकट सृजक बनते दिख रहे हैं।

27 फरवरी को राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मुलाकात, मार्च से ग्राम स्तर पर अभियान

# अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते पर संयुक्त किसान मोर्चा का विरोध

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारत और अमेरिका के बीच घोषित अंतरिम व्यापार समझौते (आईटीए) को लेकर छत्तीसगढ़ में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) छत्तीसगढ़ ने इस समझौते को किसानों, मजदूरों, छोटे उद्योगों और आम जनता के हितों पर 'गंभीर हमला' करार दिया है। मोर्चा ने 27 फरवरी को राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मुलाकात करने तथा 9 मार्च से ग्राम स्तर पर जनजागरण अभियान चलाने की घोषणा की है।

प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसकेएम के संयोजक सदस्यों जनकलाल ठाकुर, तेजराम विद्रोही, गौतम बंध्योपाध्याय, नरोत्तम शर्मा और रामाकांत बजारे ने कहा कि केंद्र सरकार इस समझौते को ऐतिहासिक बता रही है, लेकिन इसकी शर्तें कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चिंताएं पैदा करती हैं। उनका आरोप है कि किसानों की सहमति के बिना कृषि क्षेत्र को कॉरपोरेट घरानों के हित में खोलने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है।

### 500 अरब डॉलर आयात लक्ष्य पर सवाल

एसकेएम ने अगले पांच वर्षों में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी सामान आयात के संकेत पर भी सवाल उठाया। उनका कहना है कि इससे ऊर्जा, तकनीक और कृषि क्षेत्र में विदेशी निर्भरता बढ़ सकती है और स्थानीय उद्योग तथा स्वदेशी उत्पादन प्रभावित होंगे। इसे आत्मनिर्भरता की अवधारणा के विपरीत बताया गया।

### अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए बाजार खुलने की आशंका

मोर्चा नेताओं ने कहा कि समझौते में गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने और कृषि व्यापार बढ़ाने की बात कही गई है, जिससे अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खुल सकता है। उनका तर्क है कि अमेरिकी कृषि भारी सब्सिडी, उच्च मशीनीकरण और बड़े कॉरपोरेट फार्म मॉडल पर आधारित है, जबकि भारत में खेती छोटे और सीमांत किसानों पर निर्भर है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि सोयाबीन, ज्वार, मक्का, गेहूं, दालें, फल और डेयरी उत्पादों पर आयात शुल्क घटाया गया तो सस्ती अमेरिकी उपज भारतीय मंडियों में पहुंचेगी, जिससे पहले से ही एमएसपी की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे किसानों पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा।

### बीज और बौद्धिक संपदा अधिकार का मुद्दा

किसान नेताओं ने कहा कि अमेरिकी कंपनियां पेटेंट आधारित बीज और बौद्धिक संपदा अधिकारों के जरिए कृषि क्षेत्र में नियंत्रण बढ़ाती हैं, जबकि भारत में किसान अब भी परंपरागत बीज संरक्षण और आदान-प्रदान की व्यवस्था पर निर्भर हैं। उनका आरोप है कि समझौते के जरिये बीज पर कॉरपोरेट नियंत्रण बढ़ने का खतरा है।

### डेयरी और सार्वजनिक खरीद व्यवस्था पर असर की आशंका

मोर्चा के अनुसार भारत का डेयरी मॉडल सहकारी व्यवस्था और छोटे उत्पादकों पर आधारित है। यदि अमेरिकी डेयरी उत्पादों को बाजार में आसान प्रवेश मिलता है तो लाखों दुग्ध उत्पादक परिवार प्रभावित हो सकते हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि व्यापार संतुलन के नाम पर कृषि सब्सिडी घटाने और सार्वजनिक खरीद प्रणाली को कमजोर करने का दबाव बनाया जा सकता है। इससे एमएसपी व्यवस्था, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खाद्य आत्मनिर्भरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### विधानसभा के सदस्यों के लिए ब्रह्मा भोजन का आयोजन सुंदर और प्रेरणादायी परंपरा: साय

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नया रायपुर स्थित शांति सरोवर में छत्तीसगढ़ विधानसभा के सम्मानित सदस्यों के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नेह मिलन एवं ब्रह्मा भोजन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने ब्रह्माकुमारी बहनों के स्नेह, आत्मीयता और सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि बहनों के प्रेम और आदर से हम सब अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बड़े स्नेह के साथ विधानसभा के सदस्यों के लिए ब्रह्मा भोजन का आयोजन एक सुंदर और प्रेरणादायी परंपरा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा समाज में नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक जागरूकता और आत्मिक शांति के प्रसार की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शांति सरोवर और शांति शिखर जैसे आध्यात्मिक केंद्रों में सदैव सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। संस्था का 137 से अधिक देशों में विस्तार होना अत्यंत सुखद और प्रेरक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों में जनजागृति लाने का कार्य कर रहा है।

# संत गाडगे बाबा ने दिया स्वच्छता ही सच्ची पूजा का संदेश: मुख्यमंत्री साय

■ **मुख्यमंत्री राष्ट्र संत शिरोमणि गाडगे बाबा 150वीं जयंती पर आयोजित निर्मल दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल**

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राष्ट्र संत शिरोमणि गाडगे बाबा की 150वीं जयंती पर आयोजित निर्मल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी ऐसे महान संत का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने अपने जीवन और कर्मों से समाज को स्वच्छता, सेवा और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संत गाडगे बाबा ने 'स्वच्छता ही सच्ची पूजा' का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रेरणादायक है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि संत गाडगे बाबा की स्वच्छता की प्रेरणा से उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छ भारत अभियान का स्मरण हो गया। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 2014 को लाल किले से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की और आज स्वच्छता जनआंदोलन बन चुकी है। उन्होंने कहा कि यह संत गाडगे बाबा के विचारों का ही प्रभाव है कि देश में स्वच्छता के प्रति व्यापक जागरूकता आई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में हमारी माताओं-बहनों को सम्मान दिलाने का कार्य किया है। देशभर में शौचालयों के निर्माण से उनकी गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएँ शुरू की गईं, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री जनधन योजना जैसी पहलें शामिल हैं। आज सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों तक पहुँच रहा है, जिससे पारदर्शिता और विश्वास दोनों बढ़े हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि देश आर्थिक रूप से निरंतर मजबूत हो रहा है और हम सभी विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के साथ-साथ विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण भी हमारा संकल्प है।

# धर्म स्वात्रंत्य और लोक सुरक्षा विधेयक लाने की तैयारी, सदन से सड़क तक गरमाएगी सियासत

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का मौजूदा बजट सत्र कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण और राजनीतिक रूप से संवेदनशील रहने वाला है। सत्र के दौरान राज्य सरकार दो अहम विधेयक - छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंर्त्य विधेयक, 2026 और छत्तीसगढ़ लोक सुरक्षा (उपाय) प्रवर्तन विधेयक, 2026 - सदन में पेश करने की तैयारी में है। इन विधेयकों को लेकर प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज होने के संकेत मिल रहे हैं और माना जा रहा है कि सदन के भीतर से लेकर सड़क तक इस मुद्दे पर तीखी बहस देखने को मिल सकती है।

सोमवार 23 फरवरी से शुरू हुए बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण हुआ, जिसमें सरकार की नीतियों और विकास योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक धरमलाल कौशिक और अजय चंद्राकर सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट भी सदन में पेश की, जबकि 24 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा 25 फरवरी को प्रस्तावित है।

सरकार धर्मांतरण के मुद्दे पर सख्ती दिखाने की तैयारी में है और इसके लिए धर्म स्वातंर्त्य विधेयक लाने का खाका तैयार किया गया है। सरकार का मानना है कि प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में सेवा, शिक्षा और आर्थिक सहायता के माध्यम से धर्मांतरण के मामले सामने आए हैं, जिन्हें रोकने के लिए कानूनी प्रावधानों को मजबूत करना आवश्यक है। इस विधेयक के जरिए धर्मांतरण से जुड़े मामलों पर नियंत्रण और निगरानी को और प्रभावी बनाने की कोशिश की जाएगी। इसके साथ ही लोक सुरक्षा (उपाय) प्रवर्तन विधेयक के माध्यम से कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के उपाय भी प्रस्तावित हैं। इस बजट सत्र में कोंटा विधायक और पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की मौजूदगी भी चर्चा का केंद्र बनी हुई है। शराब घोटाले से जुड़े मामले में अंतरिम जमानत मिलने के बाद उन्हें सशर्त रूप से सदन की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति दी गई है। उन्हें अपने मामले से संबंधित किसी भी विषय पर बोलने की अनुमति नहीं होगी और यदि वे इन शर्तों का उल्लंघन करते हैं तो उनकी अनुमति तुरंत रद्द की जा सकती है। हालांकि वे बजट और अन्य सामान्य मुद्दों पर चर्चा में भाग ले सकेंगे।

**आक्रोश:** हाउसिंग बोर्ड पर अनदेखी का लगाया आरोप, 14 ब्लॉकों के 504 मकान में बुनियादी सुविधाओं की मांग

# नया रायपुर सेक्टर-27 की 18 मल्टी हाउसिंग परिसर में बदहाली, रहवासी नाराज

**रायपुर/नवप्रदेश।** नया रायपुर के सेक्टर-27 स्थित 18 मल्टी हाउसिंग परिसर में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली को लेकर रहवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। 14 ब्लॉकों में फैले इस परिसर में कुल 504 मकान हैं, जिनमें अधिकांश घर किरायेदारों के कब्जे में हैं। मकान मालिकों के दूसरे शहरों में रहने के कारण समस्याओं को लेकर संगठित विरोध दर्ज नहीं हो पाता, जिसका असर रखरखाव कार्यों पर भी पड़ रहा है। रहवासियों का आरोप है कि छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड और एनआरडीए के बीच मरम्मत व सुधार कार्यों को लेकर जिम्मेदारियों का विवाद लंबे समय से चला आ रहा है, जिससे आवश्यक काम अटके हुए हैं। ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था अब तक शुरू नहीं होने से मकान मालिकों को बकाया जमा करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**सीवरेज, पानी और सीपेज की गंभीर समस्या:** परिसर में सीवरेज चैंबर के ओवरफ्लो होने, निकासी पाइप टूटने और समय पर मरम्मत नहीं होने की शिकायतें आम हैं। पंपमैन की लापरवाही के कारण हजारों लीटर पानी सड़कों पर बहता रहता है, जिससे बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। रहवासियों को इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

भवनों की दीवारों पर उगे पेड़ों की नियमित कटाई नहीं होने से दीवारें कमजोर हो रही हैं और बाथरूम की खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो रही हैं। ब्लॉक 8 और 9 के गेट के पास सड़क पर गड्ढों में गटर का पानी जमा रहता है। कई ब्लॉकों की छतों पर गलत ढलान के कारण बारिश का पानी जमा हो जाता है, जिससे सीपेज की समस्या बढ़ रही है।

**पानी टंकी और मीटर व्यवस्था पर सवाल:** छत पर लगी पानी की टंकियों में दरारें दिखाई दे रही हैं और कई स्थानों पर पेड़ उग आए हैं। टंकियों की नियमित सफाई नहीं होने की भी शिकायत है। सेक्टर के अन्य घरों में पानी के मीटर लगे होने के बावजूद 18 मल्टी के किसी भी घर में मीटर नहीं लगाए गए हैं। रहवासियों को तय 325 रुपये मासिक शुल्क देना पड़ता है, चाहे खपत कम हो या घर खाली पड़ा हो। लोगों की मांग है कि प्रत्येक घर में पानी का मीटर लगाया जाए। पीने के पानी के लिए परिसर एकमात्र बोरिंग पर निर्भर है। बोरिंग खराब होने पर पहले हाउसिंग बोर्ड मरम्मत करवाता था, लेकिन अब रहवासियों को चंदा कर इसे ठीक कराना पड़ता है।

**लिफ्ट और सुरक्षा व्यवस्था में भारी लापरवाही:** लिफ्ट के रखरखाव में गंभीर कमी बताई जा रही है। कई ब्लॉकों की लिफ्ट महीनों से बंद हैं और कुछ में लोग फंसने की घटनाएं सामने आई हैं। बिजली जाने पर जेनरेटर से लिफ्ट स्वतः चालू नहीं होती। आपात स्थिति से निपटने के लिए कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश या चाबी उपलब्ध नहीं कराई गई है। आग बुझाने के लिए लगाया गया फायर सिस्टम शुरू से ही चालू नहीं किया गया।

# जरूरतमंद को मिली नई ज़िंदगी की राह, 60 वर्षीय बुजुर्ग को मिला व्हीलचेयर

### नगर पंचायत नगरी के जनप्रतिनिधियों की सराहनी पहल

**नगरी / नवप्रदेश।** मानवता और संवेदनशील प्रशासन का परिचय देते हुए नगरी नगर पंचायत ने वार्ड क्रमांक 6 निवासी 60 वर्षीय इंदु बाई निशाद को व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर उनकी दैनिक जीवन की बड़ी समस्या का समाधान किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंदु बाई निशाद कुछ दिन पूर्व अपने घर की सीढ़ियों से गिर गए थे, जिससे उन्हें चलने-फिरने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उम्र अधिक होने के कारण वे स्वयं से शौचालय तक जाने में भी असमर्थ हो रहे थे। अपनी पीड़ा को उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के समक्ष रखा तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर आवेदन प्रस्तुत किया।नगर पंचायत प्रशासन ने मामले की गंभीरता से लेते हुए मात्र दो दिनों के भीतर ही धमतरी समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर हितग्राही को व्हीलचेयर उपलब्ध कराई। इस त्वरित कार्रवाई से न केवल एक बुजुर्ग को सहारा मिला, बल्कि प्रशासन की कार्यशैली पर भी विश्वास और मजबूत हुआ। समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक डॉक्टर मनीष पांडे एवं सहायक कौशल कुमार साहू एवं तोस कुमार जयसवाल का नगरी नगर पंचायत की समस्त जनपद निधियां ने भी आभार व्यक्त किया हैइसी क्रम में नगर पंचायत नगरी द्वारा क्षेत्र के 13 अन्य जरूरतमंद नागरिकों को उनकी आवश्यकता अनुसार छड़ी भी प्रदान की गई, ताकि वे अपनी दैनिक दिनचर्या सुगमता से पूर्ण कर सकें।व्हीलचेयर प्राप्त कर निशाद ने भावुक होकर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, सभापति अश्वनी निषाद, विनिता कोठारी, शंकर देव, चेलेश्वरी साहू, राजा पवार, जयंती तुकेश्वरी साहू, मिक्की गुप्ता, अंबिका ध्रुव, नरेश, पटेल देवचरण ध्रुव सहित समस्त जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। नगर पंचायत नगरी की यह पहल सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता एवं जनसेवा की भावना का सशक्त उदाहरण है, जो प्रशासन और जनता के बीच विश्वास की नई मिसाल कायम करती है।

## न्यूज गैलरी

### चिटफंड कंपनी के खिलाफ टेड़ेसरा चौक में प्रदर्शन

**राजनांदगांव / नव प्रदेश।** राजनांदगांव जिले में लंबे समय से जिम फंड कंपनी को लेकर कुछ वर्षों तक काफी लंबे समय से हो हल्ला किया जा रहा था। इसी बीच अब चिप फंड कंपनी एबीएम रियल स्टेट एंड एलाइड लिमिटेड के चेयरमैन टेड़ेसरा निवासी आर. पी .द्विवेदी, अनिल साहू, महेंद्र साहू एवं राजेश देशमुख, आशुतोष द्विवेदी के द्वारा चिप फंड कंपनी चलाने का काम किया जा रहा था। जिसमें ग्रामीण किसान लोगों से लाखों रुपए दोगुना पैसा देने की बात कह कर जमा किया जाता था। धरना प्रदर्शन करने आए हुए। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से लगातार पैसा वापसी का गुहार लगाया जा रहा है।

### फसलों की खरीदी के लिए पंजीयन 28 फरवरी तक

**बलौदाबाजार / नव प्रदेश।** जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पी.एम. आशा) योजना अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत किसानों का पंजीयन समितियों के माध्यम से ई समयुक्ति पोर्टल में किया जा रहा है। किसान 28 फ़रवरी 2026 तक पंजीयन करा सकते हैं। योजनान्तर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में क्रमशः अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन तथा रबी एवं विपणन वर्ष 2026-27 में क्रमशः चना, मसूर एवं सरसों फसलों की बुआई करने वाले कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर साथ लेकर अपना पंजीयन करा सकते है।

### स्काउट-गाइड आंदोलन के संस्थापक का जन्मदिवस मनाया

**धमतरी / नवप्रदेश।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, धमतरी द्वारा 22 फरवरी को स्काउट-गाइड आंदोलन के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल के जन्मदिवस को चिंतन दिवस के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बौद्धिक परिचर्चा एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला संघ धमतरी के अध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्णा राम साहू एवं गजानंद साहू (उपाध्यक्ष, जिला संघ धमतरी) तथा डॉ. मंजूषा साहू (उपाध्यक्ष, स्थानीय संघ) ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय संघ के अध्यक्ष नेतूराम यादव ने की कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वधर्म प्रार्थना सभा से हुआ, जिसमें विभिन्न धर्मों की प्रार्थनाएं प्रस्तुत की गईं। स्काउट्स एवं गाइड्स ने विश्व शांति, सामाजिक समरसता एवं मानव कल्याण की कामना करते हुए एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

### बाजार में छोटे नोटों की भारी किल्लत, सिक्के कोई पूछ नहीं रहा

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** लगातार डिजिटल लेनदेन के चलते बाजार में छोटे नोट की कमी हो गई है। छोटे नोट की समस्या होने के चलते व्यापारी परेशान है। व्यापारियों की माने तो छोटे लेनदेन में भी आम लोग पांच सौ रूपए के नोट दे रहे है। इधर बाजार में सिक्को की भरमार है। लेकिन सिक्का लेने से लोग बच रहे है। बाजार में पड़ताल में पाया गया कि ज्यादातर दस बीस, पचास और सौ रूपए के नोटो की किल्लत अधिक है। जबकि पांच सौ नोटो की अधिकता के चलते व्यापारी और उपभोक्ताओं को लेन देन में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों की माने तो बैंक द्वारा भी छोटे नोटो की किल्लत दूर करने प्रयास करना चाहिए। सबसे ज्यादा छोटे छोटे लेनदेन में ग्राहक और विक्रेताओं को परेशानी हो रही है।

### सोनाक्षी की कमजोर सेहत सपनों की राह में बन रही थी बाधा

# सोनाक्षी के साहस और चिरायु योजना ने बदल दी जिंदगी, चेहरे पर लौटी मुस्कान

**महासमुंद /नवप्रदेश।** महासमुंद जिले के ग्राम कुल्हरिया में रहने वाली 12 वर्षीय सोनाक्षी एक साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से है। उनके पिता श्री किशन लाल दीवान मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सोनाक्षी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पथर्री में कक्षा सातवीं की छात्रा है और अन्य बच्चों की तरह वह भी अपने भविष्य को लेकर बड़े सपने देखती थी। लेकिन बचपन से ही उसकी कमजोर सेहत उसके सपनों की राह में बाधा बन रही थी।

जब सोनाक्षी कक्षा पाँचवीं में पढ़ती थी, तब स्कूल में हुए चिरायु स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान उसमें हृदय रोग के लक्षण पाए गए। उसे अक्सर सांस फूलने, जल्दी थक जाने, पैरों में सूजन, अनियमित दिल की धड़कन और बार-बार सर्दी-खांसी की समस्या रहती थी। चिरायु टीम के आयुष चिकित्सकों द्वारा परिजनों को इसकी जानकारी दी गई और निःशुल्क इलाज के बारे में समझाया गया। हालांकि सोनाक्षी देखने में स्वस्थ लगती थी, इसलिए, शुरुआत में परिवार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

विद्यालय के प्रधान पाठक श्री मोहन लाल साहू और चिरायु टीम के सदस्यों ने लगातार परिवार को जागरूक किया। फार्मासिस्ट धनेश्वर दीवान और एएनएम श्रीमती विशाखा साहू समय-समय पर सोनाक्षी की स्थिति पर नज़र रखते रहे और उसके माता-पिता को इलाज के लिए प्रेरित करते रहे। धीरे-धीरे सोनाक्षी ने स्वयं हिम्मत दिखाई और अपने माता-पिता को हृदय जांच के लिए तैयार किया।

चिरायु टीम के सहयोग से सोनाक्षी को रायपुर स्थित एम एम आई नारायणा अस्पताल, रायपुर ले जाया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उसकी विस्तृत जांच की गई। जांच में यह पाया गया कि उसके दिल में 24 म 19 मिमी का छेद है, जो उसके स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक था। डॉक्टरों ने परिजनों को इसकी गंभीरता समझाते हुए जल्द सर्जरी कराने की सलाह दी। परिवार के लिए यह समय बहुत कठिन था, लेकिन चिरायु योजना ने उन्हें उम्मीद दी। योजना के अंतर्गत सोनाक्षी की सर्जरी पूरी तरह निःशुल्क की गई। अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर उसके दिल के छेद को ठीक किया। यह सर्जरी सोनाक्षी के लिए एक नया जीवन लेकर आई।

आज सोनाक्षी पूरी तरह स्वस्थ है। उसके चेहरे पर फिर से रौनक लौट आई है और वह पहले से अधिक आत्मविश्वास के साथ स्कूल जाती है। समय पर लिया गया सही निर्णय और सरकारी योजनाओं का लाभ किसी की भी ज़िंदगी बदल सकता है। स्कूल में हुए चिरायु स्वास्थ्य परीक्षण ने एक गंभीर बीमारी को समय रहते पकड़ लिया, जिससे सोनाक्षी को नया जीवन मिलने के साथ ही अन्य बच्चों और अभिभावकों में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी। सोनाक्षी और उसका परिवार आज पूरे दिल से चिरायु योजना और उससे जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने एक मासूम बच्ची को फिर से मुस्कुराने का मौका दिया।

### पार्षद निधि से विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न

**नगरी / नवप्रदेश।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 3 रामनगर एवं वार्ड क्रमांक 4 महात्मा गांधी वार्ड में पार्षद निधि अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में दोनों महत्वाकांक्षी निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई। जिसमे

वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद नरेश पटेल द्वारा अपनी पार्षद निधि से महात्मा गांधी चौक में मिनी उद्यान निर्माण हेतु 3 लाख की लागत से कार्य प्रस्तावित किया गया था। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया।वहीं वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद मिक्की गुप्ता द्वारा रामनगर चौक स्थित राम मंदिर के समीप चबूतरा निर्माण एवं टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व अध्यक्ष नगेन्द्र शुक्ला, नंदकुमार यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता कमल डागा, मोहन नाटा, पार्षद अश्वनी निषाद, शंकरदेव, मिक्की गुप्ता, देवचरण ध्रुव, नरेश पटेल हेमलता यादव, हरीश यादव लक्ष्मी गुप्ता गौरव उपस्थित रहे।

### दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को किया गया प्रशिक्षित

**कांकेर/ नवप्रदेश।** कलेक्टर के निर्देशानुसार समावेशी शिक्षा अंतर्गत शालाओं में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन बी.आर.सी. भवन कांकेर में किया गया।

उक्त कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स श्री दीपक सोनवानी एवं श्रीमती सरोज पाण्डेय द्वारा दिव्यांग बच्चों के पालक एवं अभिभावकों को समावेशी शिक्षा के महत्व और दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें संवेदनशील बनाने और उनका मार्गदर्शन करने, पाठ्यक्रम अनुकूलन, कक्षा रणनीतियों, सहायक उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया।

जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन आसानी से करना व दिव्यांग बच्चों के बीच संवेदनशीलता का विकास करना था, जिससे पालक दिव्यांग बच्चों के भावनाओं और आवश्यकताओं को समझ सकें।

### सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**नगरी / नवप्रदेश।** विकासखण्ड स्रोत समन्वयक एवं संकुल समन्वयकों के सम्मान में बी.आर.सी. प्रशिक्षण हॉल, नगरी में गरिमामय विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समन्वयकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के.एल. कौशिक, एच.एल. नाग एवं बी.एम. साहू रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नगरी श्रीमती महेश्वरी ध्रुव ने की।

# पैराडाइज स्कूल के बच्चों को मॉकड्रिल कर फायर सेफ्टी की दी गई जानकारी

**कांकेर / नवप्रदेश।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में कांकेर नगर सेना से फायर ब्रिगेड के टीम के द्वारा, स्कूल के फायर एक्टिवेशन सिस्टम का मॉकड्रिल कर फायर सेफ्टी की जानकारी दी गई। टीम लिडर शत्रुघन सिन्हा द्वारा आग से जीवन की सुरक्षा के बारे छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी। फायर ब्रिगेड आग लगने पर उसे कैसे बुझाई जाती है, मॉकड्रिल कर अग्निशमन के बारे में बताया गया इस टीम के द्वारा ईंधन गैस में लगने वाली आग, डीजल पेट्रोल एवं अन्य प्रकार के आग से किस प्रकार से बचा जा सकता है मॉकड्रिल के द्वारा प्रदर्शन किया गया, फायर ब्रिगेड टीम ने अपने कार्यो के विषय में बच्चों को जानकारी देते हुये बताया कि फायर ब्रिगेड की भूमिका आग बुझाना, जब किसी स्थान पर आग लग जाती है, तो फायर ब्रिगेड के कर्मचारी तुरंत पहुंचकर उसे बुझाने का काम करते है। फायर ब्रिगेड की टीम लोगों को आग से सुरक्षा सुनिश्चित करती है, खासकर जब आग किसी घर, संस्थान या अन्य जगहों पर लग जाती है। आग के अलावा भी ये टीम अन्य आपातकालीन परिस्थियों में अगर आग लगे तो घबराना नहीं चाहिए, सबसे पहले तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन करें, घर के रखना और कभी भी जलते हुए पदार्थों को अकेला छोड़ना नहीं आदि अन्य सावधानियों के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया।पैराडाइज स्कूल में लगे फायर एक्टिवेशन, वाटर स्प्लाई सेफ्टी सिस्टम सायरन सिस्टम एवं अन्य सभी अग्निशमक यंत्रों का मॉकड्रिल कर आग से जीवन की सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम को फायर ब्रिगेड के जवान शत्रुघन सिन्हा स्टेशन प्रभारी, किशोर पटेल फायरमैन, गोविन्दराम जैन फायर वाहन चालक, फरसराम कवाची, लुकेश कुमार दर्रो फायर ब्रिगेड कर्मचारी द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

इस विस्तृत फायर सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम को संपन्न कराने मे प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ठाकुर, कोऑर्डिनेटर एम भुवनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू, के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रुब्बी खान, दीपांजली गोगोई, वर्षा रामानी, मेघा सेवा, एस. मर्सी, कृष्णपद कुंभकार, तीरथ साहू, सरिता मिश्रा, संगीता भारती, आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सिंघोला में उदित मुनि नाम साहब के आगमन को लेकर बैठक

**राजनांदगांव /नव प्रदेश** जिले के ग्राम सिंघोला में सद्गुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली प्रतिनिधि श्रभ दामाखेड़ा से परम पूज्य पंथ श्री हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहब की दया से हमारे सोलहवें वंश प्रतापाचार्य परम पूज्य पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब का चादर तिलक के बाद राजनांदगांव जिले के ग्राम सिंघोला में प्रथम आगमन होने जा रहा है। यह आयोजन सिंघोला के भुवनेश्वरी माता धरा धाम मिनी स्टेडियम में 10 एवं 11 मार्च को नियत किया गया है। जिसकी तैयारी को लेकर सुरगी एवं सिंघोला परी क्षेत्रीय व राजनांदगांव जिले भर के कबीर पंथी समाज हुजूर साहब के आगमन को लेकर हर्ष उल्लास के साथ तैयारी शुरू कर दिया गया है। जिसकी बैठक में तैयारी की रूपरेखा तैयार किया जा रहा है। जिसमें बालोद एवं राजनांदगांव जिले से कबीर पंथी समाज बड़ी संख्या में हुजूर साहब के कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी में लगे हुए हैं।

# समाजसेवी संस्था ने कराई पुल में खराब रेलिंग की मरम्मत, नगर के लोगों ने सराहा

**कांकेर / नवप्रदेश।** शहर के नामचीन समाजसेवी संस्था जन सहयोग द्वारा आज लीक से हटकर जनहित का एक बहुत बड़ा काम किया गया, जिसकी नागरिकों द्वारा प्रशंसा की जा रही है। अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के संज्ञान में यह बात लाई गई कि नेशनल हाईवे पर दूधनदी के पुराने पुल के किनारे लगी हुई रेलिंग जर्जर हो गई है टूट फूट गई है, जिसके कारण नेशनल हाईवे पर दौड़ते वाहनों को सीधे नदी में गिरने का खतरा हो गया है। इसके अलावा जान बचाने के चक्कर में कोई पैदल अथवा छोटे वाहन वाला व्यक्ति भी दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है। जन सहयोग के सदस्यों ने अध्यक्ष के नेतृत्व में स्थल निरीक्षण कर वास्तव में टूटी रेलिंग को खतरनाक पाया और फिर सारे सदस्य उसकी मरम्मत कर मजबूत बनाने में जुट गए। बाँसबल्ली आदि की सहायता से रेलिंग के सभी टूटे भागों को जोड़ दिया गया।अपने वक्तव्य में जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी कहा कि पुल के किनारे इस प्रकार की टूटी-फूटी रेलिंग होना निश्चित रूप से भयावह है और कभी भी कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है इसे ध्यान में रखकर हम लोगों ने हमसे जितना बना उतना मज़बूत काम कर दिया है आगे आम लोगों को भी चाहिए कि रेलिंग से छेड़छाड़ ना करें ताकि भविष्य में कोई दुर्घटना न हो सके। यहां नदी का तल काफी गहरा है और उतनी ऊंचाई से गिरकर किसी का भी बचना मुश्किल है इसलिए रेलिंग का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। आज के इस पुण्य कार्य में अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा धर्मेंद्र देव डॉक्टर श्याम देव करण नेताम शैलेंद्र देहारी अजय पांडे, अखिलेश साहू आदि समाजसेवियों ने कसकर श्रमदान किया।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

**कोरबा / कलेक्टर श्री कुणाल** दुदावत ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में दूरस्थ ग्रामीण अंचलों एवं शहरी क्षेत्रों से अपनी समस्याओं के समाधान की के लिए पहुंचे नागरिकों की आवेदनों को गम्भीरता से सुना।

कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को संवेदनशीलता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचे, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

खम्हरिया सहित अन्य पंचायतों में खाद्यान्न वितरण में आ रही परेशानियों को लेकर पहुंचे ग्रामीणों को राहत पहुंचाते हुए कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी को संबंधित पंचायतों में स्वयं जाकर शिकायतों की जांच करने तथा पात्र हितग्राहियों को शीघ्र राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली सुचारु रूप से संचालित हो और किसी भी पात्र परिवार को खाद्यान्न से वंचित न रहना पड़े।

जनदर्शन में खाद्यान्न वितरण, फौती नामांतरण, सीमांकन, पीएम आवास, रोजगार, मुआवजा, पेंशन, नए आंगनबाड़ी भवन की मांग, दिव्यांगता कार्ड, ट्राई सायकिल एवं वनाधिकार पट्टा सहित कुल 119 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दिनेश नाग, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, श्री ओंकार यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सेक्टर बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

**महासमुंद / नवप्रदेश।** जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा के उद्देश्य से आयोजित सेक्टर बैठक में जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का विजिट कर कार्यक्रमों की स्थिति का जायजा लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।सेक्टर बैठक के अंतर्गत सरायपाली, बसना, पिथौरा, खल्लारी एवं गड़फुलझर सेक्टर के स्वास्थ्य संस्थानों में विजिट किया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली, बसना, पिथौरा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा, तोषगांव, लम्बर, भंवरपुर, बहमनी, सलडीह, खल्लारी, खमरिया, खट्टी, बरौली एवं सेक्टर गड़फुलझर में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में प्रसव, मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में कमी, एनसीडी के दौरान एमडीए अभियान, टीबी केस खोज एवं उपचार तथा अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने कहा कि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू करना विभाग की प्राथमिकता है। नियमित सेक्टर बैठक एवं फील्ड विजिट के माध्यम से स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# उप मुख्यमंत्री शर्मा ने किया 14वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**■ खिलाड़ियों में दिखेगा अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रीय एकता का जज्बा**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई में 23 से 27 फरवरी तक आयोजित 14 वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ आज उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया। प्रतियोगिता अखिल भारतीय पुलिस कंट्रोल बोर्ड, नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 437 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। इनमें 285 पुरुष और 152 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। कार्यक्रम में टीमों के साथ मैनेजर व कोच भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी टीम मैनेजरों से परिचय प्राप्त किया। तीरंदाजी प्रतियोगिता के तीन प्रमुख इवेंट इंडियन राउंड, रिकर्व और कंपाउंड शामिल हैं। समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रतिष्ठित स्तर की अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी

प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर छत्तीसगढ़ राज्य को मिलना गर्व का विषय है। खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का सशक्त साधन हैं। देश के कोने-कोने से आए खिलाड़ी यहां एक मंच पर एकत्र हुए हैं, जो भारत की विविधता में एकता की भावना को साकार करते हैं। पुलिस और केंद्रीय बलों के खिलाड़ी देश की सुरक्षा का दायित्व निभाने के साथ ही खेल मैदान में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। प्रतियोगिता में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित खिलाडि़यों की उपस्थिति इस आयोजन की गरिमा को और बढ़ाती है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति कलर अवार्ड से सम्मानित किया जाना पूरे प्रदेश के लिए सम्मान की बात है। नक्सलवाद के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, आधुनिक तकनीकों का उपयोग, ड्रोन के माध्यम से पेट्रोलिंग और सुरक्षा व्यवस्था में निरंतर सुधार ये सभी छत्तीसगढ़ पुलिस की दक्षता और प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और पूर्व में वेटलिफ्टिंग सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन इसका उदाहरण है।

इस अवसर पर डीजीपी अरूण देव गौतम, एडीजी विवेकानन्द सिन्हा, एडीजी एसआरपी कल्लूरी, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### शारीरिक, मानसिक क्षमता के विकास में सहायक : अलका

दुर्ग महापौर अलका बाघमार ने कहा कि खेल शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता के विकास में सहायक होते हैं। विभिन्न प्रदेशों से आए खिलाडि़यों के बीच सामंजस्य और एकता की भावना खेलों से ही विकसित होती है। सभी खिलाडि़यों के लिए निवास, परिवहन व सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि उन्हें सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण मिल सके।

## न्यूज गैलरी

### परामर्शदात्री समिति की बैठक 26 को

**दुर्ग।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 26 फरवरी को शाम 4 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में होगी। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी सदस्य (बैंकर्स/शासकीय विभाग के अधिकारी) को प्रस्तावित एजेंडा अनुसार पूर्ण जानकारी सहित समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### वार्षिक अधिवेशन और शिवाजी जयंती समारोह में शामिल हुए विधायक चंद्राकर

**भिलाई।** ग्राम अण्डा में चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज, उपक्षेत्र अण्डा के वार्षिक अधिवेशन व छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, उन्नतशील कृषकों, सफल व्यवसाइयों और वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की गई। मुख्य अतिथि विधायक चंद्राकर ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन और उनके आदर्श हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। उनकी वीरता, साहस और राष्ट्रभक्ति की भावना हमें अपने देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में अध्यक्ष दीनानाथ चंद्राकर, उपाध्यक्ष अमित चंद्राकर, सचिव राजेन्द्र चंद्राकर, कोषाध्यक्ष छत्रपाल चंद्राकर, आनंद चंद्राकर, शिव चंद्राकर, अमित चंद्राकर, तारकेश्वर चंद्राकर, ईश्वर चंद्राकर, डॉ. गोविन्द चंद्राकर, सेवक चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, नकुल चंद्राकर, लोकमनी चंद्राकर, संजय चंद्राकर, त्रेता चंद्राकर, गोलू चंद्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा, जिपं सदस्य आशा मिश्रा, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, जनपद सभापति लोमस चंद्राकर, सोसाइटी अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर, योगिता चंद्राकर, यशवंत चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### कादम्बरी नगर में संगीतमय राम कथा

**दुर्ग।** कादम्बरी नगर वार्ड 17 में भक्ति और श्रद्धा से सराबोर संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया गया। रामायण महिला समिति कादम्बरी नगर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कथा के दौरान राम भक्ति से सराबोर भजन, सुंदर कांड के प्रसंग और भक्तिमय वातावरण से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक अनुभूति से भर उठा। संगीतमय राम कथा में महापौर अलका बाघमार शामिल हुई। इस अवसर पर देवनारायण चन्द्राकर, पार्षद सुरूचि उमरे भी मौजूद रहे। महापौर ने भक्ति भाव से कथा सुनने के बाद कथा वाचक महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया। महापौर बाघमार ने कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली आदर्श शिक्षा है। रामायण से हमें मर्यादा, त्याग, सेवा और आदर्शों पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

### 18 माह में तैयार होगा नालंदा परिसर

**दुर्ग।** मालवीय नगर स्थित नालंदा परिसर निर्माण कार्य का महापौर अलका बाघमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, सहायक अभियंता राजेन्द्र धबाले, उप अभियंता हरिशंकर साहू मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान स्थल पर मौजूद अधिकारियों और इंजीनियरों से कार्य की वर्तमान स्थिति,तकनीकी गुणवत्ता, लागत व निर्धारित समय-सीमा को लेकर विस्तार से जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या मानकों से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमित मॉनिटरिंग कर कार्य की प्रगति सुनिश्चित करने और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। नालंदा परिसर का निर्माण कार्य आगामी 18 माह के भीतर हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। समय पर कार्य पूरा न होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। गौरतलब है कि शहर के विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए आधुनिक और सुव्यवस्थित अध्ययन केंद्र के रूप में नालंदा परिसर विकसित किया जा रहा है। यह परिसर शिक्षा के क्षेत्र में दुर्ग शहर को नई पहचान देगा।

### सेक्टर-9 हॉस्पिटल में होगी विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति

**भिलाईनगर।** बीएसपी मैनेजमेंट ने हॉस्पिटल में डाक्टरों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला है। 2 विशेषज्ञ डाक्टरों के अलावा 14 जनरल ड्यूटी मेडिकल अफसरों की भर्ती होगी। इसमें भिलाई के लिए 12 और माइंस के लिए 4 पदों पर आवेदन किया जा सकता है। बीएसपी या सेल की दूसरी यूनिटों से रिटायर, दूसरे पीएसयू या सरकारी आफिस से रिटायर हो चुके डाक्टर या एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरा करने वाले डाक्टर पात्र हैं। वालंटरी रिटारयमेंट के जरिए अलग हो गए हैं, वे अप्लाई नहीं कर सकेंगे। डाक्टरों की नियुक्ति फिलहाल एक वर्ष के लिए की जा रही है लेकिन कम्पनी अपनी मर्जी से एक साल की अवधि बढ़ा सकती है। अधिकतम अवधि 3 वर्ष ही होगी। सेवा अवधि में बढ़ोतरी डाक्टरों के 2 पोस्ट है। ये पद रिटायर हो चुके डाक्टरों के लिए ही है। 26 फरवरी को सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक इंटरव्यू होगा।

विधायक देवेन्द्र यादव ने बीएसपी की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मोर्चा तेज किया

# लीज और रिटेंशन स्कीम को लेकर बीएसपी प्रबंधन के विरोध में 22 मार्च को पैदल मार्च

**भिलाई नगर/नवप्रदेश।** भिलाई इस्पात संयंत्र में हाउस लीज और रिटायर्ड कर्मचारियों के परमानेंट सेटलमेंट को लेकर भिलाई नहीं बिकने देंगे अभियान के तहत लगातार आंदोलन किया जा रहा है। बीएसपी प्रबंधन की जनविरोधी नीतियों के विरोध में अब विधायक देवेंद्र यादव ने 22 मार्च को पदयात्रा का ऐलान किया है। पदयात्रा सिविक सेंटर से शुरू होगी और सेंट्रल एवेन्यू होते हुए भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 मैदान में समाप्त होगी। गत दिवस सेक्टर 2 स्थित शक्ति सदन में जनसंवाद करते हुए विधायक देवेंद्र ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन ने दो माह बाद

भी हाउस लीज और रिटेंशन स्कीम की दरों में वृद्धि से संबंधित आदेश को वापस नहीं लिया है। दिसंबर में प्रबंधन ने 15 दिनों के अंदर हाउस लीज और रिटेंशन स्कीम की किराये की दर वृद्धि को लेकर उचित निर्णय लेने की बात कही थी। प्रबंधन द्वारा लीज और रिटेंशन स्कीम के मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसके विरोध में आंदोलन का विस्तार करते हुए अब पैदल मार्च करने का निर्णय लिया गया है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी के लिए आवास की वैकल्पिक व्यवस्था को पूर्ववत दो माह के बजाय दो साल तक जारी रखने जैसे विषयों को रखा गया। विधायक देवेंद्र ने अपने हक और अधिकार के लिए बीएसपी कार्मिकों के परिवार के युवाओं को आंदोलन में सहभागी बनने का आव्हान किया।

संवाद कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, पार्षद नोमिन साहू, पार्षद साधना सिंह, राजेन्द्र परगनिहा, हरीश सिंह, अभिषेक अवस्थी हाउस लीज संघर्ष समिति के पदाधिकारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### किराए में वृद्धि से बीएसपी कर्मी त्रस्त

संवाद कार्यक्रम के दौरान बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारी, लीज और रिटेंशनधारियों ने कहा कि आवास किराये की दर में 24 रुपये प्रति वर्ग फीट की दर से अमानवीय वृद्धि की गई है। बिजली, पानी सप्लाई की समस्याएं भी बताई। सीनियर सिटीजन ने सेक्टर 9 चिकित्सालय में इलाज और उपचार के दौरान होने वाली परेशानियों की जानकारी दी।

# एआई समिट में अर्धनग्न प्रदर्शन के विरोध में महिला मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**भिलाई/नवप्रदेश।** दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान युवा कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन के विरोध में बीजेपी महिला मोर्चा ने सुपेला घड़ी चौक पर कांग्रेस और राहुल गांधी का पुतला फूंका। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक के नेतृत्व में सुपेला घड़ी चौक पर हाथों में तख्तियां लेकर महिलाओं ने कांग्रेस के खिलाफनारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेतृत्व से माफी मांगने की मांग भी की गई।

महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि एआई समिट जैसा वैश्विक मंच भारत की तकनीकी क्षमता और नवाचार को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का अवसर था। ऐसे आयोजन में अर्धनग्न होकर विरोध करना न केवल असंवेदनशील है, बल्कि इससे देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। कांग्रेस राजनीतिक लाभ के लिए किसी भी स्तर तक जा सकती है।

भाजपा नेत्रियों ने कहा कि कांग्रेस अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस नेतृत्व इस कृत्य पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगे।

## कृतेश का ईस्ट जोन विजी ट्रॉफी में चयन

**कुम्हारी/नवप्रदेश।** स्थानीय टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के उदीयमान क्रिकेटर कृतेश साहू का चयन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित विज्जी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए ईस्ट ज़ोन टीम में किया गया है। विज्जी ट्रॉफी देश की प्रमुख अंतर-क्षेत्रीय (इंटर-ज़ोनल) क्रिकेट प्रतियोगिताओं में से एक है, जिसमें पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और मध्य ज़ोन की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलता है। कृतेश साहू ने कटक मे आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता मे पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी के कप्तान के रूप मे खेलते हुए पहले मैच मे घासीदास विश्व विद्यालय के खिलाफ 59 बॉल मे 124 रन की पारी खेली। दूसरे मैच मे रांची यूनिवर्सिटी के खिलाफ 51 बॉल मे 101 रन की पारी की बदौलत वीजी ट्रॉफी टीम में अपनी जगह बनाई। कृतेश साहू वीजी ट्रॉफी के पहले कटक ओड़िशा मे 19 से 24 फरवरी तक वीजी ट्रॉफी के लिए कैम्प मे रहेंगे। कैम्प के बाद टीम गोवा के लिए रवाना होगी, जहां 1 मार्च से वीजी ट्रॉफी प्रतियोगिता शुरू होगी।

# महापौर ने गुणवत्तापूर्ण कार्य करने दिए सख्त निर्देश

**■ कसारीडीह वार्ड में होगा पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य**

**■ पेवर ब्लाक कार्य में गड़बड़ी करने पर होगी कार्रवाई**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** महापौर अलका बाघमार ने आज कसारीडीह वार्ड में 8 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक कार्य का भूमिपूजन किया। महापौर ने कहा कि निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विकास कार्य बेहतर गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान किसी भी तरह की कमी या लापरवाही होने पर पेवर ब्लॉक को उखाड़कर दोबारा लगवाया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। कार्यक्रम में सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, एमआईसी मेंबर नरेंद्र बंजारे, शिव नायक, जीतू महोबिया, संजय अग्रवाल, वार्ड 44 पार्षद मनीष कोठारी, जितेंद्र ताम्रकार, राजेन्द्र ढबाले, उमयंती ठाकुर, आयुर जैन उपस्थित रहे।

### वार्ड-44 में पानी की समस्या का समाधान

महापौर अलका बाघमार ने वार्ड 44 का निरीक्षण कर विकास कार्यों का जायजा लिया। वार्ड के रहवासियों की समस्याओं को सुनने के बाद आवश्यक निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं की कमी नहीं होने दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने महापौर को बताया कि पिछले 40 साल से पेयजल संकट की समस्या से जूझ रहे थे। पर्याप्त पानी की सप्लाई न होने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। गर्मी के मौसम में स्थिति और भी विकट हो जाती थी, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष रूप से कठिनाई उठानी पड़ती थी। महापौर अलका बाघमार ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर पानी की समस्या का स्थायी समाधान करने कार्य प्रारंभ कराया। निगम प्रशासन की पहल से वार्ड 44 में पेयजल व्यवस्था को सुचारू किया गया।

## ब्लास्ट फर्नेस कर्मियों की धर्मपत्नियों के लिए विशेष नागरिक सुरक्षा कार्यशाला

**भिलाई/नवप्रदेश।** नागरिक सुरक्षा संगठन छत्तीसगढ़ और ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग, बीएसपी द्वारा ब्लास्ट फर्नेस के कर्मियों की धर्मपत्नियों व गृहिणियों के लिए हम भी हैं तैयार एक दिवसीय विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन सभागार में किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य गृहिणियों को किसी भी आपदा, विपरीत परिस्थिति और संकटकालीन स्थिति में धैर्य और साहस के साथ कार्य करने हेतु सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान संकट का सामना करना, स्वयं व साथियों का बचाव, पीड़ित को सहारा देना और सुरक्षित परिवहन, तात्कालिक स्ट्रेचर तैयार करना, रस्सी के माध्यम से बचाव, प्राथमिक उपचार में रक्तस्राव रोकना, कृत्रिम श्वास प्रदान करना आदि विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई।

नागरिक सुरक्षा संगठन छत्तीसगढ़ ने गृहिणियों को सशक्त और सजग बनाने की जिम्मेदारी लेते हुए हम भी हैं तैयार अभियान के माध्यम से प्रशिक्षित करने का संकल्प लिया है। घर की संपूर्ण जिम्मेदारी प्रायः महिलाओं पर होती है और किसी भी आकस्मिक घटना में प्रथम प्रतिक्रिया देने वाली गृहिणी ही होती है। महिलाएँ घर में अकेली रहती हैं, ऐसे में किसी आपदा या आकस्मिक परिस्थिति में स्वयं और परिवार की सुरक्षा, शीघ्र निर्णय लेना, आपातकालीन सेवा 112 को सूचित करना व मानसिक संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। अनुभाग अधिकारी / कनिष्ठ स्टाफ अधिकारी, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग स्वतंत्र कुमार ने नागरिक सुरक्षा का इतिहास, उद्देश्य, हमारी भूमिका, आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा, घरेलू सुरक्षा, घरेलू उपकरण एवं विद्युत सुरक्षा तथा संचार सेवा विषयों पर प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया। मास्टर तकनीशियन, मर्चेंट मिल सुरेन्द्र नंदेश्वर ने बचाव सेवा एवं प्रदर्शन पर विस्तृत जानकारी दी। नर्सिंग ऑफिसर, राष्ट्रीय औद्योगिक स्वास्थ्य सेवा केन्द्र विभाग दिनेश ग्वाल ने प्राथमिक उपचार विषय पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

# देवबलोदा घटना के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग, एसपी को सौंपा ज्ञापन

**■ युवा शक्ति संगठन ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** देवबलौदा में दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर युवा शक्ति सामाजिक संगठन द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग की गई। युवा शक्ति संगठन ने कहा कि इस घटना से आमजन में भारी आक्रोश है।

विशेष समुदाय को लेकर कुछ लोगों द्वारा आपत्तिजनक गतिविधियां और बयानबाजी की गई, जिससे शहर व प्रदेश के साथ देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द को गंभीर रूप से क्षति पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है।

युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल समाज में तनाव पैदा करती हैं, बल्कि संविधान व कानून-व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती हैं। उन्होंने घटना की निष्पक्ष व समयबद्ध जाँच, दोषियों की पहचान कर सख्त कानूनी कार्रवाई और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने वाले तत्वों पर रोक लगाने की माँग की।

किसी भी व्यक्ति या समूह को देश की एकता और अखंडता से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। ऐसे कृत्यों पर कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में विवेक मिश्रा, संतोष तिवारी, आनंद ताम्रकार, मनीष सोनकर, शिवेश सोनी, विकास सापेकर, सैयद आसिफ, जितेंद्र सारथी, अशोक चंद्राकर, ऋषि साहू, सुधीर चंदेल, तारेंद्र टांडिया, चंदन मटियारा, संदीप साहू, राज पटेल सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

**अच्छी पहल:** मानिकपुरी दंपती ने विधायक की पहल को इकलौते बेटे के लिए बताया जीवन दान

# विधायक रिकेश ने मासूम रुद्रांश की ओपन हार्ट सर्जरी का उठाया खर्च

**भिलाईनगर/ नवप्रदेश।** विधायक रिकेश सेन की पहल से भिलाई विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-42 खुर्सीपार निवासी निर्धन परिवार के मासूम बेटे रुद्रांश की ओपन हार्ट सर्जरी हो सकी है। मासूम बच्चे का दिल्ली में 'ओपन हार्ट सर्जरी' किया गया। विधायक रिकेश ने सर्जरी का पूरा खर्च उठाया।

खुर्सीपार निवासी सविता और जयरामदास मानिकपुरी के इकलौते बेटे रुद्रांश के दिल में जन्म से ही छेद था। गंभीर बीमारी के कारण उसके हृदय में रक्त का संचार सही ढंग से नहीं हो पा रहा था।

रुद्रांश हार्ट में टीजीए, वीएसडी और संकुचित नसों की समस्या से जूझ रहा था, जिसका उपचार छत्तीसगढ़ में संभव नहीं था।

आर्थिक तंगी से जूझ रहे मानिकपुरी दंपति ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से संपर्क किया। सेन ने रुद्रांश के उपचार की पूरी जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लिया। रुद्रांश की सर्जरी, माता-पिता के दिल्ली आने-जाने और वहां रुकने का पूरा खर्च रिकेश ने स्वयं वहन किया। इलाज के दौरान लगभग 18 बार दिल्ली जाने और काउंसलिंग की प्रक्रिया चली।

विधायक ने एम्स दिल्ली में हर एपाइंटमेंट पर परिजनों के आने-जाने और रुकने की व्यवस्था की और लगातार चिकित्सकीय टीम के सम्पर्क में रहे।

वर्ष 2024 के दिसंबर महीने से क्रमिक उपचार के बाद 19 फरवरी को दिल्ली के अस्पताल में रुद्रांश की 'ओपन हार्ट सर्जरी' सफलतापूर्वक संपन्न हुई। रुद्रांश तीन दिनों तक वेंटिलेटर पर रहा और आज भी आईसीयू में है। डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को स्थिर बताया है।

व्यस्त दिनचर्या के बावजूद विधायक रिकेश सेन प्रतिदिन दिल्ली में डॉक्टरों और परिजनों से फोन पर संपर्क कर बच्चे के स्वास्थ्य का अपडेट ले रहे हैं। उन्होंने ईश्वर से मासूम रुद्रांश के शीघ्र स्वस्थ होकर घर लौटने की कामना की है।

### 1-1 रुपए में होगा ब्राइडल मेकअप और मेहंदी

**भिलाई नगर।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के मध्यमवर्गीय और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी में मेकअप-मेहंदी का खर्च सिर्फ एक रुपए में किया जाएगा। विधायक रिकेश सेन ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि सामान्यत: एक दुल्हन का मेकअप 20,000 से 25,000 और मेहंदी का खर्च 1,000 से 5,000 रुपये के बीच होता है। आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बाद क्षेत्र की बेटियों के लिए दोनों सुविधाएं मात्र 1-1 रुपये के टोकन शुल्क पर उपलब्ध होंगी। दुल्हन का श्रृंगार और मेहंदी प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट करेंगे। योजना का लाभ लेने विवाह तिथि से 15 दिन पहले जीरो रोड, शांति नगर स्थित विधायक कार्यालय में सूचना देकर टोकन प्राप्त करना होगा।

## सुविचार

बेहतरीन इंसान अपने आचार और व्यवहार से पहचाना जाता है वरना अच्छी बातें तो दीवारों पर भी लिखी होती हैं।

# श्रीलंका के संसद साधुवाद के पात्र

जनभावनाओं का सम्मान करना जनप्रतिनिधियों का परम पूनित कर्त्व्य होता है। श्रीलंका के संसद साधुवाद के पात्र हैं जिन्होंने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सरकार द्वारा संसद में लाये गये पूर्व सांसदों की पेंशन को बंद करने के प्रस्ताव का समथर्न किया। श्रीलंका के न्याय मंत्री ने यह प्रस्ताव पेश करते हुए कहा था कि श्रीलंका की संसद में सांसदों का आचरण देखकर जनता चाहती है कि पूर्व संसदों का पेंशन बंद किया जाये। इसके बाद यह प्रस्ताव पारित हो गया। निश्चित रूप से श्रीलंका सरकार का यह निर्णय सराहनीय ही नहीं बल्कि अनुकरणीय पहल है। भारत में सोशल मीडिया पर इसे लेकर बहस छिढ गई है। यहां भी लोग चाहते हैं कि पूर्व सांसदो का पेंशन बंद किया जाये। यदि जनमत संग्रह कराया जाएगा तो अधिकांश लोग पूर्व सांसदों के पेशन को बंद करने के समर्थन में ही अपना मत देंगे। हालांकि भारत में सांसदों और विधायकों को पेंशन देना कानून सम्म्मत है किन्तु इसमें भी कई विशंगतियां हैं। कम से कम उन्हें तो दूर किया जाना चाहिए। सांसदों का वेतन और पेंशन तो तय है लेकिन अलग अलग राज्यों में विधायकों की पेंशन और वेतन दोनों में जमीन आसमान का अंतर है। सांसदों को तो पहले पच्चीस हजार रूपये मासिक पेंशन मिलती थी जिसे 24 मार्च 2025 को बढ़ाकर 31 हजार रूपये किया गया था। वहीं विधायकों की पेंशन 25 हजार से लेकर 50 हजार रूपये तक है। सांसदों और विधायकों की पेंशन की उनकी वरिष्ठता के आधार पर की जाती है। यदि कोई विधायक बाद में लोकसभा का सांसद बनता है और फिर राज्यसभा का भी सांसद बन जाता है तो उसे तीहरा पेंशन मिलता है। इसी तरह चार पांच बार के विधायकों को भी अधिक पेंशन मिलती है। ऐसे कई जनप्रतिनिधि हैं जिन्हें प्रतिमाह 3-4 लाख रूपये तक की पेंशन मिल रही है। इस विरोधाभाष को तो समाप्त किया जाना चाहिए। देश में पंजाब एकमात्र ऐसा राज्य है जहां आम आदमी पार्टी की सरकार ने एक विधायक एक पेंशन का नियम लागू किया है। वहां के विधायक चाहे कितनी भी बार विधायक बन चुके हों पूर्व विधायक के रूप में उन्हें एक ही पेंशन दी जाती है। पंजाब सरकार के इस फैसले का अन्य राज्यों को भी अनुकरण करना चाहिए। वर्तमान में पूर्व सांसदों और पूर्व विधायकों को पेंशन के रूप में हर माह करोड़ो का भुगतान किया जाता है साथ ही उन्हें अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराई जाती है जिससे सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। सरकारी कर्मचारियों को तो 30 साल की सेवा के बाद नाममात्र के पेंशन की पात्रता मिलती है जबकि सांसद और विधायक पांच साल के बाद ही पेंशन के रूप में हजारों रूपये पाने के अधिकारी बन जाते हैं। इस बारे में सरकार को श्रीलंका की सरकार से सीख लेकर कारगर पहल करनी चाहिए।

# टीम इंडिया को इस हार से सबक लेने की जरूरत

टी-20 वर्ल्ड के सुपर 8 के पहले ही मैच में भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के हाथों 76 रनों से पराजित हो गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने डेविड मिलर के तूफानी अर्धशतक की बदौलत 187 रन बनाए जिसके जवाब में टीम इंडिया सिर्फ 111 रनों पर ढेर हो गई। अहमदाबाद की इस पिच पर 187 रनों का लक्ष्य प्राप्त करना कोई मुश्किल काम नहीं था लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने तू चल मैं आया वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए अपने विकेट गवां दिये। टीम इंडिया के ओपनिंग बल्लेबाज चल पाये न मध्यम क्रम चल पाया और न ही पूच्छल्ले बल्लेबाजों ने रन बनाए। नतीजतन टीम इंडिया को शर्मनाक पराजय का सामना करना पड़ा। यह ठीक है कि इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की टीम ने बेहतर खेल दिखाया और वह जीत की अधिकारी थी लेकिन भारतीय बल्लेबाजों से ऐसे शर्मनाक प्रदर्शन की किसी को उम्मीद नहीं थी। भारतीय गेंदबाजों ने तो फिर भी बेहतर काम किया और दक्षिण अफ्रीका को 225 रनों तक जाने से रोक कर 187 रनों पर ही समेट दिया। किन्तु भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। बहरहाल इस हार के बाद अब टीम इंडिया के सेमीफाइनल में पहुंचने की राह बेहद कठिन हो गई है। उसे अपने दोनों मैच जीतने होंगे और वह भी भारी अंतर से अन्यथा दोनों मैच जीतकर भी यदि उसका रन रेट कम हो जाता है तो वह सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो सकती है। टीम इंडिया को बीती ताही बिसार कर अब आगे की सुध लेना चाहिए और अपनी इस हार से सबक लेकर बाकी बचे दोनें मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करनी चाहिए तभी वह एक बार फिर वर्ल्ड कप जीतने में सफल होगी।

## सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ आज का ये दिन कल बन जाएगा। कल को तुम पीछे मुड़ के न देख प्यारे !! आगे बढ़ते चलकृ आगे बढ़ते चल।

◆ जिसने जीते जी एक बार इस शरीर को मिटा दिया, जिसने खुद ही को मिटा दिया; उस मिट जाने का नाम ही जिंदा होना है।

## आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1894 - निकारागुआ ने होंडुरास की राजधानी तेगुसिगालपा पर क़ब्ज़ा किया। 1895 - क्यूबा में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिये लड़ाई शुरु हुई। 1942 - नाजी नेताओं के दुष्प्रचार का जवाब देने के लिए वॉयस ऑफअमेरिका ने जर्मन में अपना पहला प्रसारण किया। 1961 - मद्रास की सरकार ने राज्य का नाम बदलकर तमिलनाडु करने का फैसला किया। 1976 - अर्जेन्टीना में सेना प्रमुखों द्वारा बलात् सत्ता ग्रहण, राष्ट्रपति श्रीमती पैरों गिरफ्तार एवं संसद भंग। 1983 - असम में तीन सप्ताह की जातीय और राजनीतिक हिंसा में 1300 से ज्यादा लोगों की मौत। 2001 - पाकिस्तान भारत से परमाणु निवारण के लिए वार्ता को तैयार। 2002 - कनाडा ने पुरुषों की आइस हॉकी स्पर्धा में 50 वर्ष बाद पहला स्वर्ण पदक जीता। कनाडा को आइस हॉकी का जनक माना जाता है। देश की महिला टीम ने इससे तीन दिन पहले ही स्वर्ण पदक जीता था। 2003 - चीन के जिजियांग प्रान्त में भीषण भूकम्प से 257 मरे।

# अमेरिकी करों का बदलता स्वरूप और भारत की रणनीति

महेन्द्र तिवारी

जी-20 और क्वाड जैसे समूह भी इस दिशा में कूटनीतिक दबाव बनाने के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। जवाबी कर लगाना एक अंतिम विकल्प होना चाहिए, क्योंकि इससे व्यापार युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक होगी, जैसा कि हमने 2018 में देखा था। डिजिटल सेवाओं और सॉफ्टवेयर निर्यात के क्षेत्र में भारत की स्थिति अधिक सुरक्षित है क्योंकि ये क्षेत्र भौतिक वस्तुओं पर लगने वाले सीमा शुल्कों से कम प्रभावित होते हैं। भारत को अपनी इस शक्ति का लाभ उठाना चाहिए। साथ ही, निर्यातकों के लिए बीमा योजनाओं और धन वापसी की प्रक्रियाओं को सरल बनाना होगा ताकि उनकी कार्यशील पूंजी अवरुद्ध न हो।

ट्रंप प्रशासन द्वारा वैश्विक आयात पर लगाए गए नए करों ने अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक जगत में एक अभूतपूर्व हलचल पैदा कर दी है। वर्ष 2026 के शुरुआती महीनों में अमेरिकी शासन और न्यायपालिका के बीच जो खींचतान देखने को मिली है, उसने भारत जैसे बड़े व्यापारिक साझेदारों के लिए अनिश्चितता और अवसर दोनों की स्थिति उत्पन्न की है। 20 फरवरी 2026 को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति द्वारा पूर्व में लगाए गए कुछ विशेष शुल्कों को अवैध ठहराते हुए यह स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत दी गई शक्तियों का असीमित उपयोग नहीं किया जा सकता। इस न्यायिक निर्णय ने भारत के लिए कुछ समय के लिए राहत की स्थिति उत्पन्न की थी क्योंकि इससे पारस्परिक करों की दर जो अठारह से पच्चीस प्रतिशत तक जा सकती थी, वह घटकर न्यूनतम व्यापारिक दरों पर आने की संभावना बन गई थी। किंतु इसके तुरंत बाद अमेरिकी नेतृत्व ने व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 122 का प्रयोग करते हुए वैश्विक स्तर पर पहले दस प्रतिशत और फिर पंद्रह प्रतिशत के नए शुल्कों की घोषणा कर दी। यह नए शुल्क 150 दिनों की अवधि के लिए लागू किए गए हैं, जिसका मुख्य आधार भुगतान संतुलन की समस्या को बताया गया है। भारत के दृष्टिकोण से देखें तो अमेरिका उसका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है, जहाँ वह प्रतिवर्ष लगभग अठारह प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अठहत्तर अरब डॉलर से अधिक का माल भेजता है। अमेरिकी प्रशासन का यह तर्क कि अन्य देश दशकों से उनका शोषण कर रहे हैं और व्यापार घाटे को कम करना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है, भारत के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय ने इन परिस्थितियों का सूक्ष्मता से आकलन करना आरंभ कर दिया है। 25 फरवरी 2026 से प्रभावी होने वाले इन पंद्रह प्रतिशत के शुल्कों का सीधा प्रहार भारत के औषधीय निर्माण, वस्त्र उद्योग और अभियांत्रिकी वस्तुओं पर पड़ेगा। भारतीय औषधीय क्षेत्र का लगभग बीस प्रतिशत निर्यात केवल अमेरिका को होता है, जो अब महंगा हो जाएगा। इसी प्रकार वस्त्र उद्योग में दस प्रतिशत की हिस्सेदारी और अभियांत्रिकी वस्तुओं की व्यापक पहुंच पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अमेरिकी वित्त विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि यद्यपि यह कदम

वर्तमान में अस्थायी हैं, परंतु आने वाले समय में राष्ट्रीय सुरक्षा और अनुचित व्यापार प्रथाओं से संबंधित अन्य धाराओं के अंतर्गत इन्हें स्थायी रूप से भी लागू किया जा सकता है।

भारत की प्रतिक्रिया इस पूरे विवाद में बहुत ही संतुलित और परिपक्व रही है। भारत सरकार ने नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था पर जोर देते हुए यह स्पष्ट किया है कि वह बातचीत के माध्यम से समाधान निकालने की पक्षधर है। 7 फरवरी 2026 को जारी किए गए संयुक्त वक्तव्य में भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा बदलाव करते हुए रूस से कच्चा तेल खरीदने की मात्रा कम करने और उसके बदले अमेरिका से ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और कोयले की खरीद बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। यह अनुमान लगाया गया है कि भारत आने वाले समय में अमेरिका से लगभग पांच सौ अरब डॉलर की खरीद कर सकता है, जो दोनों देशों के बीच व्यापारिक संतुलन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। भारत का मानना है कि यदि द्विपक्षीय व्यापार समझौता सफलतापूर्वक संपन्न होता है, तो वह इन अतिरिक्त शुल्कों से मुक्ति पा सकता है। भारतीय संघ बजट 2026 में भी इस दिशा में दूरदर्शिता दिखाई गई है, जहाँ निर्यातकों को राहत देने के लिए सीमा शुल्क में कटौती की गई है। व्यक्तिगत आयात पर करों को बीस प्रतिशत से घटाकर दस प्रतिशत करना इसी रणनीति का हिस्सा है ताकि घरेलू विनिर्माण को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सके।

भारत की आगामी रणनीति बहुआयामी होनी चाहिए ताकि अमेरिकी बाजार पर उसकी निर्भरता कम हो और वह एक स्वावलंबी आर्थिक शक्ति के रूप में उभर सके। सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ निर्यात का विविधीकरण है। भारत को अब केवल अमेरिका पर केंद्रित न रहकर यूरोपीय संघ, दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के संगठन और अफ्रीकी महाद्वीप के उभरते बाजारों की ओर देखना होगा। उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर पुनः विचार करना आवश्यक है जहाँ भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है। दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष घरेलू विनिर्माण क्षमता को सुदृढ़ करना है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से भारत ने पहले ही स्मार्टफोन और विद्युत चालित वाहनों के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है, जिसे अब अन्य क्षेत्रों में भी दोहराने की आवश्यकता है। मूल्य संवर्धन की श्रृंखला में ऊपर की ओर बढ़ना भारत के लिए अनिवार्य है ताकि वह केवल कच्चे माल का निर्यातक न रहकर उच्च तकनीक वाली वस्तुओं का निर्माता बने। इस व्यापारिक विवाद ने 'मित्र-तटीयकरण' की अवधारणा को भी जन्म दिया है, जिसका अर्थ है कि अमेरिकी कंपनियां चीन जैसे देशों से अपना उत्पादन हटाकर भारत जैसे मित्र राष्ट्रों में स्थानांतरित करें। यह लंबी अवधि में भारत के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। यदि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करती हैं और यहाँ से वैश्विक आपूर्ति सुनिश्चित करती हैं, तो टैरिफके प्रभाव को कम किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, भारत को विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भी अपनी आवाज बुलंद रखनी होगी। यदि अमेरिकी प्रशासन धारा 122 का दुरुपयोग करता है, तो भारत को अन्य प्रभावित राष्ट्रों के साथ मिलकर एक सामूहिक मोर्चा बनाना चाहिए।

# बुनियादी ढांचे के लिए भारत की संस्थागत संरचना

अरिहन्तक कुमार

मीटिंग के एजेंडा, मिनट्स और समीक्षा दस्तावेज सीधे डेटा से जेनरेट होते हैं, जिससे रूटीन रिपोर्टिंग का काम कम होता है और फैसले लेने पर फोकस बढ़ता है। नतीजतन, ज़्यादातर मुद्दे इस टेक्नोलॉजी-सक्षम समन्वयस के ज़रिए चुपचाप हल हो जाते हैं, जबकि ज़्यादा जटिल, अंतर-मंत्रालयी रुकावटों को एक कैलिब्रेटेड फ्रेमवर्क के ज़रिए टॉप प्लेटफॉर्म तक पहुंचाया जाता है। यह वृद्धि नाटकीय नहीं होती; यह सोच समझकर की जाती है। इस तरह, पीएमजी को केंद्र में रखकर बनाया गया यह प्रगति इकोसिस्टम, टेक्नोलॉजी और गवर्नेंस को जोड़ता है, डेटा को फैसलों में और फैसलों को डिलीवरी में बदलता है। इस सिस्टम में, काम पूरा होना सिर्फएक उम्मीद नहीं है, बल्कि एक अपेक्षा है। मैंने देखा है कि मंत्रालयों और राज्यों में व्यवहार कैसे बदला है। जब हर कोई एक ही सच देखता है, तो बिखराव असहज हो जाता है।

आज़ादी के बाद से, बुनियादी ढांचे ने भारत की प्रगति की सोच को आकार दिया है। कल्पंना साफ़ थीः रेलवे दूर-दराज के इलाकों को जोड़ेगी, राजमार्ग राज्यों के बीच व्यापार करेंगे, बांध ऊर्जा और सिंचाई का आधार बनेंगे, और बिजली की लाइनें सबसे दूर के गांवों तक रोशनी पहुंचाएंगी। जैसे-जैसे प्रोजेक्ट बड़े होते गए, वे और भी उलझते गए। ज़मीन मंज़ूरी का इंतज़ार करती रही, मंज़ूरी डिज़ाइनों का इंतज़ार करती रहीं, डिज़ाइन उपयोग बदलने का इंतज़ार करते रहे, और इसके लाभ दूसरे कार्यालय, दूसरे अधिकार क्षेत्र, दूसरी फ़ाइल में दबी मंज़ूरियों का इंतज़ार करती रहीं। हर देरी का एक कारण था, हर कारण का कोई जिम्मेदार था, और फिर भी कोई भी असल में नतीजे की ज़िम्मेदारी नहीं लेता था। सालों तक, अनेक परियोजनाएं टुकड़ों-टुकड़ों में चलती रही, जिनकी समीक्षा अलग-अलग की गई, बाद में सफाई दी गई, और हमेशा के लिए देरी होती रही। जब तरक्की रुकी, तो ज़िम्मेदारी प्रक्रिया में घुल गई। हर जगह हलचल थी, लेकिन कहीं भी गति नहीं थी। जिस चीज़ की कमी थी, वह इरादा या निवेश नहीं था, बल्कि एक ऐसा फोरम था जहाँ आपस में जुड़ी हुई रुकावटों को एक साथ देखा जा सके, एक साथ सुलझाया जा सके और उन्हें खत्म किया जा सके। प्रोजेक्ट गवर्नेंस में इसी शांत लेकिन महत्वपूर्ण कमी को प्रगति के नेतृत्वझ वाले इकोसिस्टम ने भरने का बीड़ा उठाया। प्रगति, समीक्षा की एक नई परत के रूप में नहीं आई, बल्कि एक ऐसे जंक्शन के रूप में आई जहाँ समानांतर ट्रैक आखिरकार मिले। इसकी कल्पना 2015 में की गई, यह देखने में एक आसान सा विचार थाः कि निगरानी से फैसले होने चाहिए, और फैसलों का नतीजा डिलीवरी होना चाहिए। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में, यह केन्द्रीय सचिवों और राज्य के मुख्य सचिवों को एक साथ लाया, और उन लोगों को एक साथ जोड़ा जिनके पास राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं और उनकी रुकावटों के बारे में एक ही, साझा नज़रिए के साथ काम करने की शक्ति थी। उस कमरे में, देरी अब भाषा के पीछे छिप नहीं सकती थी। विशेष उपलब्धियों की जांच की गई, मुद्दों को सामने लाया गया, और

सीधे सवाल पूछे गए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ज़िम्मेदारी का एक नाम, एक निर्धारित समय और वापस आने की तारीख तय की गई। फिर भी, प्रगति की असली कहानी सिर्फ़ इन उच्चमस्ततरीय समीक्षाओं के दौरान सामने नहीं आती। यह उस शांत, लगातार चल रहे काम में ज़िंदा रहती है जो इनसे पहले और बाद में होता है। यह तैयारी का अनुशासन, संस्थागत स्मृति और फॉलो-थ्रू प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) द्वारा प्रदान किया जाता है, जो इस ईकोसिस्टम परिचालन की रीढ़ है। मैंने पीएमजी को उस तरह से बढ़ते देखा है जैसे संस्थाएं शायद ही कभी बढ़ती हैं, धैर्य और उद्देश्य के साथ। जो एक साधारण डिजिटल इंटरफ़ेस के रूप में शुरू हुआ था, वह एक परिपक्व, टेक्नोलॉजी-संचालित, उपलब्धियों पर आधारित निगरानी प्लेटफ़ॉर्म में विकसित हो गया है जिसने भारत में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर नजर रखने और समाधान का तरीका बदल दिया है। इस वास्तुथकला के भीतर, पीएमजी समेकन और विश्लेषण के पहले बिंदु के रूप में कार्य करता है, जो प्रहरी और संचारक दोनों के रूप में काम करता है। टीम परियोजनाओं पर बारीकी से नजर रखती है, ज़मीनी हकीकत सुनती है, दावों को प्रमाणित करती है, और जटिल इनपुट को प्रगति के तहत उच्च-स्तरीय समीक्षाओं के लिए संरचित जानकारियों में बदलती है। जो जानकारी पहले फ़ाइलों, पत्राचार और समय-समय पर होने वाली समीक्षाओं में बिखरी रहती थी, वह अब एक ही डिजिटल सिस्टम में समेकित हो गई है, जिसमें प्रगति, लागत, समय-सीमा, उपलब्धि और ज़मीन से मिली तस्वीरों के सबूतों पर वास्ततविक समय के आंकड़े शामिल है। आज, कैबिनेट द्वारा स्वीकृत प्रोजेक्ट मंज़ूरी के कुछ ही दिनों के भीतर सिस्टम में आ जाते हैं, उनकी यात्रा लगातार डेटा प्रवाह के माध्यम से मैप की जाती है जिससे पिछली रिपोर्टिंग के बजाय मौजूदा वास्तविकताओं के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं। इस प्लेटफॉर्म की सबसे खास बात इसकी ढांचागत परियोजना और इश्यू ट्रैकिंग फ्रेमवर्क है। कार्यान्वहयन में आने वाली रुकावटें अब चिट्ठियों या अटैचमेंट में छिपी नहीं रहतीं; उन्हें औपचारिक तौर पर लॉग किया जाता है, टाइम-स्टैम्प किया जाता है, और संबंधित साझेदार को समाधान के लिए तय टाइमलाइन के साथ साफ तौर पर जिम्मेदारी सौंपी जाती है। इसमें शुरू से ही पारदर्शिता शामिल है। केन्द्री य मंत्रालय, राज्य सरकारें, जिला प्रशासन और परियोजना चलाने वाले सभी एक ही जानकारी एक साथ देखते हैं, टिप्पणियां दे सकते हैं, अपडेट अपलोड कर सकते हैं और काम पूरा होने तक प्रगति पर निगरानी रख कर सकते हैं। यह साझा विजिबिलिटी जवाबदेही को पूरी तरह से बदल देती है। रोल-बेस्ड डैशबोर्ड पर्सनलाइज्ड व्यू देते हैं, जिससे सीनियर लीडरशिप से लेकर जिला प्रशासन तक के अधिकारी यह देख पाते हैं कि उनके अधिकार क्षेत्र में किस चीज़ पर ध्यान देने की ज़रूरत है। ऑटोमेटेड अलर्ट, रिमाइंडर और कम्प्लायंस ट्रैकिंग यह पक्का करते हैं कि मुद्दे समय के साथ खत्म न हों, बल्कि समाधान होने तक बार-बार सामने आते रहें।

## पाठकों की बात

## पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सुबह सुबह अपने ग्रहों को ठीक करने वाले गौ माँ और कुत्तो को ब्रेड खिलाने वाले आप का एक ग्रह कभी ठीक नहीं होगा वो है पृथ्वी ग्रह क्यो की आप सारे पोलीथिन पैकेट वही फेक रहे है । गंदगी फैला रहे है जब आप बड़ी मात्रा में ले रहे तो बोर में या थैले में लाए ,या अपना पोलीथिन वापस ले के जाए ।जब धरा ही नहीं रहेगी तो कौन सा ग्रह ठीक करोगे।

**- ऋतु दुबे**

सितम का ब्याज इतना चढ़ा आँखों में देखने की ताकत न रही अपाहिज मन लिये जैसी न थी,वैसी हूँ मैं वक्त का एक एक कर्ज़ उतार दिया जब मैंने तो अब सोच रहे हो ,कैसी हूँ मैं मेरे ज़ख्मी दिल से आकर पूछ तो लो कितना दर्द लिए बैठी हूँ मैं

**- निधि मानवी**

वो बोल कर गये , रुको कुछ पल , मैं अभी लौट आता हूँ , तब से खडा हूँ ,उसी दर पर , निगाहों को रास्ते से लगा कर , कि अब लौटेंगे वो। वो भूल गये रास्ता या , पल ही नही बढ़ते , मैं कही बेताब तो नही , या निगाहे यु ही बेकरार तो नही , मुझे भरोसा तो है उनकी बातो पर , पर इस जालिम दुनिया पे ऐतबार नही।।

**- नमन कुमार मिश्रा 'नमन'**

कह दिया किसने निगाहों को झुका रक्खा है ख्वाब तेरा ही तो पलकों पे सजा रक्खा है बस सलामत रहे तू और तेरी दुनिया ये मैंने हर शह का तभी नाम दुआ रक्खा है।

**- वंदना मोदी गोयल**

ये ज़िंदगी भी कितना दौड़ाएगी नहीं पता मुझे ये ज़िंदगी और कितना रुलाएगी नहीं पता मुझे ये ज़िंदगी कितना संघर्ष करवाएगी नहीं पता मुझे ये ज़िंदगी कितना ठोकर लगाएगी नहीं पता मुझे ये ज़िंदगी कितनी दफ़ा गिराएगी नहीं पता मुझे पता बस इतना है हालात मेरे चाहे जैसे भी हों; बात चाहे जो भी हो मैं हार नहीं मानूँगी।

**- पूजा बहार**

छोड़ दू या तो मैं सारा हिसाब लिखूं। कमल तेरे सितम पर या किताब लिखूं।। जिसे पढ़ते ही सब तेरे खिलाफ हो जाएं। सोचता हूं इश्क मे वो इंकलाब लिखू।। तेरे चेहरे से उठे अगर सवाल कभी। तेरे चेहरे को पढ़कर ही मैं जवाब लिखू।। कोई पूछे तो आकर के एक बार मुझे। तुझसे ज्यादा मैं अपना इश्क कामयाब लिखू।। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो

**- कमलकांत डोंगरे**

भारत माँ को दे रहा, बार बार ये कष्ट। सुधरेगा कब क्या पता, बुद्धिहीन निकृष्ट।। ऐसा कैसा आपका, देश विरोधी राग। लोकतंत्र पर देश के,लगा दिया फिर दाग।। बैठे थे जिस डाल पर, वही काटते डाल। इज्जत पर फिर देश की, कीचड़ दिया उछाल ।। बारे में जिसके नहीं,जिसे तनिक भी बोध। ए आई का कर रहा, वो भी मुआ विरोध।।

**- रमेश शर्मा वशिष्ट**

## राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

**मेषः** आज के दिन आपके व्यक्तित्त्व में निखार रहेगा लेकिन स्वभाव का जिद्दीपन अन्यलोगों विशेषकर परिजनों के लिये भारी पड़ेगा। जाने अनजाने में कोई अनैतिक कर्म करेंगे जिसे बाद में परिजनों को भुगतना पड़ेगा।

**वृषः** आज आप जिस भी कार्य को करना आरंभ करेंगे या करने का विचार करेंगे उसमे कोई ना कोई बिना मांगे अपनी राय देगा जिससे कुछ समय के लिये दुविधा में पड़ेंगे।

**मिथुनः** आज के दिन आपको बैठे बिठाये आकस्मिक लाभ की प्राप्ति होगी चाहे किसी भी रूप में हो। दिन का पहला भाग धीमी दिनचार्य के कारण खराब होगा।

**कर्कः** आज के दिन आप कोई नापसंद कार्य करने पर गुस्से में रहेंगे लेकिन कार्य क्षेत्र पर अनुकूल वातावरण भी मिलते रहेंगे। सेहत आज ठीक रहेगी वर्जित कार्यो से बचे।

**सिंहः** आज का दिन आपके लिये आरामदायक रहेगा लेकिन आज बेतुकी बयानबाजी से बचना होगा अन्यथा बैठे बिठाये अपमानित हो सकते है।

**कन्याः** आज परिस्थिति में थोड़ा सुधार अनुभव करेंगे लेकिन कामना पूर्ति में आज भी कोई न कोई अड़चन बनी रहेगी। मध्यान से पहले कोई भी महत्तवपूर्ण निर्णय ना ले अन्यथा अधूरा रह सकता है।

**तुलाः** आज के दिन आपका व्यवहार ढुलमुल रहेगा मध्यान तक आप प्रत्येक कार्य मे आलस्य दिखाएंगे लेकिन बेमन से घरेलू कार्य करने ही पड़ेंगे।

**वृश्चिकः** आज के दिन परिजनों का व्यवहार आपके स्वभाव पर निर्भर रहेगा इसलिये सनकी मिजाज त्याग मिलनसार बने अन्यथा आज सुख चैन से नही बैठ पाएंगे। स्वास्थ्य आज सामान्य रहेगा।

**धनुः** आज आप बीते कल की तुलना में कुछ संतोषि रहेंगे लेकिन महिला वर्ग इसके विपरीत अन्य लोगो से स्वयं एवं परिवार की तुलना करने पर कुछ समय के लिये उदास रहेंगी।

**मकरः** आज के दिन भी आप अपने ही स्वभाव के कारण घर मे अशांति का कारण बनेंगे। घर मे स्त्री वर्ग से सावधान रहें आपकी छोटी-छोटी बातों को भी बक्सने वाली नही।

**कुंभः** आज का दिन कुछ कार्यो को छोड़ व्यर्थ की भागदौड़ में बीतेगा घरेलू कार्यो को लेकर किसी से बहस होकर दिन का आरंभ होगा मध्यान तक इसका प्रभाव मस्तिष्क पर रहेगा इसके बाद ही स्थिति सामान्य हो पायेगी।

**मीनः** आज आप किसी भी कार्य को लेकर गंभीर नही रहेंगे दिन के आरंभ से ही आलस्य और सुस्ती बनी रहेगी मध्यान बाद किसी आवश्यक कार्य को लेकर पिता अथवा घर के अन्य सदस्य से कहासुनी हो सकती है।

## QUIZ TIME

Ramaquiz

1) गुजरात के किस जिले को जारोसाइट जमा होने के कारण मंगल ग्रह जैसा स्थल माना गया है?

2) बीजक लेख किस राजा से सम्बंधित है?

3) जाड़े के दिनों में तमिलनाडु के तटों पर होने वाली वर्षा का मुख्य कारण क्या है?

4) लोक संवर्धन पर्व के 5वें संस्करण का आयोजन कहाँ किया गया था?

5) हाल ही में, विजयनगर काल के 103 छापयुक्त स्वर्ण सिक्के किस राज्य में खोजे गए हैं?

उत्तरमाला- (1) कच्छ (2) अशोक (3) लौटता मानसून (4) केरल (5) तमिलनाडु

## पहेली

# 8 मार्च तक सभी स्कूलों में बालिका शौचालय का निर्माण करें पूरा : कलेक्टर

## मंगलवार और बुधवार को कार्यालय में अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य, गर्मी के दौरान पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तैयारी शुरू करने दिए निर्देश

**बालोद/नवप्रदेश।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी राजपत्रित व अराजपत्रित अधिकारियों को मंगलवार और बुधवार को अनिवार्य रूप से अपने मुख्यालय और कार्यालयों में उपस्थित रहकर शासकीय कार्यों का संपादन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में निर्देश देते हुए सभी विभाग प्रमुखों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने कहा है।

उन्होंने ग्रीष्मऋतु से पहले आम नागरिकों के लिए समुचित मात्रा में पेयजल व निस्तारी के लिये पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने उपायों की समीक्षा की। संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि ग्रीष्मकाल के दौरान किसी भी स्थिति में जिलेवासियों को पेयजल और निस्तारी के लिये पानी की समस्या से जूझना न पड़े। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष और राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी अधिकारियों को मंगलवार व बुधवार को अनिवार्य रूप से अपने मुख्यालय व कार्यालय में उपस्थित रहकर कार्यालयीन नस्तियों का निराकरण, विभागीय समीक्षा और आम जनता की समस्याओं का समाधान करने कहा। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा अधिकारियों का दौरा गुरूवार व शुक्रवार को निर्धारित किया गया है। गुरूवार व शुक्रवार के दिन अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सुबह 10 बजे अपने कार्यालय में पहुँचने के बाद बायोमेट्रिक उपस्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। सभी विभागों में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन की जानकारी ली। सभी विभागों में शतप्रतिशत ई-फाईलिंग के माध्यम से कार्य करने के निर्देश भी दिए। किसी भी स्थिति में मैनुअल पद्धति में कार्य न करने कहा गया। सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने विभागों में स्टेट पर्चेसिंग रूल के आधार पर ही आवश्यकता अनुसार खरीदी-बिक्री सुनिश्चित करने और अधिकारियों को अनिवार्य रूप से पर्चेसिंग रूल का प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने विभागों के अंतर्गत शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने 15 मार्च तक अनिवार्य रूप से कार्ययोजना बनाकर अनुमोदन के लिये प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिले के अंतिम छोर में स्थित डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कमकापार में गुरूवार 26 फरवरी को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर ने जिले के सभी शालाओं में बालिका शौचालयों के निर्माण के संबंध में भी जानकारी ली।

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी शालाओं में अनिवार्य रूप से 8 मार्च तक बालिका शौचालयों का निर्माण पूरा कराने कहा। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत बनाने ग्राम पंचायतों का चयन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर को गुरूर विकासखण्ड के पर्यटन स्थल ओनाकोना को पर्यटन सर्किट बनाने के लिये कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## महापौर ने छग सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन के टेबल कैलेण्डर का किया विमोचन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन राजनांदगॉव के प्रतिनिधिमण्डल ने राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव के मोतीपुर स्थित निज निवास पर सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल ने शासकीय सेवकों के हितार्थ व सुलभ संदर्भ हेतु प्रकाशित नववर्ष के टेबल कैलेण्डर का महापौर मधुसूदन यादव के करकमलों से विमोचन कराया। इसकी प्रति उपस्थित शिक्षकों को वितरित की। प्रतिनिधिमण्डल में फेडरेशन के प्रांत संयोजक मनीष कुमार मिश्रा, जिला अध्यक्ष रमेश कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, बंदीश नेमपांडे, अमीन कुरैशी, राजनांदगॉव ब्लाक अध्यक्ष सूरज शर्मा, उमेश देशलहरा, राजेश पंचभाई, डीशम प्रसाद तिवारी, खिलावन निर्मलकर, रूपचंद बिदानी, हीरालाल शबर, इन्द्र कुमार सिन्हा, फागू लाल साहू, रामकुमार सिन्हा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। महापौर मधुसूदन ने टेबल कैलेण्डर 2026 को शासकीय सेवकों के लिये उपयोगी बताते हुए सराहना की।

## सिंघोला में पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब का आगमन 10 को

**राजनांदगांव।** जिले के ग्राम सिंघोला में दामाखेड़ा से पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब का चादर तिलक के बाद राजनांदगांव जिले के ग्राम सिंघोला में प्रथम आगमन होने जा रहा है। सिंघोला के भुवनेश्वरी माता धरा धाम मिनी स्टेडियम में 10 व 11 मार्च को आगमन होगा। इसकी तैयारी को लेकर सुरगी और सिंघोला परिक्षेत्र व राजनांदगांव जिले के कबीर पंथी समाज ने तैयारी शुरू कर दी है। बालोद व राजनांदगांव जिले से कबीर पंथी समाज बड़ी संख्या में हुजूर साहब के कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी कर रहे हैं। बैठक में सद्गुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली प्रतिनिधि सभा के राष्ट्रीय प्रतिनिधि प्रमोद साहू व अध्यक्ष भागवत साहू, जिला साहू समाज और क्षेत्र के महंतगण घनश्याम साहेब, लिल दास साहेब, सता नंद साहेब और ग्रामीण व राजनांदगांव जिला प्रतिनिधि उत्तम साहू, महेश साहू, यादराम साहू, प्रकाश साहू सहित जिले के पदाधिकारी शामिल हुए। यह जानकारी के डी वी मिशन मीडिया प्रभारी लूमन दास साहू ने दी।

## परामर्शदात्री समिति की बैठक कल

**बालोद।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में 25 फरवरी को दोपहर 1 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी जिला समन्वयक अपने अधीनस्थ समस्त शाखाओं का शासकीय योजना अंतर्गत किए ऋण स्वीकृति एवं वितरणों की अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जितेन्द्र यादव ने जिले के 10 पीड़ित परिजनों को कुल 40 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। ग्राम करेठी डोंगरगांव निवासी सुभेराम साहू, अंजोरा राजनांदगांव निवासी तिलकराम साहू, बखत रेंगाकठेरा धनसाय साहू, दीनदयाल नगर ओपी चिखली नोमित ठाकुर, रातापायली डोंगरगांव निवासी पार्वती सूर्यवंशी, कटेंगाटोला रामसिंग की बगनदी, खोभा छुरिया अशोक कुमार गोंड़, मानिकपुर शंकरलाल निषाद, तुमड़ीबोड़ कामताबाई, जामसरारकला पीयूष कुमार कंवर की मृत्यु पर पीड़ित परिजनों को 4-4 लाख अनुदान राशि दी गई।

# सरस्वती साइकिल योजना से बेटियों की शिक्षा को मिली नई गति

## दो वर्षों में जिले की 14,356 छात्राओं को प्रदान की गई नि:शुल्क साइकिलें

**कवर्धा/नवप्रदेश।** साइकिल मिलने से बेटियों के लिए स्कूल आना-जाना अब पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है। उन्हें लंबी दूरी पैदल तय नहीं करनी पड़ती, जिससे समय और मेहनत दोनों की बचत होती है। अब वे सुरक्षित, समय पर और बिना थके स्कूल पहुंच रही हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी पढ़ाई और भविष्य के सपनों की ओर आगे बढ़ रही हैं।

कवर्धा जिले में बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संचालित सरस्वती साइकिल योजना एक सफल पहल साबित हो रही है। बीते दो वर्षों में जिले की 14,356 छात्राओं को इस योजना के तहत नि:शुल्क साइकिलें प्रदान की गई हैं, जिससे बड़ी संख्या में बालिकाओं को सीधा लाभ मिला है।

इससे पहले दूरस्थ वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को स्कूल पहुंचने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था। कठिन रास्तों और लंबी दूरी के कारण वे थक जाती थीं और कई बार पढ़ाई भी प्रभावित होती थी, जिससे कुछ छात्राएं स्कूल छोडने तक पर मजबूर हो जाती थीं। साइकिल मिलने के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है। अब छात्राएं आसानी से और कम समय में स्कूल पहुंच जाती हैं। स्कूलों में उनकी उपस्थिति बढ़ी है और पढ़ाई के प्रति रुचि भी पहले से अधिक हुई है।

छात्राओं का कहना है कि अब वे समय पर स्कूल पहुंचती हैं और थकान भी नहीं होती, इसलिए कक्षा में ध्यान से पढ़ पाती हैं। कई छात्राएं स्कूल के बाद घर के कामों में भी मदद कर लेती हैं और फिर पढ़ाई के लिए समय निकाल पाती हैं। अभिभावकों को भी अब अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर पहले जैसी चिंता नहीं रहती।

आज कवर्धा जिले की सड़कों पर समूह में साइकिल चलाकर स्कूल जाती बेटियां आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की नई मिसाल बन रही हैं। यह योजना केवल साइकिल देने तक सीमित नहीं है, बल्कि बेटियों को शिक्षा से जोड़कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार कर रही है। सरस्वती साइकिल योजना सच मायनों में जिले में बालिका शिक्षा को नई गति देने वाली एक सफल और प्रेरणादायक पहल बन चुकी है।

## भोरमदेव शक्कर कारखाना में गन्ना पेराई बंद होने की सूचना जारी

**कवर्धा/नवप्रदेश।** भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा, द्वारा पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना पेराई बंद होने की तृतीय सूचना जारी की गई है।

कारखाना प्रबंधन ने अपने कार्यक्षेत्र के समस्त अंशधारी और गैर-अंशधारी गन्ना उत्पादक कृषकों को सूचित किया है कि वर्तमान पेराई सत्र के अंतर्गत गन्ना खरीदी की अंतिम तिथि 24 फरवरी रात्रि 12 बजे तक निर्धारित है।

कारखाना प्रबंधन द्वारा संबंधित गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना आपूर्ति पर्ची दी गई है। जिन कृषकों को किसी कारणवश गन्ना आपूर्ति पर्ची प्राप्त नहीं हुई है, वे तत्काल कारखाना परिसर स्थित गन्ना विभाग अथवा अपने क्षेत्र सहायक से संपर्क कर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं।

जिन कृषकों ने शेष गन्ना जूस, बीज या गुड़ निर्माण के लिए सुरक्षित रखा है और शक्कर कारखाना में पेराई के लिए विक्रय नहीं करना चाहते हैं, उनसे अपील की गई है कि इस संबंध में कारखाना के गन्ना विभाग को लिखित सूचना उपलब्ध कराएं।

कारखाना प्रबंधन ने जिले के समस्त गन्ना उत्पादक कृषकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपना शेष गन्ना 24 फरवरी तक कारखाना परिसर में पहुँचाएं। निर्धारित तिथि के बाद गन्ना उपलब्ध न कराने की स्थिति में कारखाना प्रबंधन किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति अथवा दावे के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

## बालोद में नकल का कोई प्रकरण नहीं मिला

**बालोद/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा बालोद जिले में शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की मुस्तैदी से जिले के सभी केंद्रों में आज परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आज की परीक्षा के लिए जिले में कुल 111 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें कुल दर्ज 8492 परीक्षार्थियों में से 8380 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए जबकि 112 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया जिले के डौंडीलोहारा विकासखण्ड में सर्वाधिक 2095 छात्र दर्ज थे, जिनमें से 2076 उपस्थित रहे। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखंड में 1935 दर्ज छात्रों में से 1926 ने परीक्षा दी। बालोद विकासखण्ड से 1549 दर्ज छात्रों में से 1490 उपस्थित रहे। इसी तरह डौंडी विकासखण्ड से 1457 में से 1442 छात्र शामिल हुए। गुरूर विकासखण्ड से 1456 दर्ज छात्रों में से 1446 उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि परीक्षा में जिले के किसी भी केंद्र से नकल का कोई भी प्रकरण सामने नहीं आया है।

## जिपं सीईओ अग्रवाल ने ग्रहण किया पदभार

**कवर्धा/नवप्रदेश।** जिला पंचायत कबीरधाम के नवनियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने आज भोरमदेव मंदिर पहुंचकर बाबा भोरमदेव की पूजा अर्चना करने के बाद पदभार ग्रहण किया। जिला पंचायत के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर विभाग की योजनाओं की जानकारी ली। नव नियुक्त सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि उप मुख्यमंत्री, राज्य शासन व कलेक्टर कबीरधाम के निर्देशानुसार समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्तियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करना है। समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शिता के साथ निर्माण कार्यो से समग्र विकास की ओर बढने का लक्ष्य है। रोजगार, आजीविका व ग्रामीण परिवारों को पक्का आवास समय पर उपलब्ध कराने योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाएगा। नवनियुक्त सीईओ जिला पंचायत राज्य प्रशासनिक सेवा 2013 बैच के अधिकारी है। इससे पहले अभिषेक अग्रवाल ने जिला महासमुंद में डिप्टी कलेक्टर के रूप में सबसे पहले अपनी सेवाएं दी। इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग पिथौरा, सरायपाली, कटघोरा, बोड़ला और अपर कलेक्टर जिला दंतेवाड़ा, अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर, उपसचिव गृह विभाग व अपर कलेक्टर जिला दुर्ग में पदस्थ रहे है।

### भाजपा किसान मोर्चा जिला बालोद की बैठक संपन्न

# किसानों की समस्याओं का निराकरण करें : साहू

**बालोद/नवप्रदेश।** भाजपा किसान मोर्चा जिला बालोद की प्रथम कार्यकारिणी व परिचयात्मक बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय जुंगेरा, बालोद में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र देशमुख ने किया। मुख्य अतिथि पवन साहू ने कहा कि किसान मोर्चा भाजपा का अत्यंत महत्वपूर्ण मोर्चा है। देश की लगभग अस्सी प्रतिशत आबादी कृषि से जुड़ी है और देश की अर्थव्यवस्था किसानों की उपज पर निर्भर है। किसान फसल उत्पादन व विक्रय के दौरान अनेक समस्याओं का सामना करते हैं। किसान मोर्चा के पदाधिकारियों का दायित्व है कि वे किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु सदैव तत्पर रहें। भाजपा की सरकार किसान हितैषी सरकार है। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र देशमुख ने कार्यकारिणी सदस्यों का परिचय कराते हुए सभी से आग्रह किया कि वे पार्टी के दिशा-निर्देशों का पूर्ण निष्ठा से पालन करें और सरकार की योजनाओं को किसानों तक धरातल स्तर पर पहुंचाएं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र में किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का वादा किया था, जिसे सरकार बनते ही पूरा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री राकेश यादव ने संगठन और पार्टी के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। संचालन किसान मोर्चा जिला महामंत्री पुष्पेंद्र तिवारी ने किया। बैठक में प्रेम साहू, किसान श्रीकांत वर्मा, दयानंद साहू, योगेंद्र देशमुख, मनोहर सिन्हा, मनीकांत बघेल, पुष्पेंद्र तिवारी व संतोष गंगबेर, नेमलाल यादव, हिम्मत देशमुख, रिखीराम साहू, हितेश साहू, कोमल दुग्गा, अशोक साहू, दिनेश साहू, राजेंद्र देवांगन, देव देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन किसान मोर्चा जिला बालोद के महामंत्री संतोष गंगबेर द्वारा किया गया।

## 4 लाख राशि स्वीकृत

**बालोद।** प्राकृतिक आपदा नैसर्गिक विपत्तियों के कारण जिले के 5 मृत व्यक्ति के परिवार (निकटतम वारिस) को आर्थिक सहायता अनुदान देने 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देशित किया कि वे स्वीकृत राशि का आहरण और भुगतान मृतकों के निकटतम वारिस को करें। आदेश में मृतक धृष्टधुम्मन की पत्नी तामेश्वरी ग्राम सेम्हरकोना को 4 लाख स्वीकृत किया गया।

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202602101000065/अ-6अ/सन्- 2025-26

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

कुरुद प.ह.न. 00046 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-राजकुमार शुक्ला, /अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार शुक्ला पिता/पति/विभाग-शिवपूजन शुक्ला पता-भिलाई द्वारा ग्राम - कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग की भूमि ख.न. 1574/2 रकबा 0.250 है. भूमि को आवेदक के पिता द्वारा क्रय कर नामान्तरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि के क्रेता आवेदक के पिता के मित्यु हो जाने के कारण उक्त भूमि के वर्तमान पटवारी अभिलेख में क्रेता का नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है। जिसे त्रुटी सुधार किये जाने एव क्रेता के मित्यु हो जाने के कारण उनके वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 02.03.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है! निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाईनगर (छ.ग.)**

### नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती दुर्गा शर्मा (DURGA SHARMA) पति श्री दुष्यंत शर्मा (DUSHYANT SHARMA) उम्र 48 वर्ष, निवासी मकान नं. 213, सडक नं 05, दीपक नगर, दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं जो निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूं यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मैं उपरोक्त दर्शित पते कि स्थायी निवासी हूं। यह कि मेरा विवाह श्री दुष्यंत शर्मा आ. स्व. रामानन्द शर्मा, दीपक नगर, दुर्ग के साथ दिनांक 21/06/1999 को संपन्न होने के पश्चात से ही ससुराल पक्ष द्वारा मेरा नाम श्रीमती दुर्गा शर्मा (DURGA SHARMA) ध. प. श्री दुष्यंत शर्मा कर दिया हैं। तत्पश्चात से ही मैं दुर्गा शर्मा के नाम से जानी जाती हूं। यह कि विवाह पूर्व मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों मे मेरा नाम माणिका तिवारी (MANIKA TIWARI) 10 वी की अंकसूची में दर्ज है परन्तु विवाह पश्चात जारी मेरे आधार कार्ड कमांक 6370 9441 2969 पेन कार्ड कमांक (CWTPS0168L) राशन कार्ड, मतदाता पारिचय पत्र, एवं मेरी संतानों के शैक्षणिक दस्तावेजो/प्रमाण पत्री, मैं मेरा नाम दुर्गा शर्मा (DURGA SHARMA) ही दर्ज है। यह कि मैं ही विवाह से पूर्व मणिका तिवारी आ. संतोष तिवारी थी और विवाह पश्चात मेरा नाम बदल जाने से मैं ही अब दुर्गा शर्मा घ. प. श्री दुष्यंत शर्मा हो गई हूं। यह कि अपने नाम परिवर्तन की विधिक अवश्यकता हेतु छ.ग. शासन के शासकीय गजट/राजपत्र में प्रकाशन किये जाने के लिए यह शपथ पत्र माननीय महोदय के समक्ष प्रस्तुत हैं।

**शपथकर्ती**
**दुर्गा शर्मा पति श्री दुष्यंत शर्मा**
**निवासी मकान नं. 213, सडक नं 05, दीपक नगर दुर्ग**
**तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

### नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बासमती भारती (Basmati Bharti) पति स्व. श्री सुखदेव भारती उम्र 51 वर्ष, निवास-क्र, नं.-3/एफ सड़क नं.-10. वार्ड कमॉक 27, आजाद नगर सेक्टर-11. जोन-1 खुर्सीपार भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ. ग.) की हूँ, मेरे एवं बच्चों के शाला अभिलेख में मेरा नाम त्रुटिपूर्ण रूप से बासमती भारती व सुमन भारती (Suman Bharti) पति सुखदेव भारती दर्ज हो गया है। मैने अपना नाम परिवर्तित / संशोधित कर बासमती भारती (Basmati Bharti) पति श्री सुखदेव भारती रख लिया है तथा इसी परिवर्तित नाम से जानी, पहचानी एवं पुकारी जाती हूँ।

अत: मेरे व मेरे बच्चों के समस्त शैक्षणिक, शासकीय व अर्द्धशासकीय एवं अशासकिय दस्तावेजो में मेरे पूर्व नाम बासमती भारती व सुमन भारती (Suman Bharti) पति सुखदेव भारती नाम की भिन्नता को परिवर्तित नाम बासमती भारती (Basmati Bharti) पति स्व. श्री सुखदेव भारती से जाना, पहचाना व पुकारा एवं पढ़ा जावें।

**शपथकर्ती**
**बासमती भारती**
**पति स्व. श्री सुखदेव भारती**
**निवास-क्र, नं.-3/एफ सड़क नं.-10. वार्ड कमॉक 27, आजाद नगर**
**सेक्टर-11. जोन-1 खुर्सीपार भिलाई,**
**तह. व जिला दुर्ग (छ. ग.)**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र/202602101200016 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तामेश्वर देशमुख आ. श्री राजकुमार देशमुख निवासी वार्ड नं. 08 आलबरस तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम आलबरस प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 620/2 रकबा 0.160 हे. भूमि को भूमिस्वामी फेरुराम देशमुख पिता स्व. कार्तिकराम देशमुख निवासी आलबरस से दानपत्र के आधार पर प्राप्त हुआ है। उक्त भूमि को आवेदक अपने नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**दुर्ग (छ.ग.)**

### न्यायालय- आयुक्त, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)

प्रकरण क्रमांक 04/ई.सी. एक्ट / 2026 (फेटल) पेशी तिथिः 23/03/2026 श्रीमति सुधा कुमारी पति स्व. अजय कुमार व अन्य वि./ दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे कार्मिक विभाग मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रायपुर अन्य

**सूचना-पत्र**

सर्व संबंधित पक्षकारो को सूचित किया जाता है कि श्रमिक /कर्मचारी मृतक अजय कुमार / आ. स्व. मोती लाल मेहता का दिनांक 04.01.2026 को नियोजक के नियोजन में हुई मृत्यु का क्षतिधन राशि 11,98,500-रू. (अक्षरी ग्यारह लाख अन्ठानब्बे हजार पाँच सौ रूपये) नियोजक द्वारा जमा किया है।

उक्त मृतक का कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम के तहत जो अपने आपको आश्रित व क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने का अधिकारी समझते हों, वे इस न्यायालय में पेशी तिथि 23.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर आवेदन, अभिप्रमाणित फोटो, बैंक पास मूल एवं फोटो प्रति, दो स्वतंत्र साक्षी तथा अन्य दस्तावेज प्रमाण के साथ उपस्थित होवे। जमा राशि आबंटन में यदि कोई आपत्ति हो तो वे आपत्ति पेश करें। आपत्ति पेश ना होने की स्थिति में जमा राशि भुगतान बाबत् अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 23.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**यशवंत कुमार सारथी**
**आयुक्त, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आरिफ खान पिता पीर खान निवासी गंजपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आरिफ खान पिता पीर खान की जन्म/मृत्यु दिनांक 15.06.1992 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.01.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जिला दुर्ग (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

**ईश्तहार**

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104100067

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी शैलजा शर्मा पिता/पति कृष्णकांत शर्मा पता वार्ड नं. 41 केलाबाड़ी दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 726/81(0.0350) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आनंद शर्मा पिता/पति स्व. कृष्णकांत शर्मा वार्ड 41 केलाबाड़ी दुर्ग, अपर्णा शर्मा पिता/पति स्व. कृष्णकांत शर्मा वार्ड 41 केलाबाड़ी दुर्ग, अनुपमा शर्मा पिता/पति स्व. कृष्णकांत शर्मा वार्ड 41 केलाबाड़ी दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.03.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**दुर्ग (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निलोफर खान पिता अयुब खान अशरफी निवासी केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा निलोफर खान पिता अयुब खान अशरफी की जन्म/मृत्यु दिनांक 05.12.1990 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.01.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जिला दुर्ग (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक काशीकांत महाजन पिता स्व. दामोदर महाजन एवं अन्य 05 निवासी शंकर नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.नं. 24 दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1305/5 का दु. रकबा 0.05 है./2088 वर्गफीट भूमि को आवेदक के पिता द्वारा विकेतागण हुबलाल, कन्हैयालाल, नेतराम पिता रामाधार, भगवती बाई पति रामाधार के माध्यम से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07/03/1969 को कय किया गया था। जिसका संशोधन पंजी कं. 1346 दिनांक 05/04/1972 की है। उक्त भूमि खसरा पांचसाला वर्ष 1971-72 में आवेदक के पिता दामोदर मयाराम महाजन के नाम पर दर्ज है, किंतु वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदित भूमि आवेदक के पिता के नाम के स्थान पर त्रुटिवश अन्य भूमिस्वामी का नाम दर्ज होने से उक्त त्रुटि सुधार किये जाने एवं आवेदक के पिता की मृत्यु दिनांक 10/03/2020 को हो जाने पर आवेदित भूमि पर पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण करते हुए पिता की मृत्यु हो जाने पर उसके सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है ।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.01.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**दुर्ग (छ.ग.)**

## न्यूज गैलरी

### अशोक बजाज वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने मुंबई रवाना

**नवापारा राजिम/नवप्रदेश।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज 23 फरवरी को दो दिवसीय प्रवास पर मुम्बई रवाना हुए। वे पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत 6 राज्यों के होने वाले वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेंगे। श्री बजाज 25 फरवरी को लौटेंगे।

### डॉ. दिनेश साहू बने संस्कृत शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

**धमधा/नवप्रदेश।** केंद्रीय दुबेलिया तेली (साहू) समाज के आवश्यक बैठक दिनांक- 22/02/2026 को ग्राम श्यामपुर में रख गया। समाज के अध्यक्ष शिव साहू के आदेशानुसार होली एवं कर्मा माता जयंती के आयोजन सभी ब्लॉक ईकाई समय अनुकूल शांति व्यवस्था के साथ मनाने का आहवान किये हैं। इसी तारतम्य में समाज के उत्थान के लिए पुनः संस्कृत शिक्षा प्रकोष्ठ की नियुक्ति किया गया । जिनके अध्यक्ष डंगनिया निवासी धमधा विवासखण्ड के सुन्दर लाल साहू को बनाया गया एवं डॉ0 दिनेश साहू धमधा निवासी को केन्द्रीय चिकित्सा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया। स्वजाति बंधुओं बधाई शुभकामनाएं भी दिये ।

### ग्राम पंचायत सांकरा में कर वसूली अभियान प्रारंभ

**नगरी/नवप्रदेश।** नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सांकरा में पंचायत द्वारा कर (टेक्स) वसूली अभियान की शुरुआत की गई है। पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने गांव में घर-घर पहुंचकर बकाया जिसमे संपति कर की जानकारी दी तथा ग्रामीणों से समय पर कर जमा करने की अपील करते हुए साथ इस

अभियान के दौरान पंचायत टीम ने नागरिकों को बताया कि ग्राम विकास कार्यों–जैसे स्वच्छता व्यवस्था, सड़क मरम्मत, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं–के सुचारु संचालन के लिए स्थानीय कर का नियमित भुगतान आवश्यक है। वही पंचायत सचिव मदन सेन ने कहा कि कर राशि से प्राप्त राजस्व का उपयोग गांव के विकास एवं जनहित कार्यों में किया जाता है। पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि समय पर कर भुगतान से पंचायत को योजनाओं के क्रियान्वयन में सुविधा होगी तथा विकास कार्यों को गति मिलेगी। साथ ही बकाया करदाताओं को नियमानुसार भुगतान करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही ग्रामीणों से अनुरोध किया गया किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए पंचायत कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है

### सुत सारथी समाज ने मनाई सुमंत जयंती, कल्याण बोर्ड गठन की मांग

**कुरूद/नवप्रदेश।** सुत सारथी समाज जिला धमतरी द्वारा कुरूद के छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर परिसर में सुमंत जयंती एवं वार्षिक सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुमंत सारथी एवं सुत जी महाराज के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना से हुई। इस अवसर पर समाज की एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए सुत सारथी समाज कल्याण बोर्ड के गठन की मांग प्रमुखता से उठाई गई। सम्मेलन में प्रेस क्लब कुरूद के संरक्षक कृपाराम यादव, महासचिव धनसिंग सेन, रवि शर्मा, श्रवण साहू और दीपक साहू सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष केशव बंछोर ने स्वागत भाषण में कहा कि समाज संख्या में कम जरूर है, लेकिन संगठनात्मक रूप से मजबूत हो रहा है। अतिथियों ने समाज की परंपराओं, एकता और गौरवशाली इतिहास की सराहना की। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि समाज की पारंपरिक घोड़ा-गाड़ी और रथ संचालन की कला आर्थिक तंगी के कारण विलुप्ति की कगार पर है।

# सड़क निर्माण और नगरीय विकास से जुड़ी स्वीकृतियों के लिए विधायक ने जताया आभार

**राजिम/नवप्रदेश।** राजधानी रायपुर में राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर व जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राजिम विधानसभा क्षेत्र में नगरीय निकायों के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों, स्वीकृत निर्माण कार्यों एवं विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति पर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक रोहित साहू ने उप मुख्यमंत्री को क्षेत्र की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि सड़क निर्माण एवं नगरीय विकास से जुड़ी स्वीकृतियाँ मिलने से आम जनता को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा नगरी निकाय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होंने इन कार्यों की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।प्रतिनिधिमंडल द्वारा उप मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास हेतु लिए जा रहे निर्णयों की सराहना की और शीघ्र कार्य प्रारंभ किए जाने की अपेक्षा जताई।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रदेश सरकार नगरीय विकास एवं सड़क निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

#### भाजपा के पदाधिकारी रहे मौजूद

मुलाकात के अंत में विधायक रोहित साहू ने उप मुख्यमंत्री का पुनः आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजिम विधानसभा क्षेत्र में अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी और जनता को सीधा लाभ पहुँचेगा। इस अवसर पर उपस्थित रहे भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पालिका गरियाबंद अध्यक्ष रिखीराम यादव, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष आशिफमेमन, भाजपा जिला मंत्री एवं पार्षद सुरेंद्र सोनटेके, पार्षद गण रेणुका साहू, मधु देवांगन, पुष्पा साहू, सूरज सिन्हा, विष्णु मरकाम, राजू साहू, प्रीतम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

14 एकड़ जमीन को कलेक्टर ने नगरपालिका को किया था आवंटित, पांच एकड जमीन कब्जा मुक्त

# कबाड़ी के अवैध कब्जे पर प्रशासन का चला बुलडोजर

**कार्रवाई से अवैध कब्जाधारियों में मचा हड़कंप**

गौरतलब है कि 5 एकड मे फैले 15 सालों के इस अवैध कब्जे के हटाने कि कारवाई से अवैध कब्जा धारीयों मे हडकंप मचा हुआ है वही नगरपालिका के जमीन पर लम्बे समय से काबिज अवैध अतिक्रमणधारियों के भी अतिक्रमण मुक्त कराये जाने हेतु कारवाई जारी रहेगी ।आज की इस अतिक्रण मुक्त कारवाई से अतिक्रमण धारीयों मे हडकंप मच गया।

**भाटापारा/नवप्रदेश।** नगरपालिका , राजस्व विभाग, विद्युत विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही मे पटपर रोड स्थित अशफाक कबाडी के कब्जे से लगभग 5 एकड़ जमीन को मुक्त कराया गया ।लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के अंतिम छोर मे स्थित 14 एकड़ उक्त जमीन को कलेक्टर द्वारा नगरपालिका को 2012 मे आबंटित किया गया था

उपरोक्त संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए पालिका अधिकारी जफर खान ने बताया कि पटपर रोड स्थित कबाड़ी दुकान के अवैध कब्जे को हटाये जाने हेतु नगरपालिका प्रशासन द्वारा लगातार नोटिस दिया गया जिसका कोई भी सकरात्मक जवाब नही दिया गया । श्री खान ने बताया की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना के लिये नगरपालिका को अपने अधिकार क्षेत्र स्थित शासकीय जमीन कि आवश्यकता है और अन्य स्थानों की भी शासकीय जमीन को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराने कारवाई की जाएगी। अवैध कब्जा हटाने की कारवाई के दौरान कबाडी के पास से विभिन्न मशीनरी समान मिलों से सम्बंधित समान मोटरसाइकिल व चारचक्का गाडी समान विद्युत से जुडे विभिन्न प्रकार के समान के साथ साथ अन्य कई कीमती समान भी जब्त किया गया है। वही ग्रामीण थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने बताया कि कारवाई के दौरान कुछ चोरी के समान भी पाया गया जिसकी पृथक से जांच करेंगे। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर की शासकीय भूमि जनता की संपत्ति है। इसे किसी भी व्यक्ति द्वारा निजी उपयोग हेतु अवैध रूप से कब्जा करना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि नगर के विकास में बाधा भी है। पिछले 15 वर्षों से लंबित इस प्रकरण में बार-बार नोटिस देने के बावजूद सहयोग न मिलने पर आज प्रशासन द्वारा की गई न्यायोचित है।

आज की इस कारवाई मे तहसीलदार यशवंत राज , नगरपालिका अधिकारी जफर खान ग्रामीण थाना प्रभारी हेमंत पटेल विद्युत विभाग एई पूजा महिलांग सहित पालिका के राजस्व निरीक्षक अजय नायडू गज़हँस ठाकुर सौरभ ठाकुर रवि ध्रुव सचिन मसीह कन्हैया ठाकुर देव कुमार बंजारे ,वैष्णव राकिब बाठिया सहित पुलिस व राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## नशे के सौदागरों पर पुलिस का शिकंजा दो जगहों पर रेड, तीन आरोपी गिरफ्तार

**कुरुद/नवप्रदेश।** मादक पदार्थों के अवैध व्यापार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कुरूद क्षेत्र में पुलिस ने दो सफल कार्यवाहियों को अंजाम दिया है। जिसमे तीन गांजा तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से कुल 1045 ग्राम गांजा, मोबाइल और नगदी सहित 30,440/- रुपये का सामान बरामद किया है।

पहली कार्रवाई भरदा चौक पर हुई, जहाँ यात्री प्रतीक्षालय के पास अवैध रूप से गांजा बेच रहे हीरा लाल मण्डावी (42 वर्ष) और बिरेन्द्र नेताम (36 वर्ष) को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। इनके पास से छोटे पैकेटों में भरा 660 ग्राम गांजा और नगद रकम जप्त की गई।

दूसरी कार्रवाई में कन्हारपुरी रोड पुलिया के पास पेट्रोलिंग के दौरान खेमराज उर्फ नानू नगारची (35 वर्ष) को दबोचा गया। वह पुलिया के पास छिपकर गांजा बेच रहा था। तलाशी लेने पर उसके पास से 385 ग्राम गांजा और मोबाइल बरामद हुआ।

कुरूद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट (NDPS Act) के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नशे का कारोबार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## संगठन में स्थानीय लोगों को मिली जिम्मेदारी

**नवापारा राजिम/नवप्रदेश।** स्थानीय स्तर पर सहभागिता और पारदर्शिता को बढ़ावा देने की दिशा में संगठन ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए स्थानीय लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस निर्णय से न केवल संगठनात्मक कार्यों में गति आएगी, बल्कि क्षेत्रीय जरूरतों और समस्याओं का समाधान भी अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा। इसी परिप्रेक्ष्य में नपा के पूर्व पार्षद बॉबी चावला को अल्पसंख्यक मोर्चा रायपुर ग्रामीण में जिला मंत्री तथा अंकित मेघवानी को भाजयुमो नवापारा मंडल अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई है। इनकी नियुक्ति पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, मित्रों व शुभचिंतकों ने बधाई दी। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि स्थानीय लोगों को जिम्मेदारी सौंपने का उद्देश्य उनकी समझ, अनुभव और जमीनी जानकारी का लाभ उठाना है। स्थानीय प्रतिनिधि क्षेत्र की वास्तविक परिस्थितियों से भली-भांति परिचित होते हैं, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित होती है। स्थानीय लोगों ने भी संगठन के इस फैसले का स्वागत किया है। उनका कहना है कि यह कदम न केवल भरोसे का प्रतीक है, बल्कि उन्हें अपने क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर भी प्रदान करता है। जिम्मेदारी मिलने से उनमें उत्साह और जवाबदेही की भावना और अधिक मजबूत हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि संगठन द्वारा स्थानीय लोगों को अहम जिम्मेदारी देना एक सकारात्मक पहल है, जिससे आपसी विश्वास बढ़ेगा और कार्य संस्कृति में सुधार होगा। इससे संगठन और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, संगठन का यह निर्णय स्थानीय सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## मणि प्रभा को सेवानिवृत्ति के बाद पांडिचेरी में मिला ग्लोबल आइकॉन प्रेस्टीज अचीवर्स अवार्ड

**भटगांव/नवप्रदेश।** जिला मुख्यालय के मणिप्रभा ने प्रेरणादाई समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में एक्सीलेंट गाइडेंस और साहित्य तथा समाज के कामों के प्रति जागरूकता के लिए या अवार्ड दिया गया है पांडिचेरी चेन्नई में जो की सेवानिवृत्ति के पश्चात भी स्कूलों में मैं अपनी सेवा कार्य को निरंतर जारी रखी हूं सेवानिवृत्ति प्रधान पाठिका मणिप्रभा त्रिपाठी माध्यमिक शाला सहसपुर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ से सेवानिवृत हो गई अभी पुनर्नियुक्त हो कर विद्यालय मा शा सहसपुर में अपनी सेवा दे रही हैं। जहां सेवानिवृत्ति के पूर्व उन्होंने अपने स्वयं के वेतन से 15 लाख रुपए विद्यालय में लगाकर स्वयं के व्यय से शाला के चारों तरफ हरे-भरे बहुत बड़े मैदान जो चंजर पड़ी हुई थी को सुंदर पुष्प वाटिका मैं बदल दिया, विद्यालय जो खंडार बन चुका था शासन उसकी मरम्मत के लिए कभी भी संज्ञान नहीं ले रहा थी मणिप्रभा शासन का मुंह देखने बगैर स्वयं शाला की गति को कायाकल्प करने का बीड़ा उठाया उन्होंने वहां 2011 में पद ?भार प्रधान पाठक के पद पर ग्रहण करने के पश्चात शाला के चारों तरफ खंडहर इमारत के चारों ओर चबूतरा बनाकर सुंदर मजबूत आकर्षक बना दिया और शाला प्रांगण के सामने पड़ी बंजर मैदान को बहुत सुंदर पुष्प वाटिका में ही नहीं बदला। बल्कि एक आकर्षक किचन गार्डन बनाकर जिसमें आम सेवा केला संतरा लीची चीकू पपीता सीताफल रामफल एप्पल बेर अमरूद शहतूत स्टार फ्रूट कटहल आदि के पर्यास मात्रा में पेड़ लगाए जिस की 2019 से लेकर आज पर्यंन्त न जाने कितने बैच के बच्चे इन फलों को मध्यान्ह भोजन में ग्रहण करके लाभान्वित हुए हैं।

## डिजिटल अरेस्ट और नशे के विरुद्ध डोंगरगांव पुलिस का जागरुकता अभियान

### चार गांवों में 'चलित थाना-संवाद'

**डोंगरगांव/नवप्रदेश।** राजनांदगांव जिले में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान के तहत डोंगरगांव पुलिस ने चार ग्राम पंचायतों में 'चलित थाना-संवाद' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य पुलिस और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और भरोसे का वातावरण तैयार करना रहा।

थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर के मार्गदर्शन में छुरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लालूटोला, आयबाधा, धोबनी एवं गोटाटोला के पंचायत भवनों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रत्येक गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे।

डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी

कार्यक्रम में पुलिस टीम ने वर्तमान में तेजी से बढ़ रहे 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर अपराधों पर विस्तार से जानकारी दी। ग्रामीणों को समझाया गया कि कोई भी सरकारी विभाग फोन कॉल के माध्यम से डराकर गिरफ्तारी की धमकी नहीं देता। अज्ञात कॉल, वीडियो कॉल या लिंक के जरिए ठगी की घटनाओं से सतर्क रहने की अपील की गई।

इसके साथ ही डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग, ओटीपी साझा न करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने और साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

## प्रांजल राजपूत एवं लोकरागी भरथरी संस्था भाटापारा की मनमोहक प्रस्तुति

**भाटापारा/नवप्रदेश।** प्रांजल सिंह राजपूत के नेतृत्व में लोकरागी संस्था भाटापारा द्वारा कोरिया महोत्सव बैकुंठपुर में भरथरी गायन एवं पारंपरिक लोकगीतों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। तीन दिवसीय यह सांस्कृतिक आयोजन भव्य रूप में संपन्न हुआ। महोत्सव का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर भरथरी एवं छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोकगीतों की विशेष प्रस्तुति आयोजित की गई, जिसमें प्रांजल सिंह राजपूत एवं उनकी टीम ने अपनी मधुर आवाज और पारंपरिक वाद्य-संगीत के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति के दौरान लोकसंस्कृति की झलक, लोकगाथाओं की आत्मीयता तथा छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जीवंत चित्र उपस्थित हुआ। प्रांजल सिंह राजपूत भाटापारा नगर के युवा एवं प्रतिभाशाली भरथरी लोकगायक हैं। वे अब तक अनेक शासकीय एवं अशासकीय मंचों पर अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से श्रोताओं की सराहना प्राप्त कर चुके हैं।

## पेज एक का शेष

**राज्यपाल का अभिभाषण, विकसित...**

रामविचार नेताम और धर्मजीत सिंह को गले लगाया। इस दौरान चंद्राकर ने लखमा की पीठ थप-थपाई। 25 फरवरी को इस अभिभाषण पर चर्चा होगी।

**एक साल बाद सदन में वापसी:** शराब घोटाले से जुड़े मामले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा करीब एक साल तक जेल में रहे। इस दौरान वे विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले सके। अब उच्च न्यायालय की ओर से 3 फरवरी को उन्हें अंतरिम जमानत दी गई है। इसके बाद विधानसभा की ओर से 7 फरवरी को उनका अभिमत मांगा गया और 2026 में उन्होंने अपनी सहमति व्यक्त की। अब उन्हें तय शर्तों के आधार पर सत्र में शामिल होने की अनुमति दी गई। विधानसभा की ओर से स्पष्ट किया गया है कि कवासी लखमा को जब भी सदन में आना या जाना होगा, इसकी जानकारी पहले से विधानसभा सचिव को देनी होगी। उनकी आवाजाही पर नजर रहेगी और पूरा कार्यक्रम औपचारिक रूप से दर्ज किया जाएगा। उन्हें अपने निवास क्षेत्र का दौरा करने की अनुमति नहीं होगी। यानी वे सत्र के दौरान किसी भी तरह की राजनीतिक गतिविधि या क्षेत्रीय कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकेंगे। उनकी मौजूदगी केवल विधानसभा परिसर और सत्र की कार्यवाही तक सीमित रहेगी। सबसे महत्वपूर्ण शर्त 'नो स्पीच' से जुड़ी है। उन्हें अपने ऊपर चल रहे मामले के संबंध में किसी भी प्रकार का बयान देने या चर्चा करने की अनुमति नहीं होगी। वे बजट या अन्य सामान्य विषयों पर चर्चा में भाग ले सकते हैं, लेकिन अपने केस से जुड़े किसी भी मुद्दे पर न तो बोलेंगे और न ही टिप्पणी करेंगे। यदि उन्होंने इन शर्तों का उल्लंघन किया तो उनकी अनुमति तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जाएगी। यह भी स्पष्ट किया गया है कि मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण सदन में भी इस विषय पर कोई चर्चा नहीं की जाएगी।

**दो अहम विधेयक भी सूची में:** इस सत्र में दो महत्वपूर्ण विधेयक भी लाए जाने की सूचना है। छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 और छत्तीसगढ़ लोक सुरक्षा (उपाय) प्रवर्तन विधेयक, 2026। इन विधेयकों को लेकर राजनीतिक बहस की संभावना जताई जा रही है।

**सवालों और प्रस्तावों की भरमार:** बजट सत्र के लिए अब तक 2813 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें 1376 तारांकित प्रश्न शामिल हैं। इसके अलावा 61 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, नियम 139 के तहत 1 अविलंबनीय चर्चा, 13 अशासकीय संकल्प, शून्यकाल की 9 सूचनाएं और 112 याचिकाएं भी प्राप्त हुई हैं। इससे साफ है कि सत्र के दौरान सरकार को कई मुद्दों पर जवाब देना होगा।

**राजनीतिक तौर से अहम सत्र:** आज से शुरू हुआ यह बजट सत्र वित्तीय दृष्टि से तो महत्वपूर्ण है ही, राजनीतिक रूप से भी काफी अहम माना जा रहा है। सरकार 2026-27 के बजट के जरिए अपनी प्राथमिकताओं को सामने रखेगी, वहीं विपक्ष कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। इसके साथ ही कवासी लखमा की सशर्त मौजूदगी भी सत्र के दौरान चर्चा का विषय बनी रहेगी। अगले एक महीने तक राज्य की राजनीति का केंद्र विधानसभा ही रहेगा।

**महिलाओं को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता:** अभिभाषण में राज्यपाल ने 'मातृशक्ति' को सरकार की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर बताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष को महतारी गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जो महिला सम्मान और सशक्तिकरण को नई दिशा देगा।

**पशुपालन और डेयरी सेक्टर को मजबूती:** सरकार पशुपालन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हुए इसे बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। राज्यपाल ने बताया कि दूध उत्पादन बढ़ाने और पशुपालन को लाभकारी बनाने के लिए कई योजनाएं लागू की जा रही हैं।

**आर्थिक सर्वेक्षण राज्य के...**

और बढ़ती आर्थिक गतिविधियों का परिणाम है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारा लक्ष्य है - प्रदेश के हर परिवार की आय बढ़े, जीवन स्तर बेहतर हो और समृद्धि हर घर तक पहुंचे। हमारा संकल्प है- छत्तीसगढ़ के हर परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त और समृद्ध बनाना..। हमारी सोच है - प्रदेश का विकास तभी सार्थक है, जब हर परिवार समृद्ध हो. हमारा उद्देश्य स्पष्ट है - विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और हर परिवार खुशहाल बने. हमारा लक्ष्य है - बढ़ती आय, बेहतर अवसर और समृद्ध जीवन के साथ हर परिवार सशक्त छत्तीसगढ़ का हिस्सा बने।

**पूर्व आईएएस टुटेजा गिरफ्तार ...**

निधि से संबंधित विकास कार्यों में अपने परिचितों और पसंदीदा फर्मों को काम दिलाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाई। आरोप है कि उन्होंने इन कार्यों के आवंटन के बदले भारी कमीशन लिया। जांच एजेंसी का दावा है कि आरोपी ने अपने रिश्तेदारों और निकट सहयोगियों के माध्यम से विभिन्न फर्मों के साथ सांठगांठ की और डीएमएफ मद के कार्यों को अवैध रूप से आवंटित कराने की गतिविधियां संचालित कीं।

**अटल विहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी...**

यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1966 के नियम 9 (1) (क) के विपरीत काम किया है, जिस पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय, उच्च शिक्षा विभाग बिलासपुर संभाग बिलासपुर (छ.ग.) निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

**कांग्रेस-भाजपा में मंथन तेज...**

हैं। राज्य की जातीय और क्षेत्रीय परिस्थितियों को भी फैसले में अहम माना जा रहा है।इसके अलावा वरिष्ठ नेता ताम्रध्वज साहू का नाम भी प्रमुखता से लिया जा रहा है। वे राष्ट्रीय राजनीति का अनुभव रखते हैं और साहू समाज में प्रभावी माने जाते हैं। सामाजिक संतुलन की दृष्टि से उन्हें राज्यसभा भेजना कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा हो सकता है। दिल्ली स्तर पर टीएस सिंहदेव को बड़ी जिम्मेदारी देने की चर्चा भी तेज है। सरगुजा बेल्ट में कांग्रेस की कमजोर होती स्थिति को देखते हुए सिंहदेव को राज्यसभा भेजकर क्षेत्रीय संतुलन साधने की कवायद की जा सकती है।

**दिल्ली विधानसभा-सचिवालय को...**

गया। जांच में कुछ भी नहीं मिला था।

ईमेल में लिखा था- दिल्ली बनेगा खालिस्तान

पुलिस अधिकारी ने बताया कि ईमेल में दिल्ली बनेगा खालिस्तान की धमकी दी गई थी। लिखा था कि अगले 3 दिनों के भीतर आर्मी स्कूल, लाल किला और मेट्रो स्टेशनों पर विस्फोट हो सकते हैं।

# पद्मश्री आलोक मेहता की कॉफी-टेबल बुक रेवलूशनेरी राज का भव्य लोकार्पण

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ संपादक (पद्मश्री) और जाने-माने लेखक आलोक मेहता की कॉफी-टेबल बुक 'Revolutionary Raj: Narendra Modis 25 Years' का लोकार्पण 21 फरवरी की शाम कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक गरिमामय समारोह में किया गया। कार्यक्रम में राजनीति, शासन और मीडिया जगत की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, अर्थशास्त्री और 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष और पूर्व सांसद एन. के. सिंह, प्रसिद्ध सोशल एक्टिविस्ट और लेखिका रामी छाबरा और

पूर्व केंद्रीय मंत्री के. जे. अल्फोंस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने समारोह की अध्यक्षता की 7 वक्ताओं ने पुस्तक को समकालीन राजनीतिक परिदृश्य को समझने की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। बिजनेसवर्ल्ड के चेयरमैन व एडिटर-इन-चीफ और एक्सचेंज4मीडिया ग्रुप के फाउंडर डॉ. अनुराग बत्रा ने इस कार्यक्रम का संचालन किया। शुभी पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित यह कॉफी-टेबल बुक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों पर केंद्रित है, जिसमें गुजरात के नेतृत्व से लेकर देश की बागडोर संभालने तक की उनकी राजनीतिक, प्रशासनिक और वैचारिक यात्रा का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। किताब की खास बात यह है कि इसकी भूमिका केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लिखी है। बिहार के राज्यपाल आरिफमोहम्मद खान ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2002 के गोधरा कांड के बाद वह गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के आलोचक थे, लेकिन गुजरात में समय बिताने और विभिन्न समुदायों के लोगों से संवाद करने के बाद उनका दृष्टिकोण पूरी तरह बदल गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझने की आवश्यकता है। उन्होंने तीन तलाक कानून को एक ऐतिहासिक सामाजिक सुधार बताया, जिसका प्रभाव आने वाले वर्षों तक देखा जाएगा। केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत की आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में भारत लगभग दो ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था था, जो अब बढ़कर लगभग 4.3 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच चुका है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्तमान गति बरकरार रहने पर भारत निकट भविष्य में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। उन्होंने कहा कि देश इस समय उल्लेखनीय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन. के. सिंह ने कहा कि भारत आज एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, जहाँ स्थिर मैक्रो-इकॉनॉमिक प्रबंधन, मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार, नियंत्रित महंगाई और निरंतर अवसंरचना निवेश उसे वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी अपेक्षाकृत सुरक्षित बनाते हैं।

## न्यूज गैलरी

### 'मराठी माणूस की ताकत दिखाएंगे', भड़के रोहित पवार?

**मुंबई।** शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के विधायक रोहित पवार ने सोमवार को कहा कि अगर दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मृत्यु की सतही जांच की गई तो 'मराठी माणूस' (महाराष्ट्र के लोग) अपनी ताकत दिखाएंगे। उन्होंने पिछले महीने जांच में हुई प्रगति पर सवाल उठाया और बताया कि सीबीआई पहले से ही मामलों के बोझ तले दबी हुई है। विधानसभा भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए रोहित पवार ने कहा कि अमोल मितकारी, रूपाली थोम्बारे और कई जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं जैसे लोग लगातार अजित पवार की मौत पर सवाल उठा रहे हैं। संबंधित पायलट के बारे में उन्होंने बताया कि विस्तृत चर्चा हो चुकी है। रोहित पवार ने कहा, ÷मैं एक पारदर्शी जांच चाहता हूं। मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है, लेकिन जांचकर्ताओं ने पिछले महीने में क्या-क्या जांच की है? क्या उन्होंने सीसीटीवी फुटेज जब्त किया है? क्या आवश्यक आपराधिक जांच की गई है? गहन जांच बेहद जरूरी है। अब तक सिर्फ दो सतही रिपोर्टें ही सौंपी गई हैं। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि उनके पास सत्ता में बैठे लोगों और वीएसआर (विमानन कंपनी) के बीच संबंधों के बारे में सबूत हैं, जिनमें मंत्रियों के साथ उनके संबंध भी शामिल हैं। उन्होंने सीबीआई जांच का स्वागत किया, लेकिन साथ ही संदेह भी व्यक्त किया और कहा कि वर्तमान में 7,075 मामले अनसुलझे हैं। उन्होंने इसकी तुलना ÷मामलों को ठंडे बस्ते में डालने÷ से की और इस बात पर जोर दिया कि सीबीआई को जांच पूरी करने के लिए एक निश्चित समय सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। रोहित पवार ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के लिए एक औपचारिक पत्र तैयार कर लिया है और सबूतों के साथ इसे सौंपने के लिए उनसे मिलने का समय मांगेंगे। उन्होंने कहा, ÷रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और डीजीसीए को भेजी जा चुकी है। 70 प्रतिशत जानकारी अभी भी उनके द्वारा रोकी गई है। हम राजनीति नहीं करना चाहते; हमारी केवल यही मांग है कि जांच ठीक से की जाए। रोहित पवार ने ब्लैक बॉक्स को हुए नुकसान की सीमा के संबंध में सबूत होने का दावा किया। उन्होंने दोहराया कि अगर जांच महज औपचारिकता साबित हुई तो मराठी जनता चुप नहीं बैठेगी। राज्यसभा चुनावों के बारे में रोहित पवार ने शरद पवार के 60 साल के राजनीतिक करियर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका अनुभव राज्य और देश दोनों के लिए फायदेमंद है।

### कोटद्वार के मोहम्मद दीपक की दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात

**देहरादून।** कोटद्वार के मोहम्मद दीपक ने दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान राहुल गांधी गर्मजोशी के साथ दीपक के गले लगे। कोटद्वार पटेल मार्ग पर एक कपड़े की दुकान के नाम को लेकर उभरे विवाद के बीच मोहम्मद दीपक चर्चा में आया था। मामले में तब और तूल पकड़ा जब राहुल गांधी ने इसे लेकर ट्वीट किया।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संचार विभाग के सचिव वैभव वालिया के नेतृत्व में कोटद्वार के दीपक ने नेता विपक्ष राहुल गांधी से आज नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। वालिया ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कोटद्वार के हमारे भाई दीपक कुमार को अपने आवास पर आमंत्रित कर उनसे आत्मीय मुलाकात की। दीपक कुमार जो अपने मानवीय कार्यों और इंसानियत की मिसाल के रूप में देशभर में पहचान बना चुके हैं, से राहुल गांधी ने स्नेहपूर्ण संवाद किया और उनका उत्साहवर्धन किया। यह मुलाकात केवल एक व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि समाज में मानवता, करुणा और सेवा भाव की भावना का सम्मान है। राहुल गांधी द्वारा दीपक कुमार जैसे प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व को अपने घर पर आमंत्रित कर सम्मानित करना यह दर्शाता है कि कांग्रेस पार्टी सदैव उन लोगों के साथ खड़ी है जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने सीएए का जिक्र, घुसपैठ पर लगाम, राज्य के विकास के साथ कानून-व्यवस्था पर रखी बात

# बस कुछ ही महीने में बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएगा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के नागरिकों के नाम हिंदी और बांग्ला भाषा में एक खुला पत्र लिखा है। इमसें उन्होंने CAA का जिक्र करते हुए घुसपैठ पर लगाम, राज्य के विकास, कानून-व्यवस्था और कल्याणकारी योजनाओं के मुद्दों पर अपनी बात रखी है।

पीएम मोदी ने पत्र की शुरुआत जय मां काली के जयकारे के साथ की। उन्होंने लिखा- अब बस कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएगा। आने वाली पीढ़ी का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह आपके सोचे-समझे फैसले पर निर्भर करता है।

उन्होंने लिखा कि मेरे सोनार बंगाल के सपने देखने वाला हर एक जवान, बूढ़ा और महिलाएं आज बहुत पीड़ा में हैं। उनकी पीड़ा से आज मेरा हृदय भी व्यथित है। इसलिए मैंने मन की गहराइयों से एक संकल्प लिया है, पश्चिम बंगाल को विकसित और समृद्ध बनाने का संकल्प।

उन्होंने आगे लिखा- पिछले 11 वर्षों में देशवासियों के आशीर्वाद को ताकत बनाकर मेरी सरकार ने जनकल्याण और समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। किसानों के कल्याण से लेकर युवाओं के सपनों को साकार करने तक, और मातृशक्ति के सशक्तिकरण से लेकर समाज के हर वर्ग तक, हमारी नीतियों और निरंतर प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आज साफ दिखाई दे रहे हैं।राज्य सरकार के असहयोग और विरोध के बावजूद, आज पश्चिम बंगाल के करीब 5 करोड़ लोग 'जन-धन योजना' के माध्यम से बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत राज्य में 85 लाख शौचालयों का निर्माण किया गया है। जब राज्य की सत्ताधारी पार्टी गरीबों का निवाला छीन रही है, तब हमने छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को 2.82 लाख करोड़ रुपये का लोन देकर मदद का हाथ बढ़ाया है।

'अटल पेंशन योजना' के तहत 56 लाख वरिष्ठ नागरिकों को बुढ़ापे में आत्मनिर्भर बनाने का सौभाग्य मुझे मिला है। 'उज्ज्वला योजना' के माध्यम से 1 करोड़ से अधिक परिवारों को रसोई गैस देकर माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाकर मैं धन्य हूं।

जो किसान पूरे देश का पेट भरते हैं, आज पश्चिम बंगाल में वही अन्नदाता अपने परिवार का पेट पालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे कठिन परिस्थिति में 'किसान सम्मान निधि' के जरिए 52 लाख से अधिक किसानों को सीधे आर्थिक सहायता देकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाकर, मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं।

स्वतंत्रता के बाद पश्चिम बंगाल देश की अर्थव्यवस्था की दिशा तय करता था और औद्योगिक विकास में अग्रणी था। लेकिन आज इस गौरवशाली राज्य की जर्जर हालत देखकर मेरा मन व्यथित हो उठता है। पिछले छह दशकों के कुशासन और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण पश्चिम बंगाल को जो अपूरणीय क्षति हुई है, उसे बयान नहीं किया जा सकता।स्वामी विवेकानंद और ऋषि अरविंद ने जिस बंगाल का सपना देखा था, वह आज वोट-बैंक की संकीर्ण राजनीति, हिंसा और अराजकता में जकड़ा हुआ है और यह हम सबके लिए अत्यंत पीड़ादायक है। पश्चिम बंगाल की धरती के सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस के ÷आजादी के ललकार÷ ने कभी पूरे देश को प्रेरित किया था।आज उनकी ही पवित्र भूमि अवैध घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ हिंसा से कलंकित है।

कविगुरु रवींद्रनाथ ठाकुर के सोनार बंगाल पर नकली वोटर हावी हो रहे हैं। अराजकता के अंधेरे में डूबते पश्चिम बंगाल को देखकर आज पूरा देश चिंतित है। कब तक हम चुपचाप यह सब सहते रहेंगे?

### चीन ने अमेरिका से टैरिफ हटाने को कहा

**मुंबई।** वैश्विक व्यापार के लिए एक बड़े घटनाक्रम में, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रमुख टैरिफ नीति को बड़ा झटका देते हुए उनके व्यापक आयात शुल्क को अवैध करार दिया है। रूप से मान्य नए 15 प्रतिशत टैरिफलगाने की घोषणा कर दी है, जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापारिक तनाव फिर से गहराने की आशंका है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाया कि राष्ट्रपति ट्रंप के पास 1977 के 'इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पॉवर्स एक्ट' के तहत लगभग सभी अमेरिकी व्यापारिक भागीदारों से आने वाले सामानों पर व्यापक आयात शुल्क लगाने का अधिकार नहीं है।

# डॉक्टरों की योग्यता तय नहीं करती नीट पीजी परीक्षा

**नई दिल्ली।** नीट-पीजी 2025 के लिए क्वालिफाइंग पर्सेंटाइल कम किए जाने के फैसले का बचाव करते हुए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि नीट पीजी न्यूनतम क्लिनिकल क्षमता का प्रमाणन नहीं करता, बल्कि सीमित स्नातकोत्तर सीटों के आवंटन के लिए मेरिट सूची तैयार करने का माध्यम है। न्यूनतम योग्यता एमबीबीएस डिग्री से ही स्थापित हो जाती है।

### नीट पीजी क्षमता नहीं, मेरिट तय करता है

*केंद्र द्वारा दायर हलफनामे में कहा गया है कि नीट पीजी स्कोर सापेक्ष प्रदर्शन और परीक्षा की संरचना पर आधारित होता है। इसे किसी उम्मीदवार की क्लिनिकल अक्षमता का प्रमाण नहीं माना जा सकता। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी अभ्यर्थी लाइसेंस प्राप्त एमबीबीएस डॉक्टर हैं और स्वतंत्र रूप से प्रैक्टिस करने के पात्र हैं।*

### मरीज सुरक्षा को लेकर उठे सवालों पर क्या जवाब दिया?

रोगी सुरक्षा को लेकर उठाई गई चिंताओं को 'भ्रामक' बताते हुए हलफनामे में कहा गया कि: पोस्टग्रेजुएट प्रशिक्षण तीन वर्ष का संरचित कार्यक्रम है।प्रशिक्षण के दौरान उम्मीदवार वरिष्ठ संकाय और विशेषज्ञों की निगरानी में कार्य करते हैं।अंतिम क्षमता का आकलन एमडी/एमएस परीक्षा में होता है, जहां सिद्धांत और प्रैक्टिकल दोनों में अलग-अलग न्यूनतम 50त्न अंक अनिवार्य हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और नेशनल मेडिकल कमीशन ने अनुमानित रिक्त सीटों की बड़ी संख्या को देखते हुए कटऑफघटाने का निर्णय लिया। हलफनामे के अनुसार: शैक्षणिक सत्र 2025-26 में लगभग 70,000 पीजी सीटें उपलब्ध थीं।2,24,029 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। ऑल इंडिया कोटा की 31,742 सीटों में से दूसरे राउंड के बाद 9,621 सीटें खाली रहीं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)**
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
**ईश्तहार**
नामंतरण प्र.क्र. 28850 दिनांक 23.02.2026
वार्ड का नाम- 67 - भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567K00569 जो की निगम अभिलेख श्री BADAN GORE LAL SAHU पिता / पति श्री/ श्रीमती GORE LAL SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती KUNTI DEWANGAN पिता /पति श्री/श्रीमती ASHOK KUMAR DEWANGAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / MALBA-BIKRINAMA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।
" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)**
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
**ईश्तहार**
नामंतरण प्र.क्र. 28846 दिनांक 23.02.2026
वार्ड का नाम- 67 - भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663I01743 जो की निगम अभिलेख श्री DEVJIT DEY पिता / पति श्री/ श्रीमती K. C. DEY के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती CHURAMANI पिता /पति श्री/श्रीमती JIVRAKHAN GURUGOSAI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।
" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सरोना जिला उ.ब. कांकेर छ.ग.**
**//आम ईश्तहार //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाए जिला उ0ब0 कांकेर के पत्र क्रमांक /172/उपंका/साख-भूमि आबंटन / 2026 दिनांक 02/2/2026 के अनुसार ग्राम ठेमा पटवारी हल्का नंबर 14 तहसील सरोना में स्थित शासकीय आबादी मद की भूमि 141/1 रकबा 12.02 हेक्टेयर में से रकबा 1.20 हेक्टेयर भूमि को कार्यालय सह गोदाम निर्माण हेतु भूमि आबंटित करने की मांग किया गया है।

उक्त संबंध में जिस व्यक्ति या संस्था को दावा / आपत्ति पेश करना हो तो सुनवाई दिनांक 5/3/2026 के पूर्व पेश करें। नियत समय में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेंगा ।

आज दिनांक 18/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है ।
मुहर
तहसीलदार
सरोना

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Office Phone. :- 07727-296695 Email ID :- ee-res.abhanpur@nic.in
**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-20//**
**(प्रथम बार)**
क्रमांक/564/ निविदा/ ग्रा.यां.से. / 2025-26 बलौदाबाजार, दिनांक 20/02/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक **06.03.2026** तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **184093** | सोनाखान में स्मारक स्थल परिसर के पास सियान सदन का निर्माण, वि.ख. कसडोल | 44.79 | 06.03.2026 |

2/ निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी बेबसाइट http://eproc.cgstate.gov. in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 20.02.2026 से देखी जा सकती है।
(योगेश कुमार खाण्डे)
कार्यपालन अभियंता
ग्रा.यां. सेवा संभाग-बलौदाबार
जी-252606851/2 जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, नारायणपुर (छ.ग.)**
**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(द्वितीय आमंत्रण)**
**सिस्टम निविदा क्र. 185891 निविदा सूचना क्र. 13/व.ले.लि./2025-26**
**दि. 20.02.2026**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **09.03.2026 17:30** तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम - नारायणपुर जिले के विकासखंड नारायणपुर में बोरपाल मांझीपारा (हितकसा) स्टापडेम का निर्माण कार्य।**

**अनुमानित लागत - रू. 41.47 लाख**

(छ.ग. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा निर्माण एवं संधारण कार्यो हेतु दर अनुसूची 01.11.2021 से प्रभावशील एवं 02/2024 तक संशोधित के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **27.02.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट - निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग
जी- 252606845/3 नारायणपुर

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर, जिला रायपुर**
**विज्ञापन**
क्र./ 01 / अविअ/खाद्य/ 2026 रायपुर, दिनांक 19/02/2026

छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की खण्ड 9 (2) के प्रावधान के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान का आबंटन हेतु कार्यालय से जारी विज्ञापन क्रमांक/476/अविअ/खाद्य/ 2025, दिनांक 05.08.2025 तथा विज्ञापन क्रमांक/477/अविअ/खाद्य / 2025, दिनांक 05.08.2025 में विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस तक निर्धारित की गई थी। परन्तु कुछ पंचायतो से आवेदन कम प्राप्त हुए थें परिणामस्वरूप शासकीय उचित मूल्य दुकानों के आबंटन हेतु पुनः विज्ञापन जारी कर आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि विज्ञापन प्रकाशित दिनाँक 15 दिवस तक नियत की जाती है। पूर्व में जारी विज्ञापन के शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

जनपद पंचायत धरसींवा के ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम / ग्राम पंचायत में शासकीय उचित मूल्य दुकान नवीन आबंटित किये जाने हेतु उचित मूल्य दुकान संचालन करने के इच्छुक सहकारी सोसाइटियों / महिला स्वयं सहायता समूह/ ग्राम पंचायत / वन सुरक्षा समितियों / अन्य उपभोक्ता सोसाइटी ग्रामवार संख्या एवं नियमावली, आवेदन पत्र का विहित प्रारूप (परिशिष्ट- एक) अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर, जिला रायपुर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धरसींवा के कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

| क्र. | दुकान आई डी | आंबंटित किये जाने हेतु क्षेत्र | नवीन प्रस्तावित शास. उ. मु. दुकानो की संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 442001068 | पंडर भट्ठा | 1 | |
| 2 | 442001065 | काठाडीह | 1 | |
| 3 | 442001067 | मलौद | 1 | |
| 4 | 442001060 | मनोहरा | 1 | |
| 5 | 442001061 | सोण्डरा | 1 | |
| 6 | 442001044 | सेरीखेड़ी | 2 | एक नवीन, एक पूर्व से संचालित दुकान हेतु |
| 7 | 442001021 | सेजबहार | 1 | पृथक से नवीन दुकान हेतु |
| 8 | 442001028 | टेकारी | 1 | पृथक से नवीन दुकान हेतु |
| 9 | 442001042 | माना बस्ती | 1 | पृथक से नवीन दुकान हेतु |
| 10 | 442001064 | बेरियाकला | 1 | पृथक से नवीन दुकान हेतु |
| 11 | 442001072 | सिलतरा | 1 | पृथक से नवीन दुकान हेतु |
| 12 | 442001084 | मांढर | 1 | पृथक से नवीन दुकान हेतु |
| 13 | 442001079 | छपोरा | 1 | पृथक से नवीन दुकान हेतु |

शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित करने हेतु आवेदन विहित प्रारूप (परिशिष्ट-एक) में समस्त वांछित दस्तावेजों सहित विज्ञापन में प्रकाशित दिनाँक से 15 दिवस तक रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा तहसील कार्यालय धरसींवा जिला रायपुर कक्ष क्रमांक 01 में प्रेषित किया जा सकता है।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जी- 252606830/3 रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 06, रायपुर (छ.ग.)**
**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**
**क्रमांक 60/न.पा.नि./ जोन क्रमांक 06/2025-26** **रायपुर दिनांक 23/02/2026**

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित SOR ( निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन "डी" एवं उससे ऊपर) / फर्म एवं संस्था / एजेंसी से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार (लिफाफा "अ" में निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं "ब" मे निविदा प्रपत्र) सील बंद निविदा पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती है।

संबंधित कार्य का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेत दिनांक 09/03/2026 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनाँक 16/03/2026 तक पंजीकृत डॉक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाये दिनांक 17/03/2026 को सुबह 11:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष खोली-जावेगी। निविदा आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा का प्रकार | मद का नाम | अगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | एस.ओ.आर | समया अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहीद पंकज विक्रम वार्ड क्र. 58 अंतर्गत विभिन्न उद्यानों पर एस.एस./गार्डन चेयर लगाने का कार्य। | प्रथम | पार्षद निधि | 100000.00 | 2000.00 | 300.00 | PWD Building SOR 01.01.2015 | 15 दिन |
| 2 | शहीद पंकज विक्रम वार्ड क्र. 58 अंतर्गत विभिन्न उद्यानों में सी.सी. चेयर प्रदाय कर स्थापित करने का कार्य। | प्रथम | पार्षद निधि | 311000.00 | 3200.00 | 750.00 | NON SOR | 1 माह |
| 3 | मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्र. 59 अंतर्गत सी.सी. रोड तथा नाली निर्माण कार्य गौसिया मस्जिद गली एवं मुखर्जी गली में। | प्रथम | विधायक निधि | 500000.00 | 5000.00 | 750.00 | PWD Building SOR 01.01.2015 | 3 माह |
| 4 | जोन क्रमांक 06 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में साईनेज बोर्ड प्रदाय कर स्थापित करने का कार्य। | प्रथम | सामान्य मद | 500000.00 | 5000.00 | 750.00 | PWD Road SOR 01.01.2015 | 1 माह |
| 5 | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड, नाली एवं पुलिया संधारण कार्य। | प्रथम | संधारण मद | 393000.00 | 4000.00 | 750.00 | PWD Building SOR 01.01.2015 | 1 माह |

**कार्य के निविदा हेतु संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है:-**
**लिफाफा "अ" में :-**
(1) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय अमानती राशि का एफ.डी.आर (निविदा खोलने तिथि तक वैद्य होना चाहिए) मूलप्रति।
(2) प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत् शपथ पत्र संलग्न करें। (3) फर्म/एजेंसी के नाम का वैद्य पंजीयन की प्रति
(4) बैंक साल्वेंसी की प्रति (5) जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति (6) 3 वर्षों का ITR एवं निविदा तिथि से 3 माह पूर्व का GSTR की प्रति।
**लिफाफा "ब" में :-** (1) निविदा प्रपत्र
शर्तें- (1) उक्त लिफाफे रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी। (2) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा जमा करने एवं खोलने के तिथि में अवकाश हो जाने पर आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य संपादित की जावेगी। (3) ठेकेदार / फर्म एवं संस्था के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जी.एस.टी. विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा। **(निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस में आकर प्राप्त की जा सकती है)**

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र वाहन को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 06, नगर पालिक निगम, रायपुर

# बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दाब का क्षेत्र, छाए रहेंगे बादल, तापमान में आएगी गिरावट

❐ **रायपुर में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना**

**रायपुर/नवप्रदेश।** दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने सुस्पष्ट निम्न दबाव क्षेत्र और उससे जुड़े चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 23 फरवरी को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर अति हल्की वर्षा होने की संभावना है, जबकि वर्षा का मुख्य असर बस्तर संभाग के जिलों में रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक निम्न दबाव क्षेत्र समुद्र तल से करीब 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक सक्रिय है और इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने के बाद पुनः उत्तर-पूर्व दिशा की ओर मुड़ने की संभावना है।

इसके साथ ही दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी से दक्षिण मध्य महाराष्ट्र तक द्रोणिका भी सक्रिय बनी हुई है, जिससे प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में नमी पहुंच रही है। रायपुर में सोमवार को आसमान आंशिक मेघमय रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान करीब 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। वर्तमान में शहर का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग 2.5 डिग्री अधिक है।

### तापमान में अभी स्थिरता फिर शुरू होगी गिरावट

प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में फिलहाल कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है। 24 फरवरी से न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो सकता है, जो अगले दो दिनों में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक नीचे जा सकता है। इससे रात में हल्की ठंड फिर महसूस होने लगेगी।

### गरज-चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी

मौसम विभाग ने 23 फरवरी के लिए एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना जताई है। अगले दो दिनों में भी कहीं-कहीं अति हल्की बारिश की स्थिति बन सकती है। हालांकि व्यापक बारिश के संकेत फिलहाल नहीं हैं।

## न्यूज गैलरी

### मंत्री राजवाड़े के प्रयासों से अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी नीति के अनुरूप क्षेत्र में आधारभूत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विशेष प्रयासों से जिला सूरजपुर अंतर्गत कल्याणपुर-लटोरी-दतिमा- सलका (मुख्य जिला मार्ग) के विभिन्न खंडों में सड़क सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण कार्य के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। लगभग 29 किलोमीटर लंबाई में प्रस्तावित इस कार्य के लिए 40.93 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह मार्ग क्षेत्र के अनेक ग्रामों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिसके उन्नयन से आवागमन अधिक सुगम, सुरक्षित एवं तीव्र होगा। इससे ग्रामीण अंचलों का जिला मुख्यालय एवं अन्य प्रमुख स्थलों से बेहतर संपर्क स्थापित होगा। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सड़क केवल परिवहन का माध्यम नहीं, बल्कि विकास की जीवनरेखा है। सुदृढ़ सड़क संपर्क से किसानों को अपनी उपज समय पर बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, विद्यार्थियों को शिक्षा संस्थानों तक सुगमता से पहुंच सुनिश्चित होगी तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं तक त्वरित पहुंच संभव हो सकेगी। साथ ही व्यापार, लघु उद्योग एवं स्थानीय रोजगार के अवसरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुशासन, पारदर्शिता एवं समावेशी विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। अधोसंरचना विकास के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से चरणबद्ध रूप से सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

### नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी के भांठागांव स्थित अवधपुरी कालोनी में रविवार को नीट की तैयारी कर रहे एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। छात्र ने मकान की दूसरी मंजिल से गले में जीआइ तार (लोहे का तार) बांधकर छलांग लगा दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रायगढ़ जिले के रहने वाले पुष्पेंद्र पटेल के रूप में हुई है। घटना पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र की है। प्रारंभिक जांच में छात्र के मानसिक दबाव में होने की बात सामने आई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुष्पेंद्र पिछले तीन वर्षों से रायपुर में किराए के मकान में रहकर मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहा था। उसका परिवार पहले रायगढ़ में रहता था, जबकि वर्तमान में सारंगगढ़ क्षेत्र के बरसकोल मालदा गांव में निवास कर रहा है। छात्र के पिता करुणा सागर पटेल किसान हैं। जानकारी के मुताबिक छात्र ने कमरे में जीआइ तार गले में बांधा और मकान की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। मौके पर पहुंची पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मृतक के स्वजन को दी गई। पुलिस आसपास के लोगों और मकान मालिक से पूछताछ कर रही है, जिससे घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। शुरुआती जांच में सामने आया है कि छात्र प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को लेकर पिछले कुछ समय से मानसिक दबाव में था। हालांकि आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। मामले में मर्ग कायम कर जांच जारी है।

### वीबी-जी रामजी को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने लगाई चौपाल

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा रायपुर के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू के नेतृत्व में वीबी-जी राम जी अधिनियम को लेकर किसान चौपाल का आयोजन रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत धरमपुरा में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक श्री मोतीलाल साहू और मुख्य वक्ता किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर ने किसानो को वीबी-जी राम जी के बारे में जानकारी दी उक्त कार्यक्रम में किसान मोर्चा की उपाध्यक्ष मनीषा चंद्राकर, महामंत्री ओपी देवांगन, मंत्री प्रशांत ठाकुर, देवेन्द्र ठाकुर, कार्यालय मंत्री रवीश गुप्ता, तरुण वैद्य, योगेश्वरानंद नेताम, विनय साहू, विलास सुतार, संदीप सांडे, अर्चना शुक्ला, जनपद सदस्य शिखा निर्मलकर, माना मंडल अध्यक्ष भीमवंत निषाद सहित किसान मोर्चा के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं धरमपुरा के किसान ग्रामीण उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में इक्लेक्टिका-2026 का समापन

**रायपुर/नवप्रदेश।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर की सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'इक्लेक्टिका 2026' का रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। तीन दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन संगीत, नाट्य और नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने परिसर को जीवंत बना दिया, जहाँ विद्यार्थियों और प्राध्यापकों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। समापन दिवस का प्रमुख आकर्षण अविर्भाव म्यूजिकल बैंड प्रतियोगिता रही, जिसने पूरे परिसर को सुरों और ताल की ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

# सशक्त समाज के निर्माण में शिक्षा और संगठन की भूमिका अहमः सीएम साय

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बलौदा बाजार जिले के ग्राम चांपा में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के दो दिवसीय 80वें महाअधिवेशन में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्य तिथि पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा समाज की विभूतियों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का गजमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री साय ने मनवा कुर्मी समाज को परिश्रमी, संगठित और उन्नत कृषक परंपरा वाला समाज बताते हुए कहा कि समाज का योगदान राज्य की प्रगति में महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने 80वें महाअधिवेशन की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में मेल-मिलाप, समन्वय और सकारात्मक निर्णयों को बढ़ावा देते हैं, जिसका लाभ पूरे प्रदेश और देश को मिलता है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के गृह ग्राम चांपा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शिक्षा सशक्त समाज निर्माण का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने समाज द्वारा बेटा-बेटी दोनों को शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही आत्मनिर्भर और प्रगतिशील समाज बनता है। उन्होंने महिला स्वरोजगार को बढ़ावा देने, युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता और सामाजिक सुधार के प्रयासों को भी सराहनीय बताया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री के संकल्प के अनुरूप मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने की दिशा में सरकार दृढ़ता से काम कर रही है। नियद नेल्लार योजना के माध्यम से लगभग 400 गांवों में विकास कार्यों को गति दी गई है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्राम नरदहा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख रुपये तथा बलौदा बाजार में सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में पिछले दो वर्षों में उल्लेखनीय विकास हुआ है और किसानों, महिलाओं तथा युवाओं के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की गई हैं।अधिवेशन में समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम वर्मा ने समाज द्वारा लिए गए सामाजिक सुधार के महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी। कार्यक्रम में राजिम विधायक श्री रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, महिलाएं, युवा और स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

### मोदी की गारंटी : राज्य सरकार की प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास पूर्ण किए गए हैं। इस वर्ष समर्थन मूल्य पर 25 लाख 24 हजार किसानों से 141 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा गया है तथा होली से पूर्व किसानों को लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की अंतर राशि प्रदान की जाएगी। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को अब तक 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में अब विकास की नई तस्वीर दिखाई दे रही है।

# मीटर लगाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी, 1.56 लाख रुपए किए पार

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी के थाना मुजगहन क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी हुई है। मीटर लगाने के नाम पर खुद को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) का कर्मचारी बताकर ठगों ने एक व्यक्ति के तीन अलग-अलग बैंक खातों से कुल एक लाख 56 हजार 200 रुपये पार कर दिए।

पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम भटगांव (माना बस्ती) निवासी रोशन देव रात्रे ने 22 फरवरी को थाना मुजगहन में ऑनलाइन फ्राड की लिखित शिकायत दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि 30 जनवरी की शाम करीब 5:30 बजे उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने स्वयं को सीएसपीडीसीएल का अधिकारी बताते हुए कहा कि नए विद्युत मीटर के लिए उनके द्वारा आवेदन किया गया है और मीटर जारी करने से पहले ऑनलाइन फार्मेलिटी पूरी करनी होगी। इसके बाद वाट्सएप के जरिए दो एप्लीकेशन 'सीएसपीडीसीएल मीटर रिलीज अपडेट एप' और 'इलेक्ट्रीसिटी बिल अपडेट एपीके' भेजे गए। भेजने वाले नंबर पर सीएसपीडीसीएल का लोगो और नाम प्रदर्शित हो रहा था। आरोपित ने वाट्सएप काल कर फाइल ओपन करने को कहा। एप खोलने पर 13 रुपये का प्रोसेस चार्ज भुगतान का विकल्प दिखाई दिया।

### तीन खातों से उड़ाई रकम

प्रार्थी ने पहले अपने इलाहाबाद बैंक खाते से 13 रुपये भुगतान करने का प्रयास किया, लेकिन पेमेंट फेल बताया गया। इसके बाद स्टेट बैंक आफ इंडिया (एमजी रोड शाखा) के सैलरी अकाउंट से भी भुगतान की कोशिश की गई, जो असफल दिखाया गया। आरोपित ने बातों में उलझाकर पत्नी के पंजाब नेशनल बैंक खाते से भी भुगतान कराने को कहा। तीनों बार पेमेंट फेल दिखने पर प्रार्थी को शक हुआ और उसने काल काट दी। बाद में फोन-पे की हिस्ट्री चेक करने पर खातों से बड़ी रकम कटने का पता चला।

## आईएएस अफसरों ने की सीएम साय से मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में राज्य प्रशासनिक सेवा तथा एलाइड सर्विस से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में नियुक्त अधिकारियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने सभी अधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं. उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति न केवल गौरव का विषय है, बल्कि यह जनसेवा के व्यापक अवसरों और जिम्मेदारियों का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें. उन्होंने कहा कि शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. अधिकारियों की सक्रिय भूमिका से प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। इस दौरान भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्त तीर्थराज अग्रवाल, सुलीना कोसम, बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, सुमित अग्रवाल, संदीप कुमार अग्रवाल, आशीष कुमार टिकरिहा, ऋषभ पाराशर एवं तरुण किरण उपस्थित थे।

## श्याम रंग में रंगी चुनरिया : रायपुर कल भजन संध्या

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी रायपुर में 24 फरवरी को एक भव्य धार्मिक आयोजन "श्याम रंग में रंगी चुनरिया" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 7 बजे से जैन दादाबाड़ी प्रांगण, एम.जी. रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित होगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। आयोजन श्याम संकीर्तन प्रचार समिति द्वारा किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस भजन संध्या का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागरूकता, भक्ति भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करना है। समिति का यह प्रथम वर्ष है और आने वाले समय में ÷सेवा, सत्संग और संस्कृति÷ के ध्येय वाक्य को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न सेवा कार्य भी संचालित किए जाएंगे। कार्यक्रम में देश के ख्यातनाम भजन प्रवाहक अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे।

## बांगो परियोजना के लिए 8.34 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत हसदेव बांगो परियोजना की वितरक नहरों के कार्यों के लिए 8 करोड़ 34 लाख 54 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड-पामगढ़ के अंतर्गत हसदेव बांगो परियोजना के अंतर्गत अकलतरा शाखा नहर के डुमरपाली वितरक नहर, हेड़सपुर वितरक नहर एवं डुड़गा वितरक नहर तथा उनके माईनरों के क्षतिग्रस्त लाईनिंग तथा अन्य कार्यों के लिए चार करोड़ 11 लाख 25 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के प्रस्तावित कार्यों को होने पर रूपांकित सिंचाई क्षेत्र 2493 हेक्टेयर में 280 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई सुविधा हो जाएगी।

# दुर्ग-बिलासपुर और गोंदिया स्टेशन से होली पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें, यात्रियों को मिलेगी कंफर्म बर्थ

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रमुख होली पर्व पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा दुर्ग, बिलासपुर और गोंदिया जैसे प्रमुख स्टेशनों से 14 फेरों में होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग होली स्पेशल 1 व 2 मार्च को दुर्ग से और 2 व 3 मार्च को वापसी में चलेगी। गोंदिया-छपरा-गोंदिया स्पेशल 1-3 मार्च और 2-4 मार्च को संचालित होंगी। दुर्ग-मधुबनी-दुर्ग स्पेशल 1 व 2 मार्च को चलेगी।

गोंदिया-पटना-गोंदिया स्पेशल 2 व 3 मार्च को और बिलासपुर-चर्लपल्ली-बिलासपुर स्पेशल 27 व 28 फरवरी को चलाई जाएगी। गोंदिया-बरौनी और दुर्ग-नौतनवा रूट बदलकर चलेंगी 25 फरवरी को दो ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। ट्रेन संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस चुनार प्रयागराज फाफामऊ जंघई-जौनपुर होकर बरौनी जाएगी। वहीं ट्रेन संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस मानिकपुर-प्रयागराज-मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-सुल्तानपुर-अयोध्या धाम-गोरखपुर मार्ग से नौतनवा पहुंचेगी।

### शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 की सुविधा

ट्रेन संख्या 18030/18029 शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थाई रूप से की गई है। यह सुविधा 21 से 27 फरवरी तक शालीमार से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में उपलब्ध रहेगी। इसी प्रकार 23 से 28 फरवरी और 1 मार्च को एलटीटी से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में उपलब्ध रहेगी।

## न्यूज गैलरी

### शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा देकर, युवक से 12.25 लाख ठगे

**रायपुर/नवप्रदेश।** शेयर बाजार में अधिक मुनाफे का लालच देकर 12.25 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। टिकरापारा थाना पुलिस ने शिकायत पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक विजय कुमार तिवारी को 12 से 23 जनवरी 2026 के बीच मोबाइल नंबर 9453364116 से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को शेयर मार्केट एक्सपर्ट बताया और कम समय में ज्यादा रिटर्न का दावा किया। आरोपी ने एक लिंक भेजकर रजिस्ट्रेशन कराया और अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 12.25 लाख रुपए निवेश करा लिए। शुरुआत में फर्जी स्टेटमेंट और स्क्रीनशॉट भेजकर मुनाफा दिखाया गया। रकम निकालने पर आरोपी टालमटोल करता रहा और बाद में फोन बंद कर दिया। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### 5 से 15 साल के बच्चों का आधार अपडेट अनिवार्य, सेंटरों में बढ़ी भीड़

**रायपुर/नवप्रदेश।** केंद्र सरकार के निर्देश के बाद छत्तीसगढ़ में 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का आधार कार्ड अपडेट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में शासकीय और निजी स्कूलों द्वारा लगातार अभिभावकों को सूचित किया जा रहा है कि वे अपने बच्चों का आधार अपग्रेड अवश्य करवा लें। आधार अपडेट नहीं होने की स्थिति में बच्चों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने में परेशानी हो सकती है। साथ ही उनका अपार आईडी नंबर भी जनरेट नहीं हो पाएगा। निर्देश जारी होने के बाद शहर के विभिन्न आधार केंद्रों में बच्चों और उनके अभिभावकों की भीड़ बढ़ गई है। बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने लोगों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। शहर के कई वार्डों में आधार कार्ड अपग्रेडेशन शिविर लगाए गए हैं, ताकि अभिभावकों को दूर नहीं जाना पड़े। इसके अलावा कलेक्टोरेट परिसर और नगर निगम के सभी जोन कार्यालयों में संचालित लोक सेवा केंद्रों को भी आधार अपग्रेडेशन का कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्य के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। वहीं मुख्य डाकघर सहित प्रमुख बैंकों की चयनित शाखाओं में भी आधार अपडेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इनमें स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बरोड़ा, बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नेशनल बैंक शामिल हैं।

### नाबालिग जोड़े को भागने में मदद करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

**डोंगरगांव/नवप्रदेश।** नगर के नाबालिक बच्ची को उकसाकर एक विधि से संघर्षरत बालक के साथ भगाने और दो दिनों तक उन्हें शरण देने के लिए पुलिस ने सख्त कार्यवाही करते हुए पाक्सो की धाराओं के तहत पति-पत्नी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 31 जनवरी को 14 वर्षीय युवती की गुमशुदगी का रिपोर्ट उनके परिजनों व्दारा दर्ज कराया गया था। जिसके बाद डोंगरगाँव पुलिस ने गहन पड़ताल कर पता लगाया कि उक्त युवती को शहर के ही एक 17 वर्षीय युवक व्दारा ले जाया गया था, जिसका पूर्ण सहयोग पीयुष यादव ने किया जो कि अपने मोटर साईकिल क्रमांक सीजी08 एनसी 4564 से अपने वर्तमान निवास अंबागढ़ चौकी ले गया और दो दिनों तक अपने घर में दोनों युवक-युवती को शरण दिया। बता दें कि पीयुष यादव पूर्व में उक्त नाबालिक युवती का पूर्व पड़ौसी था और पुलिस उसे काफी अच्छे से जानता था बावजूद इसके उसने पुलिस को सूचना देना उचित नहीं समझा। इधर डोंगरगाँव खोजबीन पश्चात दोनों युवक-युवती को पीयुष यादव के निवास से पकड़ा और आरोपी युवक के साथ पीयुष यादव 21 वर्ष और उसकी पत्नि खिलेश्वरी के विरूद्ध पाक्सो अधिनियम 2012 की धारा 17 व 21 एवं बीएनएस 3 (5) की धारा के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

### हत्या का प्रयास, नाबालिग गिरफ्तार

**भिलाईनगर/नवप्रदेश।** ग्रामीण एएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि 22 फरवरी को प्रार्थी रितिक चौधरी (18 वर्ष) निवासी संतोषी पारा यादव मोहल्ला कैम्प-02 ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि जनता स्कूल के पीछे मार्ग में एक नाबालिग ने उसे रोककर नशा सेवन के लिए पैसे की मांग की। पैसे नहीं देने पर गाली-गलौज करते हुए उसके सीने पर धारदार हथियार से वार किया। रिपोर्ट पर थाना छावनी में धारा 119 (1), 109 बी। एन। एस। के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पेट्रोलिंग एवं त्वरित कार्रवाई के दौरान नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है।

### सेल में नए श्रम कानूनों को लागू करने की तैयारी शुरू

**भिलाईनगर/नवप्रदेश।** भारत सरकार द्वारा नए श्रम कानून का अध्यादेश जारी करने के बाद देश के सभी निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्र के नियोक्ताओं द्वारा अपने अपने संस्थानों में श्रम कानून को लागू करने की तैयारी शुरु कर दिया गया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय उपरोक्त कानूनो को 01 अप्रैल 2026 से पूरे देश में लागू करने जा रहा है । इसके तहत सेल प्रबंधन द्वारा अपने सभी यूनिटों में भी लागू करने की प्रारंभिक तैयारी शुरु कर दिया गया है। सेबी को लिखे पत्र में सेल प्रबंधन ने सूचित किया है कि केंद्र सरकार तथा विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा लागू किए गए विशेष उपबंधो का अध्ययन करने के बाद लागू किया जायेगा। उपरोक्त कानूनों के लागू होने के उपरांत पड़ने वाले वित्तीय प्रभावों का आकलन सेल प्रबंधन द्वारा बाद में किया जायेगा। नए श्रम कानूनों का ठेका श्रमिकों पर यह होगा असर- सभी ठेका श्रमिकों को नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य किया गया है। सभी ठेका श्रमिकों को अनिवार्य रुप से वेतन पर्ची देना है। सभी ठेका श्रमिकों को दैनिक उपस्थिति के हिसाब से वेतन भुगतान अनिवार्य करना है।
ठेका श्रमिकों से जुड़े मुद्दे के समाधान के लिए अलग से कार्यसमिति का गठन करना अनिवार्य होगा।

---

प्लेटफॉर्म ऊंचाई और ट्रैक पैकिंग में कमी, फिलहाल 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार की अनुमति

# सीआरएस सर्वे में टीम को मिली खामियां रायपुर-कुरूद रेल सेवा शुरू होने में देरी

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर से कुरूद तक प्रस्तावित रेल सेवा शुरू होने के लिए यात्रियों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) की टीम ने अभनपुर-कुरूद रेल लाइन और स्टेशनों के निरीक्षण के दौरान कई तकनीकी खामियां पाई हैं, जिनके सुधार के बाद ही नियमित संचालन को मंजूरी मिल सकेगी।

सीआरएस टीम की जांच में सामने आया कि कुरूद स्टेशन के प्लेटफॉर्म की ऊंचाई 86 सेमी पाई गई, जबकि मानक 84 सेमी निर्धारित है। प्लेटफॉर्म की अधिक ऊंचाई के कारण यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने और उतरने में दिक्कत हो सकती है। इसके अलावा ट्रैक पर कई स्थानों पर गिट्टी की पैकिंग समान नहीं मिली, जिससे पटरियों की स्थिरता प्रभावित होने की आशंका है। टीम ने स्टेशन और ट्रैक से जुड़ी कमियों को प्राथमिकता से दूर करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों के अनुसार, सुधार कार्य पूरा कर रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेजी जाएगी। बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद इस रूट पर 100 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से ट्रेन संचालन संभव होगा। फिलहाल सीआरएस ने स्पष्ट किया है कि सुधार पूर्ण होने तक इस मार्ग पर अधिकतम 40 किमी प्रतिघंटा की गति से ही ट्रेन चलाई जा सकती है।

### 20 लाख लोगों को होगा लाभ

धमतरी से नवा रायपुर, केंद्री और अभनपुर तक ट्रेन सेवा शुरू होने से करीब 20 लाख लोगों को सीधा फायदा मिलने की उम्मीद है।
वर्तमान में धमतरी से रायपुर आने-जाने के लिए यात्रियों को बस से सफर करना पड़ता है, जिसका एकतरफा किराया लगभग 120 रुपये तक है और सड़क मार्ग से ढाई घंटे तक का समय लग जाता है। ट्रेन सेवा शुरू होने पर किराया कम होने के साथ यात्रा समय में भी उल्लेखनीय कमी आएगी।

### धमतरी तक कार्य प्रगति पर

कुरूद से धमतरी तक 22 किमी लंबे खंड में निर्माण कार्य जारी है। जमीन संबंधी कार्य पूरा हो चुका है और आगे पटरी बिछाने का काम चल रहा है। धमतरी में स्टेशन निर्माण भी प्रगति पर है। रेलवे ने इस परियोजना को मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा था, हालांकि वर्तमान में कार्य लगभग दो महीने पीछे चल रहा है। सीनियर डीसीएम रायपुर अवधेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि सीआरएस टीम द्वारा बताए गए सभी बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक सुधार तेजी से किए जा रहे हैं और सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

### अन्य स्टेशनों पर भी कमियां

सीआरएस टीम को चटौद और सिरी स्टेशनों पर भी यात्री सुविधाओं से जुड़ी खामियां मिलीं। इन स्टेशनों पर टिकट काउंटर, पेयजल, शेड और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि संचालन शुरू होने के बाद यात्रियों को असुविधा न हो।

### मार्च से संचालन की थी योजना

रायपुर से धमतरी तक छोटी लाइन हटाकर ब्रॉडगेज लाइन बिछाने की योजना के तहत पहले रायपुर-नवा रायपुर और रायपुर-अभनपुर खंड पर ट्रेन सेवाएं शुरू की गईं। अब इस सेवा को कुरूद तक विस्तार देने की तैयारी थी। सीआरएस सर्वे के बाद मार्च से संचालन की योजना बनाई गई थी, लेकिन तकनीकी सुधारों के कारण इसमें लगभग दो महीने की देरी संभावित है।

# एनएच-53 पर लाभांडी-सरोना सर्विस रोड होगी 10 मीटर चौड़ी

■ नई नालियों का निर्माण भी होगा, ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी रायपुर में ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-53 पर लाभांडी से सरोना तक सर्विस रोड का चौड़ीकरण किया जाएगा। एनएचएआई ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दे दी है। लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत से 14.25 से 15 किलोमीटर लंबी सर्विस लेन को 10 मीटर चौड़ा किया जाएगा।

परियोजना के तहत सर्विस रोड के दोनों किनारों पर नई नालियों का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे जल निकासी की समस्या दूर होगी। खास बात यह है कि इस चौड़ीकरण के लिए किसी भी प्रकार के भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि सड़क के दोनों ओर एनएचएआई के पास पहले से पर्याप्त जमीन उपलब्ध है।

**बिजली खंभों की शिफ्टिंग के बाद शुरू होगा काम:** निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सर्विस लेन में लगे बिजली खंभों को हटाया और शिफ्ट किया जा रहा है। यह कार्य छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। खंभों की शिफ्टिंग पूरी होते ही एनएचएआई सिविल वर्क शुरू कर देगा।

**इन इलाकों को होगा सीधा फायदा:** इस सड़क चौड़ीकरण से लाभांडी, तेलीबांधा, पचपेड़ी नाका, संतोषी नगर, बस स्टैंड और सरोना जैसे हाईवे से सटे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में इस मार्ग पर 24 घंटे भारी वाहनों का दबाव रहता है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनती है।

सर्विस लेन की चौड़ाई दोगुनी होने से स्थानीय व्यापारियों को लोडिंग-अनलोडिंग और पार्किंग में सुविधा मिलेगी, वहीं रोजाना आने-जाने वाले हजारों वाहन चालकों का समय भी बचेगा।

### सर्विस रोड पर बेजा कब्जे की समस्या

एनएच-53 पर लाभांडी से सरोना तक सर्विस रोड पर अवैध पार्किंग और बेजा कब्जे की समस्या भी बनी हुई है। सड़क की हालत खराब होने के कारण इसका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। चौड़ीकरण और नाली निर्माण के बाद इस समस्या में भी सुधार की उम्मीद है। एनएचएआई छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार लाल ने बताया कि एनएच-53 पर लाभांडी से सरोना चौक तक सर्विस रोड चौड़ीकरण को मंजूरी मिल चुकी है और बिजली खंभों की शिफ्टिंग के बाद निर्माण कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

### अरहर, चना, मसूर और सरसों की फसल बेचने किसान करा सकते हैं पंजीयन

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम- आशा) योजना अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) में किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल एवं ई-समृद्धि पोर्टल पर किया जा रहा है। योजना अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन तथा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में चना, मसूर एवं सरसों फसल की बुवाई करने वाले कृषकों का पंजीयन का कार्य किया जा रहा है।

जिले में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के 15 उपार्जन केन्द्रों तथा एक एफपीओ स्वर्ण उपज महिला किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सुकुलदैहान को अधिसूचित किया गया है। जिनमें घुमका, पदुमतरा, सोमनी, छुरिया, डोंगरगांव, कुमरदा, गैंदाटोला, गहिराभेड़ी, तुमड़ीबोड, कोकपुर, खुर्सीपार, डोंगरगढ़ अछोली, मुसरा, मोहारा एवं लाल बहादुर नगर शामिल हैं। राज्य सरकार द्वारा नाफेड के माध्यम से दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी की जा रही है। जिसके लिए समर्थन मूल्य सोयाबीन 5328 रूपए प्रति क्विंटल, अरहर 8000 रूपए प्रति क्विंटल तथा चना 5875 रूपए प्रति क्विंटल, मसूर 7000 रूपए प्रति क्विंटल एवं सरसों 6200 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से संबंधित सेवा सहकारी समिति में आवेदन पत्र के साथ ऋण पुस्तिका, बी-1, पी-2, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा कर पंजीयन करा सकते हैं।

### बीएसपी प्रबंधन के विरोध में 22 मार्च को विधायक करेंगे पैदल मार्च

**भिलाईनगर/नवप्रदेश।** भिलाई इस्पात संयंत्र में हाउस लीज और रिटायर्ड कर्मियों के परमानेंट सेटलमेंट को लेकर भिलाई नहीं बिकने देंगे के संकल्प को लेकर लगातार आंदोलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को सेक्टर 2 स्थित शक्ति सदन में जन संवाद हुआ।

कार्यक्रम में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन दो माह बाद भी हाउस लीज और रिटेंशन स्कीम की दरों में वृद्धि से संबंधित आदेश को वापस नहीं लिया है। प्रबंधन द्वारा रिटेंशन के तहत आवंटित आवास को लटकाया जा रहा है। जबकि दिसंबर में प्रबंधन ने 15 दिनों के अंदर हाउस लीज एवं रिटेंशन स्कीम की बढ़ी हुई किराये की दर पर उचित निर्णय लेने की बात कही थी, परंतु अब तक प्रबंधन कोई निर्णय नहीं लिया है।

# मनरेगा रैली की रणनीति पर मंथन करेंगे प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, दिग्गज नेताओं के साथ होगी बैठक

पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी और जिला अध्यक्षों को सौंपे जाएंगे टॉस्क

**रायपुर/नवप्रदेश।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित कांग्रेस की राष्ट्रीय रैली को लेकर संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट 24 फरवरी के बाद राजधानी रायपुर पहुंचकर रैली की रणनीति पर मंथन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक पायलट राजीव भवन में पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की अहम बैठक लेंगे, जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ रैली की रूपरेखा और जिम्मेदारियों पर चर्चा होगी। इसके अलावा वे प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों के साथ अलग से बैठक कर उन्हें आवश्यक टॉस्क सौंपेंगे, ताकि रैली को सफल और व्यापक बनाया जा सके।

**कुरूद में करेंगे स्थल निरीक्षण:** बैठकों के बाद प्रभारी महासचिव धमतरी जिले के कुरूद विधानसभा क्षेत्र का दौरा भी करेंगे। यहां रैली और आमसभा के लिए चिन्हित दो से तीन संभावित स्थलों का निरीक्षण किया जाएगा। अंतिम स्थल चयन पर मुहर खुद पायलट लगाएंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आयोजन के लिए कुरूद को उपयुक्त माना है।

**बड़े नेताओं की मौजूदगी, 50 हजार की तैयारी:** पार्टी सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित राष्ट्रीय रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए आयोजन को भव्य स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है। रैली में प्रदेश भर से करीब 50 हजार लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। धमतरी से लगे सात-आठ जिलों की संगठनात्मक इकाइयों पर अधिक जिम्मेदारी होगी। पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में अंतिम लक्ष्य और रणनीति को लेकर निर्णय लिया जा सकता है।

**सड़क संरचना:** भारतमाला परियोजना से जुड़ेगा बिलासपुर, डीपीआर तैयार करने का काम शुरू

# आरंग-दर्री के बीच बनेगी नई 6 लेन सड़क

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य में सड़क अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए आरंग (रायपुर) से दर्री (बिलासपुर) के बीच 95 किलोमीटर लंबी नई 6 लेन सड़क बनाई जाएगी। यह सड़क भारतमाला परियोजना का हिस्सा होगी और बिलासपुर को सीधे राष्ट्रीय आर्थिक कॉरिडोर से जोड़ेगी। परियोजना को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल चुकी है और फिजिबिलिटी रिपोर्ट व डीपीआर तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कुछ माह पहले केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात कर इस प्रस्ताव पर चर्चा की थी। इसके बाद अधिकारियों को आरंग-दर्री के बीच 6 लेन सड़क के लिए डीपीआर शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए गए।

**रायपुर-बिलासपुर मार्ग होगा 8 लेन:** वर्तमान में रायपुर से सिमगा तक 6 लेन और सिमगा से बिलासपुर तक 4 लेन सड़क का निर्माण हो चुका है। अब रायपुर से सिमगा तक 6 लेन सड़क को 8 लेन तथा सिमगा से आगे बिलासपुर तक 4 लेन को 6 लेन में अपग्रेड करने का प्रस्ताव है। इस संबंध में एनएचएआई ने प्रस्ताव दिल्ली मुख्यालय भेज दिया है। डीपीआर स्वीकृत होने के बाद टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

### भारतमाला से सीधा कनेक्शन

प्रस्तावित 6 लेन ग्रीन फील्ड सड़क भारतमाला परियोजना के रायपुर-बिलासपुर-पत्थलगांव-कुनकुरी-धनबाद कॉरिडोर का हिस्सा होगी। इसके निर्माण के बाद बिलासपुर सीधे रायपुर-विशाखापट्नम इकॉनामिक कॉरिडोर और दुर्ग-रायपुर बायपास से जुड़ जाएगा। इससे औद्योगिक, कृषि और शैक्षिक क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी तथा भविष्य में बढ़ते यातायात दबाव के लिए वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध होगा। एनएचएआई छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार लाल ने बताया कि आरंग-दर्री 6 लेन सड़क के लिए कंसल्टेंसी नियुक्त कर दी गई है और डीपीआर तैयार किया जा रहा है। रायपुर-बिलासपुर मार्ग के उन्नयन का कार्य भी समानांतर रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है।

### पांच फ्लाईओवरों का प्रस्ताव

राजधानी रायपुर में ट्रैफिक जाम कम करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच चार ग्रेड सेपरेटर फ्लाईओवर-सरोना चौक, उद्योग भवन चौक, अग्रसेनधाम चौक और तेलीबांधा चौक बनाने की योजना है।

### संडे बाजार में अवैध कब्जाधारियों का सामान जब्त

**भिलाईनगर/नवप्रदेश।** नगर पालिक निगम भिलाई ने रविवार को शहर के व्यस्ततम क्षेत्र सुपेला चौक से संडे बाजार, गदा चौक तक अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी बेदखली कार्रवाई की। मुख्य मार्ग और फुटपाथ को बाधित करने वाले दुकानदारों और ठेला संचालकों का भारी मात्रा में सामानों को जब्त किया। इस बड़ी कारवाई को अंजाम देने के लिए राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग और तोड़फोड़ दस्ते की संयुक्त टीम गठित की गई थी। सुपेला थाने के पुलिस बल की मौजूदगी में सुबह से ही टीम ने गदा चौक क्षेत्र की घेराबंदी कर दी थी। संडे बाजार के कारण सुपेला चौक से गदा चौक तक सड़कों पर अत्यधिक दबाव रहता है। कई दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान फैला लेने के कारण राहगीरों और वाहनों को भारी परेशानी हो रही थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com